वर्ष 72 ▸ अंक 288 ▸ पृष्ठ 12+8=20
रीवा, बुधवार 16 जुलाई, 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा


विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com


अपने सपनों पर पूरा विश्वास करो, क्योंकि उनके भीतर ही अनंतता का द्वार छिपा हुआ है।
– खलील जिब्रान

# 20 दिन बाद अंतरिक्ष से लौटे शुभांशु

**कैलिफोर्निया, नई दिल्ली, जेएनएन।** 'हम घर लौट आए हैं'- इन शब्दों के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन की समाप्ति की घोषणा की। 20 दिन की अंतरिक्ष यात्रा और 18 दिन इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में बिताने के बाद, उनका स्पेसक्राफ्ट मंगलवार दोपहर 3.02 बजे प्रशांत महासागर में कैलिफोर्निया के तट के पास स्प्लैशडाउन हुआ। शुभांशु को स्पेस स्टेशन पर 634 नंबर का बैज दिया गया था, जो उनके मिशन की आधिकारिक पहचान थी। अंतरिक्ष यात्रियों की मेडिकल रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्पेस में लंबे समय रहने के बाद पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में शरीर ढालने में 7 से 10 दिन लगते हैं। उम्मीद है कि शुभांशु 17 अगस्त तक भारत लौटेंगे।

इस मिशन का भारत के लिए प्रतीकात्मक महत्व बड़ा है। इससे यह साबित हुआ कि भारत के वायुसेना अधिकारी भी अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे हैं और वैश्विक मिशनों में योगदान दे सकते हैं। शुभांशु की यात्रा गगनयान की राह में मजबूत कदम है।



**2.56 बजे:** सभी चारों पैराशूट खुले और स्पेसक्रॉफ्ट की रफ्तार धीमी हुई।



**3.04 बजे:** कैप्सूल को समुद्र से निकालकर डेक पर लाया गया।




**3.06 बजे:** अंतरिक्ष यात्रियों को पकड़कर बाहर निकाला गया। गुरुत्वाकर्षण में आने के बाद उन्हें चलने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए चार लोगों ने चलने में मदद की।



## शुभांशु बोले: ठान लें, तो तारे भी छू सकते हैं

मिशन के दौरान शुभांशु ने अपने शब्दों में कहा था- 'हम अगर ठान लें तो तारे भी छुए जा सकते हैं। विज्ञान, परिश्रम और टीमवर्क से कुछ भी असंभव नहीं।'

## इस तरह हुई यह लैंडिंग

**ब्लैकआउट पीडियड:** स्प्लैशडाउन से पहले का अंतिम चरण सबसे तनावपूर्ण होता है जिसे 'ब्लैकआउट पीरियड' कहा जाता है। यह वह समय होता है जब स्पेसक्राफ्ट का संपर्क टूट जाता है क्योंकि उसके हीट शील्ड अत्यधिक तापमान से गुजरते हैं। यह चरण 2.18 मिनट तक चला।

**350 मील से 15 मील प्रति घंटा की रफ्तार:** दो ड्रोग पैराशूट 2.55 मिनट पहले खुले, और फिर मुख्य चार पैराशूट 2.30 मिनट पहले खुले, जिससे स्पेसक्राफ्ट की गति 350 मील प्रति घंटा से घटकर मात्र 15 मील प्रति घंटा रह गई। इससे सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित हो सकी। इस लैंडिंग पर नासा, इसरो और स्पेस एक्स की पूरी नजर रही।

**पांच बोट्स रवाना:** जैसे ही कैप्सूल समुद्र में उतरा, पांच बोट्स तुरंत उसकी ओर रवाना हुईं। वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की टीम ने स्पेसक्राफ्ट को पानी से निकाला और हर यात्री की चिकित्सकीय जांच की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद शुभांशु सहित चारों अंतरिक्ष यात्रियों को कैप्सूल से बाहर निकाला गया।



**परिवार की आंखों में गर्व के आंसू:** लखनऊ में शुभांशु के माता-पिता ने टीवी स्क्रीन पर उनके वापसी के दृश्य देखे। यह पल भावुक और गर्व से भरा था। शुभांशु की मां ने कहा, 'वो बस सही-सलामत लौट आए, यही सबसे बड़ा उपहार है।'

## गौरव का क्षण



मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का उनकी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा से पृथ्वी पर वापसी के लिए स्वागत करता हूं। यह गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।
■ **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

# मुंबई में लॉन्च हुई टेस्ला की 'मॉडल वाई' कार

### कीमत 60 लाख, इसी महीने दौड़ेगी सड़कों पर



**मुंबई, जेएनएन।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला ने आज आधिकारिक रूप से भारत में प्रवेश कर लिया है। कंपनी ने अपना पहला मॉडल वाई भारतीय बाजार में 59.89 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया है। इसके साथ ही मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में टेस्ला का पहला शोरूम भी खोला गया, जिसका उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। इस मौके पर फडणवीस ने कहा, 'हम चाहते हैं कि टेस्ला भारत में रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग करे। मुझे भरोसा है कि टेस्ला सही समय पर इस पर विचार करेगी।'

हाल ही में टेस्ला ने मुंबई के लोढ़ा लॉजिस्टिक पार्क में 24,565 वर्गफुट वेयरहाउस भी लीज पर लिया है। भारत सरकार की नीति को लेकर पहले एलन मस्क की नाराजगी थी, लेकिन अब कंपनी भारत के बड़े बाजार में हिस्सेदारी लेने को तैयार दिख रही है।

मॉडल वाई में 60 केव्हीएच और 75 केव्हीएच बैटरी के दो विकल्प हैं। इसकी डब्ल्यूएलटीपी रेंज क्रमशः 500 किमी और 622 किमी बताई गई है।




### रियर-व्हील ड्राइव वेरिएंट


मॉडल वाई भारत में केवल रियर-व्हील ड्राइव (आरडब्ल्यूडी) वेरिएंट में उपलब्ध होगी। इसका लॉन्ग रेंज वर्जन 67.89 लाख रुपए में मिलेगा। फिलहाल यह कार केवल मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी 2025 की तीसरी तिमाही से शुरू होगी।

### अमेरिका, चीन, जर्मनी से महंगी

टेस्ला ने भारत में चीन में निर्मित कारें आयात करके संचालन शुरू किया है। यहां इसकी कीमतें अमेरिका (38.6 लाख रुपए), चीन (30.5 लाख रुपए) और जर्मनी (46 लाख रुपए) के मुकाबले काफी अधिक हैं, जिसका मुख्य कारण 70 फीसदी का उच्च आयात शुल्क और लॉजिस्टिक लागत है।

## सीएम यादव के ससुर ब्रह्मानंद यादव का यूपी में निधन

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ससुर ब्रह्मानंद यादव का मंगलवार शाम 6:30 बजे सुल्तानपुर यूपी में निधन हो गया। अंतिम संस्कार उनकी कर्मस्थली रीवा में किया जायेगा। स्व. श्री यादव 98.5 वर्ष की उम्र में स्वर्गारोहण किया। स्व. ब्रह्मानंद यादव रीवा में सिलपरा सहित कई स्कूलों में शासकीय शिक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। उनके तीन बेटे और एक बेटी है। बड़े बेटे रामानंद यादव का जबलपुर में आवास है वहीं रहते हैं। रामानंद एयर फोर्स से रिटायरमेंट हैं। वहीं मझले बेटे सदानंद रीवा के नेहरू नगर में रहते हैं। यहां उनका घर बना है। सदानंद सरस्वती स्कूल रीवा में सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत हैं। जबकि छोटा बेटा विवेकानंद यादव सुल्तानपुर में शरीरिक शिक्षक हैं। स्व. श्री यादव विवेकानंद के पास ही रहते थे। बेटी सीमा यादव का विवाह प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ हुआ है। स्व. यादव की अंतिम यात्रा में शामिल होने प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव भी सुबह रीवा आयेंगे। पार्थिव शरीर नेहरू नगर स्थित उनके आवास में दर्शनार्थ रखा जायेगा। पार्किंग व्यवस्था वहीं पड़ोस में एक बारातघर में की गई है। प्रशासनिक अमला तैयारी में जुटा है। श्री यादव के निधन पर लोगों ने शोक जताया है।



**रीवा में होगा अंतिम संस्कार, मुख्यमंत्री भी आयेंगे**

## मुंबई: एक्टर व निर्देशक धीरज कुमार का निधन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बॉलीवुड और टेलीविजन के जाने-माने एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर धीरज कुमार का 79 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे एक्यूट निमोनिया से पीड़ित थे। मंगलवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। परिवार के मुताबिक, निमोनिया के कारण उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हॉस्पिटल में उन्हें आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। उम्मीद थी कि वो ठीक होकर घर लौट आएंगे, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। हाल में धीरज ने नवी मुंबई के खारघर इलाके में स्थित इस्कॉन मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लिया था।



## यमन में नर्स निमिषा प्रिया की फांसी टली


**नई दिल्ली, जेएनए।** भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की यमन में 16 जुलाई को होने वाली फांसी फिलहाल टाल दी गई है। यह फैसला भारत सरकार, केरल के धार्मिक नेताओं और कई अन्य संगठनों की लगातार कूटनीतिक और मानवीय प्रयासों के बाद आया है। निमिषा को यमन में स्थानीय नागरिक की मौत के मामले में दोषी ठहराया गया था और वह मौत की सजा पाने वालों की सूची में थी। बीते कुछ हफ्तों में भारत सरकार ने पीड़ित परिवार से 'ब्लड मनी' के आधार पर समझौते की कोशिशें तेज कर दी थीं। यमनी प्रशासन ने भारत के आग्रह को स्वीकार करते हुए फांसी को कुछ समय के लिए टालने का निर्णय लिया है। भारत शुरू से इस मामले में कानूनी और राजनयिक मदद देता रहा है।



## सीएम पहुंचे स्पेन, 19 तक रहेंगे

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को तीन दिवसीय दुबई प्रवास के बाद स्पेन की यात्रा पर पहुंचे है। यहां सीएम बुधवार को मैड्रिड में आयोजित इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे।

डॉ. यादव 19 जुलाई तक स्पेन के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। स्पेन प्रवास के दौरान सीएम उद्योग, पर्यटन, खेल, संस्कृति तथा फिल्म निर्माण से जुड़े विषयों पर उच्चस्तरीय बैठकों में भाग लेंगे। इससे पहले सीएम से बुधवार को भारत के राजदूत दिनेश के. पटनायक शिष्टाचार भेंट करेंगे। इस दौरान राज्य के वरिष्ठ अधिकारी प्रेजेन्टेशन देंगे। स्पेन-इंडिया काउंसिल फाउंडेशन के अध्यक्ष जुआन इग्नासियो एंत्रेकानालेस भी फोरम को संबोधित करेंगे। नेचर बायोफूड्स के सीईओ रोहन ग्रोवर द्वारा अनुभव साझा किये जाएंगे। सीएम खेल सेक्टर में विख्यात स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाइन एवं कंसल्टिंग फर्म 'पॉपुलस' के प्रजेंटेशन में भाग लेंगे। और स्पेन फिल्म आयोग के अध्यक्ष मुलाकात करेंगे।




**एआई वॉर** | सुपरइंटेलिजेंस की होड़ में मार्क जुकरबर्ग ने लगाई आक्रामक बाजी

# एआई विशेषज्ञ को दिया 1600 करोड़ का पैकेज

**न्यूयॉर्क सिटी, जेएनएन।** दुनियाभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ अब महज टेक्नोलॉजी की नहीं, बल्कि टैलेंट की भी हो गई है। इस होड़ में अब तक का सबसे आक्रामक दांव लगाया है मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने। उन्होंने सुपरइंटेलिजेंस लैब के निर्माण के लिए दुनिया के दिग्गज एआई विशेषज्ञों को अभूतपूर्व सैलरी पैकेज देकर अपनी टीम में शामिल करना शुरू कर दिया है।

कुछ दिन पहले जुकरबर्ग ने ओपन एआई के ट्रैपिट बंसल को 800 करोड़ का पैकेज दिया था, अब दोगुना यानी 1,600 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड ऑफर एपल के एआई प्रमुख रूओमिंग पेंग को दिया है। इन पैकेजों में बेस सैलरी के साथ-साथ साइनिंग बोनस, विशाल स्टॉक ग्रांट और प्रदर्शन से जुड़े बोनस शामिल हैं। ये डील्स कॉर्पोरेट इतिहास में सबसे ऊंची एआई सैलरी पैकेजों में शामिल हैं। यह वैश्विक बैंकों के कई सीईओ के पैकेज से भी अधिक है।

मेटा के इस भारी भरकम पैकेज में केवल सैलरी नहीं होती, बल्कि बेस सैलरी, साइनिंग बोनस (पूर्व कंपनी के स्टॉक छोड़ने की भरपाई), स्टॉक ग्रांट (एआई सफलता और कंपनी प्रदर्शन से जुड़ी शर्तों पर) और लंबी वेस्टिंग अवधि शामिल होते हैं।




### सुपरइंटेलिजेंस पर फोकस

मेटा अब आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) से आगे बढ़कर सुपरइंटेलिजेंस की ओर देख रहा है। एक ऐसा एआई जो मानव मस्तिष्क से कहीं अधिक शक्तिशाली हो। जुकरबर्ग ने घोषणा की है कि मेटा की सर्वोच्च प्राथमिकता अब यही है, और वह सुपरइंटेलिजेंस लैब (एमएसएल) के लिए दुनियाभर के बेहतरीन दिमागों को इकट्ठा कर रहे हैं।

### मेटा की ड्रीम टीम में शामिल हैं कई एआई दिग्गज

एमएसएल में अब तक जो प्रमुख नाम शामिल हुए हैं, उनमें स्केल एआई के पूर्व सीईओ अलेक्जेंडर वांग जो अब मेटा के चीफ एआई ऑफिसर हैं, के अलावा गिटहब के पूर्व सीईओ नेट फ्रीडमैन, सेफ सुपरइटैलीजेंस के पूर्व प्रमुख डेनियल ग्रॉस, एपल फाउंडेशन मॉडल्स टीम के पूर्व प्रमुख रूओमिंग पेंग ओपन एआई के ओ-सीरीज मॉडल के प्रमुख ट्रैपिट बंसल शामिल हैं। इसके अलावा शुचाओ बी, जिया हुई यू, हूईवेन चांग, जैक रे, पाई सन, जोएल पोबार सहित कई दिग्गज वैज्ञानिक और इंजीनियर इस टीम में शामिल हैं।

### क्यों है अहम

सुपरइंटेलिजेंस को एआई का अंतिम चरण माना जाता है। एक ऐसा सिस्टम जो न केवल इंसानों के बराबर सोचे, बल्कि उनसे कहीं तेज, सटीक और रचनात्मक हो।




# जंगल विभाग द्वारा यदि हरिजन आदिवासियों के घरौंदे गिराए गए तो कांग्रेस आर पार की लड़ाई लड़ेगी : कल्पना वर्मा





## कलेक्टर एवं वन मण्डल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, दी चेतावनी

**जागरण, सतना।** रैगांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक कल्पना वर्मा के नेतृत्व में तेन्दुनी मोटबा, खुटकहा सहित अन्य ग्रामो के हरिजन आदिवासियों का एक सौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर एवं डीएफओ से मुलाकात कर हरिजन आदिवासियों के घरो को जंगल विभाग द्वारा उजाड़े जाने की योजना बनाएं जाने पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए कहां है कि यदि घर एवं जमीन को उजाड़ने की कोशिश की गई तो कांग्रेस हरिजन आदिवासियों के पक्ष में आर पार की लड़ाई लड़ेगी। पूर्व विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा की तेदुनीमोटबा खुटकहा सहित अन्य ग्रामो के हरिजन आदिवासी अपने निजी घर अपनी निजी आराजी मे बनाकर रह रहे हैं जिसकी उन्हें ऋण पुस्तिका प्राप्त है उसी जमीन को जंगल विभाग अपनी आराजी बता कर हरिजन आदिवासियों के घर एवं जमीन को उजाडना चाहता है ।श्रीमती वर्मा ने कहा है कि हरिजन आदिवासियों की जमीनों के अधिकार पत्र ऋृण पुस्तिका एवं खसरा उनके नाम पर है उसी जमीन पर आदिवासियों को सरकारी आवास बिजली की सुविधा कपिलधारा आंगनवाड़ी मेड बंधान राशन कार्ड सहित अन्य सुविधाएं भी मिल रही हैं उसके बाद भी जंगल विभाग हरिजन आदिवासियों की जमीन को अपनी जमीन बता रहा है श्रीमती वर्मा ने कहा है कि यदि उनके जमीन एवं घरों में छेड़खानी की गई तो लड़ाई आर पार की होगी एवं कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी प्रतिनिधिमंडल में बहोरी लाल वर्मा सियालाल वर्मा छोटेलाल गोड बच्चू लाल वर्मा अच्छे लाल वर्मा छोटे लाल यादव मिजाजी चौधरी राम विश्वास वर्मा भगवान दीन गोड काशी गोड राजमन पाल बंशीधर बंसल परमेश्वर दिन राम सुरेश कुशवाहा देवेंद्र वर्मा शंभू वर्मा मनोज वर्मा राम सिया वर्मा दयाराम वर्मा सुखलाल वर्मा खर्ची लाल दुआ बर्मा अनिल वर्मा अनहोती चौधरी बंधा वर्मा सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे ।

# शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचना व जनता के बीच सरलता से पुलिस की उपलब्धता ही प्राथमिकता : प्रेमलाल कुर्वे



**सतना।** झाबुआ से तबादले पर सतना पहुचे एएसपी प्रेमलाल कुर्वे ने मंगलवार को दैनिक जागरण से चर्चा करते हुए अपनी प्राथमिकताएं साझा की । 2006 बैच के पुलिस अधिकारी श्री कुर्वे ने कहा कि शासन द्वारा संचालित की जारही योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुचाना उनकी पहली प्राथमिकता है । श्री कुर्वे ने बेवाकी से कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दिये जाने वाले दिशा निर्देशों का पालन कर उस पर कार्य करना बड़ी प्राथमिकता में शामिल है । उन्होंने चर्चा के दौरान सामाजिक पुलिसिंग पर जोर दिया और कहा कि समाज के लोगो को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए जिससे अपराध को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है । एएसपी श्री कुर्वे ने कहा कि यदि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का हर ब्यक्ति उपयोग करे तो बड़ी तादाद में दुर्घटनाएं हो रही है उन पर कमी लाई जा सकती है ।

**प्रोबेशन पीरियड में 3 माह तक रहे नागौद थाना प्रभारी : 2006 बैच के पुलिस अधिकारी सतना एएसपी बने :** प्रेमलाल कुर्वे ने बताया कि वे सन 2007 में प्रोवेशन पीरियड के दौरान 3 माह तक नागौद थाना प्रभारी रहे । इसके बाद श्री कुर्वे ब्यौहारी एसडीओपी देवसर एसडीओपी मंडला रहे । इसके बाद श्योपुर कला झाबुआ एएसपी रहे । जबकि इसके पूर्व 2 बार एसपी आ जा के भी रह चुके है । ज्ञात हो कि एएसपी श्री कुर्वे के अधीन जिले के ग्रामीण क्षेत्रो के 14 थाना है । 18 साल के उनके इस लंबे कार्य अनुभव का लाभ आम जनता को मिलेगा ।

# नियोक्ताओं व कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने योजना स्प्री को मंजूरी

**जाग्ररण, रीवा।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने नियेक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना स्प्री को मंजूरी दी है। उक्त योजना का उद्देश्य पिछली देनदारियों के डर को खत्म करना और पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाकर स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करना है। पहले पंजीकरण न कराने पर कानूनी कार्रवाई और बकाया योगदान की मांग की जा सकती थी। किन्तु स्प्री 2025 इन बाधाओं को दूर करके वंचित प्रतिष्ठानों और श्रमिकों को ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने का प्रयास करता है।

## पंजीकरण तिथि से चिकित्सा सुविधाएं होंगी प्राप्त

स्प्री कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की एक विशेष पहल है, जो 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक एक मुश्त अवसर प्रदान करती है, जिसके तहत नियेक्ता बिना किसी पूर्व बकाया मांग के अपने प्रतिष्ठान और पात्र कर्मचारियों का पंजीकरण कर सकते हैं। ऐसे नियोक्ता जिनके प्रतिष्ठानों (कारखानों, दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट, सिनेमा हॉल, रोड मोटर ट्रांसपोर्ट, समाचार-पत्र, निजी चिकित्सा व शैक्षणिक संस्थानों और नगर निगमों के ठेका/अनियमित कर्मचारियों) में 10 या अधिक कर्मचारी हैं और जो अभी तक ईएसआई अधिनियम के तहत पंजीकृत नहीं हुए हैं। इस संबंध में संयुक्त निदेशक प्रभारी उप क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल निश्चल कुमार नाग ने इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया है। पंजीकरण की तिथि से कर्मचारियों और उनके परिवारों को चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी। पात्रतानुसार बीमारी, मातृत्व, चोट या मृत्यु के मामलों में नकद लाभ उपलब्ध होंगे तथा ईएसआई अधिनियम 1948 के तहत दीर्घकालिक सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। श्री नाग ने बताया कि यह योजना मप्र में भी सफलतापूर्वक लागू करने के लिए नियोक्ताओं व श्रमिक संगठन इस योजना के अंतर्गत, नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल और एमसीए पोर्टल के माध्यम डिजिटल रूप में अपने यूनिट और कर्मचारियों का पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण उस दिनांक से मान्य होगा जो नियोक्ता द्वारा घोषित की जाएगी। पंजीकरण से पहले की अवधि के लिए कोई योगदान या लाभ लागू नहीं होगा। पूर्व पंजीकरण अवधि के लिए कोई निरीक्षण या रिकॉर्ड की मांग नहीं की जाएगी। योजना की शुरुआत एक समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह न केवल नियोक्ताओं को अपने कार्यबल को नियमित करने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि अधिक कर्मचारियों, विशेष रूप से ठेका क्षेत्र में कार्यरत लोगों को ईएसआईसी अधिनियम के तहत आवश्यक स्वास्थ्य और सामाजिक लाभों तक पहुंच सुनिश्चित करता है। यह योजना सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ावा देती है। अस्थायी व ठेका कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करती है तथा व्यवसाय करने में आसानी को समर्थन देती है।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में दिखी भक्तो की भीड़



**जागरण, उचेहरा।** सावन के पहले सोमवार को सुबह से ही शिवालयों में लेकर देवालयो तक में काफी भीड़ देखी गई । नगर के प्राचीन गौरी शंकर मन्दिरए पशुपतिनाथ नाथ मंदिर सहित धनिया के भूतेश्वर महादेव एरगला के सिध्य शिवालय, गौवरांवकला की सिद्ध पहाड़िया में सिद्धनाथ धाम में भी भीड़ दिखी। प्राचीन गौरी शंकर मन्दिर को भक्तों द्वारा विशेष सजावट की गई थी भोलेनाथ का भी विशेष श्रृंगार किया गया घरों सहित सहित शिवालयो में बिशेष अनुष्ठान किया गया ए पोंडी धाम के शिव सम्पत जी शास्त्री जी ने कई जगह पूरे वैदिक रीति रिवाज से भूत भावन भोलेनाथ की विशेष पूजा ए अनुष्ठान एरुद्राभिषेक कराया। नगर के प्राचीन संकटमोचन मन्दिर में 14 को नगर में शोभायात्रा के साथ 9 दिवसीय शिव अनुष्ठान प्रारंभ हो गया ज्ञात हो कि आचार्य मधुराम महाराज द्वारा श्रावण मास के पावन पर्व पर संकट मोचन हनुमान मंदिर में नव दिवसीय शिव श्महापुराण की कथा नगरवासी एवं भक्तजनो के सहयोग से 14 जुलाई से 23 जुलाई तक कथा सुनाई जायेगी जिसमे पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शायम को पावन शिव कथा होगी एशिव भक्तों ने नगर वाशियो से कथा श्रवण करने की अपील की है।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 42 आवेदन



**सतना।** मंगलवार को नगर निगम में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान 42 आवेदन प्राप्त हुये है। जिसमें सर्वाधिक आवेदन प्रधानमूंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आये है। उक्त जनसुनवाई 11 बजे दिन से दोपहर 1 बजे तक चली। इस दौरान निगमायुक्त शेर सिंह मीना आईएएस, कार्यपालन यंत्री आरपी सिंह ने सुनवाई में आये शहरवासियों की समस्याओ का निराकरण किया। सफाई व्यवस्था से संबंधित 2 , स्थापना 2, विद्युत शाखा 1 , योजना शाखा 3 , निर्माण शाखा 7 , पेयजल को लेकर 6 , सम्पत्तिकर 3 , फायर को लेकर 2 , अतिक्रमण शाखा 2 और पीएम आवास के 14 आवेदन प्राप्त हुये है। आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

# खान सुरक्षा सप्ताह समारोह में केजेएस सीमेंट को आठ पुरस्कार



**जागरण, सतना।** 36वें धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह 2024 का पुरस्कार वितरण समारोह खान सुरक्षा निदेशालय जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में संपन्न हुआए जिसमें केजेएस सीमेन्ट की खदानों को विभिन्न कैटेगरी में कुल आठ पुरस्कार प्राप्त हुए। समारोह की शुरुआत सुरक्षा शपथ दिलाए जाने से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि नीरज कुमार उप महानिदेशक खान सुरक्षा उत्तरी क्षेत्र गाजियाबाद तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न माइनिंग कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। इसके पश्चात शेख गुलाब उप निदेशक खान सुरक्षाद्ध जबलपुर ने इस कार्यक्रम की पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि इस वर्ष कुल 81 खदानों ने 36वें खान सुरक्षा सप्ताह में भाग लिया जो कि पांच श्रेणियों हाइली मैकेनाइज्ड मैकेनाइज्ड सेमी मैकेनाइज्ड मार्बल एवं मैनुअल खदानों में विभक्त थीं। मुख्य अतिथि नीरज कुमार ने इस अवसर पर उपस्थित खदान अधिकारियोंए मैनेजर्सए इंजीनियर एवं श्रमिक बंधुओं से आग्रह किया कि सुरक्षा में नई तकनीक का भी समायोजन किया जाए तथा सरकार द्वारा बनाए सभी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। इस अवसर पर गाजियाबाद से पधारे विजय कुमार खान सुरक्षा निदेशक यांत्रिक और बी बेहरा खान सुरक्षा निदेशक विद्युत ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। स्कूली छात्राओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति भी सराहनीय रही। अंत में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में केजेएस सीमेन्ट की बठिया एवं भदनपुर खदानों ने विभिन्न कैटेगरी में कुल आठ पुरस्कार प्राप्त किए जिसमें ओवरऑल कैटेगरी में तृतीय पुरस्कार भी शामिल है। इसके अलावा क्विज कंपटीशन में प्रथम तथा ट्रेड टेस्ट में पांच अन्य पुरस्कार भी प्राप्त हुए। केजेएस सीमेन्ट की ओर से माइंस हेड वीएस राठौड़ एके वर्मा तथा अतीन्द्र भट्टाचार्य ने पुरस्कार प्राप्त किए।

# हाई रिस्क डिलेवरी भी हुई नॉर्मल



**जागरण रामपुर बघेलान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर बाघेलान के महिला चिकित्सकों की सूझबूझ से हाई रिस्क डिलेवरी भी बड़ी सरलता के साथ कराई गई। रामपुर बघेलान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं बढ़ाने के लिए विधायक विक्रम सिंह बड़ी ही तनमयता के साथ जुटे हुए हैं जिसके लिए उन्होंने चिकित्सकीय स्टाफ में फेर बदल करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कमान ब्लॉक मेडिकल ऑफीसर राघवेंद्र सिंह गुर्जर के हाथों सौंपी जिन्होंने डॉक्टर टीम को चिकित्सा के लिए आवश्यक उपकरण बड़ी ही सहजता के साथ उपलब्ध कराएऔर हर छोटी बड़ी समस्या को आपस में डिस्कस करते हुए बड़ी ही आसानी के साथ निपटाया जिसका उदाहरण आज रामपुर बघेलान में हाई रिस्क डिलेवरी को डॉ रूपा विस्वास एवम नर्सिंग स्टाफप्रभारी रंजन पांडेय ने अपने नर्सिंग स्टाफकी मदद से बड़ी ही सहजता के साथ प्रसव कराया और सीजर से होने वाले प्रसव को भी नार्मल कराते प्रसूता को बड़ी समस्या से राहत दिलाई।

### इनका कहना है

*मुझे अपनी पत्नी के प्रसव के लिए हाई रिस्क डिलेवरी बताई गई थी और सीजर से डिलेवरी कराने की सलाह दी गई थी मगर मैं रामपुर बाघेलान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां पर डॉक्टरों की सूझबूझ से मेरी पत्नी को नॉर्मल प्रसव कराया गया जिससे स्वास्थ्य का भी नुकसान नहीं हुआ और धन का भी नुकसान नहीं हुआ ऐसी डॉक्टर रूपा विस्वास और रंजना पांडेय के साथ रामपुर अस्पताल को मैं धन्यवाद देता हूं जहां पर ऐसी सुविधाएं बनाई गई हैं।*

**विकास गुप्ता**

# अमर ज्योति की प्रेरणा से पति-पत्नी ने लिया देहदान का संकल्प



**सतना।** पंजाबी महिला मंडल के सहयोग से प्रेरित होकर कृष्ण नगर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी संदीप सिंह अरोरा सपत्नी श्रीमती सपना अरोरा के साथ मेडिकल कॉलेज के अध्ययनरत छात्रों के लिए मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर समाज के सामने मानवता की एक मिसाल कायम की है इस अवसर पर समाजसेविका श्रीमती नीता खन्ना एवं श्रीमती आरती सचदेवा ने नेत्रदान का संकल्प लिया।संयोजक मनोहर डिगवानी ने कहा देह का दान मानवता की सेवा के लिए श्रेष्ठदान है। विनोद गेलानी ने कहा अमर ज्योति ने नेत्रदान के साथ.साथ देहदान की अलख ज्योति जगाने का बीड़ा उठाया है अमर ज्योति की प्रेरणा से अभी तक 50 लोगों ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया है यह 52 वा संकल्प है।

# अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में एकेएस के डॉ उमेश कुमार सोनी ने दिया विशेषज्ञ व्याख्यान



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉण्उमेश कुमार सोनी ने बीएलडीसी मोटर में सोलर.पीवी और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के साथ नियंत्रण तकनीकों की डिज़ाइन एवं कार्यान्वयन विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। यह व्याख्यान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ बिज़नेस,एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी ढाका,बांग्लादेश में 5 जुलाई को आयोजित किया गया। डॉ सोनी को इस विशेषज्ञ सत्र के लिए 29 जून 2025 को आईयूबीएटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आमंत्रित किया गया था। डॉ सोनी ने अपने व्याख्यान में बीएलडीसी मोटर की ऊर्जा दक्षता एवं नियंत्रण प्रणालियों के साथ ही सौर ऊर्जा एवं बैटरी स्टोरेज के एकीकृत अनुप्रयोगों एवं मैटलैबएसिम्यूलिंक पर उनकी मॉडलिंग एवं सिम्युलेशन पर गहन जानकारी साझा की। कार्यक्रम को जूम ऑनलाइन लिंक के माध्यम से वैश्विक कनेक्टिविटी प्रदान की गयी

# अवैध नशीली कफ सिरफ की बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**सतना।** देहात भ्रमण के देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्रप्त हुई कि ग्राम कंचनपुर मे माया साकेत के चाय नाश्ता के दुकान मे माया साकेत द्वारा अपने कर्मचारी से अबैध आनरेक्स कफसिरप की बिक्री करवाई जा रही है जिसकी सूचना की तस्दीक की गई । पुलिस टीम के द्वारा आरोपी कार्तीकेय उर्फ लकी तोमर पिता दिनेश उर्फ कैदी कचेर उम्र 23 वर्ष निवासी अमरपाटन के कब्जे से 21 शीशी अबैध आनरेक्स कफसीरप कीमती 4095 रू , 5 खाली शीशी , एक मोबाईल फोन एवं बिक्री की रकम 23 सौ रू जप्त किया गया है दोनो आरोपियो के विरूद्ध धारा 8,21,22 एन डी पी एस एक्ट एवं 5/13 ड्रग्स कन्ट्रोल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी कार्तीकेय उर्फ लकी तोमर पिता दिनेश उर्फ कैदी कचेर उम्र 23 वर्ष निवासी अमरपाटन को गिरफ्तार किया गया। निरीक्षक के एन बंजारे थाना प्रभारी थाना देहात ,उनि बंदना गर्ग ,उनि एन पी पाण्डेय, सउनि बीएल रावत, सउनि आर एस वर्मा , सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही ।

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

**NOTICE INVITING TENDER No. 356/MTN/2025**

**No./8373/22/D-12/NIT-Maint./2025** **Bhopal, Dated : 15.07.2025**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Table-1: Name of Work –** REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 10 YEAR)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 1 | 9469451.00 |
| 2 | Balaghat | 2 | 16963518.00 |
| 3 | Chhatarpur | 2 | 30629464.00 |
| 4 | Chhindwara | 1 | 5076065.00 |
| 5 | Damoh | 4 | 41992584.00 |
| 6 | Datia | 1 | 13958697.00 |
| 7 | Dewas | 1 | 10600336.00 |
| 8 | Dindori | 1 | 17373010.00 |
| 9 | Guna | 2 | 28643085.00 |
| 10 | Indore | 1 | 5093485.00 |
| 11 | Khandwa | 1 | 9959278.00 |
| 12 | Mandsaur | 1 | 14113758.00 |
| 13 | Morena | 1 | 15862921.00 |
| 14 | Narmadapuram | 5 | 40004156.00 |
| 15 | Narsinghpur | 2 | 14631636.00 |
| 16 | Panna | 1 | 8441430.00 |
| 17 | Raisen | 2 | 17227549.00 |
| 18 | Rajgarh | 2 | 22163224.00 |
| 19 | Ratlam | 2 | 37566412.00 |
| 20 | Rewa | 4 | 18006183.00 |
| 21 | Sagar | 3 | 15961112.00 |
| 22 | Satna | 1 | 4916657.00 |
| 23 | Sehore | 2 | 16361892.00 |
| 24 | Shivpuri | 2 | 12703345.00 |
| 25 | Sidhi | 2 | 13731018.00 |
| 26 | Ujjain | 3 | 26135865.00 |
| 27 | Umaria | 2 | 28558610.00 |
| 28 | Vidisha | 1 | 12459016.00 |

- **Table-2: Name of Work –** REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 15 YEAR)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Balaghat | 1 | 3903808.00 |
| 2 | Betul | 1 | 12395484.00 |
| 3 | Bhopal | 1 | 8804403.00 |
| 4 | Chhatarpur | 2 | 37880805.00 |
| 5 | Harda | 1 | 15123462.00 |
| 6 | Narmadapuram | 1 | 10039389.00 |
| 7 | Jhabua | 2 | 53519702.00 |
| 8 | Khandwa | 2 | 30917487.00 |
| 9 | Mandsaur | 7 | 162163759.00 |
| 10 | Narsinghpur | 1 | 4060103.00 |
| 11 | Panna | 1 | 22421951.00 |
| 12 | Rajgarh | 1 | 24794285.00 |
| 13 | Sagar | 6 | 54654201.00 |
| 14 | Sehore | 1 | 12284838.00 |
| 15 | Singrauli | 1 | 2177372.00 |
| 16 | Tikamgarh | 1 | 16433130.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **18.07.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **08.08.2025 (17:00 hrs.)**.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (Tender)**

M.P. Madhyam/121096/2025

''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
विपणन संघ
**मुख्यालय : जहांगीराबाद, भोपाल**

**क्र./यां.शा./440/2025** **भोपाल, दिनांक : 15.07.2025**

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत चयनित 10 स्थलों पर Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination centers निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं **दिनांक 06.08.2025 को शाम 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होंगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होंगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2114 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Company Garden Distt. - Betul | 73,77,900.00 |
| 2 | 2115 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Village-Kulua Khaas, Khasra No.-127, Teh.-Niwari, Distt.-Niwari | 73,77,900.00 |
| 3 | 2116 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Progeny Orchard, Distt.-Seoni | 73,77,900.00 |
| 4 | 2117 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Village-Dabroha, Block-Karkeli Distt.-Umaria | 73,77,900.00 |
| 5 | 2118 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Village-Avgaonkala, Block Harda, Distt.-Harda | 73,77,900.00 |
| 6 | 2119 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Narsinghpur Distt.-Narsinghpur | 73,77,900.00 |
| 7 | 2120 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Sheopur Distt.-Sheopur | 73,77,900.00 |
| 8 | 2121 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Khasra No., Najulsheet No. 306 Plot No. 306/1, 307.\, 302 & 305 Distt.-Balaghat | 73,77,900.00 |
| 9 | 2122 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Bhind Distt.-Bhind | 73,77,900.00 |
| 10 | 2123 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Jaithari Distt.-Anuppur | 73,77,900.00 |

**नोट:-**
01. आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।
02. फण्ड प्राप्त होने की दशा में निविदा स्वीकृत की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/121107/2025 **मुख्य अभियन्ता (सि.)**

# छात्रावासों में नए सत्र में भी व्यवस्थाओं की कमी



**जागरण छात्रावास**

## छात्रावासों एवं आश्रमों का नहीं होता औचक निरीक्षण

### ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित छात्रावासों में नहीं मिलती सुविधाएं






जागरण, सीधी

जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग के संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों में रहने वाले बच्चों को शासन की ओर से निर्धारित सुविधाएं मुहैया नहीं हो रही हैं। पिछले वर्ष से ही इस तरह की शिकायतें सबसे ज्यादा बनी हुई हैं। तत्संबंध में चर्चा के दौरान छात्रावास एवं आश्रमों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि व्यवस्थाओं के लिए बजट अवश्य मिलता है। उस बजट को खर्च करने की जिम्मेदारी अधीक्षकों के ऊपर रहती है। अधीक्षक छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले बच्चों के लिए सुबह से लेकर रात तक की कार्ययोजनाओं एवं मीनू का निर्धारण करते हैं। सुबह बच्चों को चाय एवं नास्ता मिलना चाहिए। शहरी क्षेत्र में तो खानापूर्ति कर दी जाती है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को सीधे भोजन दिया जाता है। बीच-बीच में अवकाश या अन्य दिनों में नास्ता की औपचारिकताएं ग्रामीण क्षेत्रों में भी निभाई जाती हैं। यह दीगर बात है कि नियमित तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में नास्ता नहीं दिया जाता। इसके अलावा छात्रावासों एवं आश्रमों में बच्चों के लिए जो भोजन बनता है उसमें गुणवत्ता को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जाता है। बच्चों को दाल-चावल एवं सब्जी के नाम पर पीला पानी परोसा जाता है। जिसको लेकर हमेंशा शिकायतें बनी रहती हैं। छात्रावास एवं आश्रमों में पदस्थ अधीक्षक अंगद की तरह पांव जमाए हुए हैं। इनका स्थानांतरण न होने के कारण मनमानी और भी चरम पर बनी हुई है। बच्चों को नास्ता एवं भोजन के नाम पर मिलने वाला आधा बजट इनके द्वारा डकार लिया जाता है। इसके अलावा विभाग की ओर से अन्य कार्यों के लिए मिलने वाला बजट भी छात्रावास एवं आश्रमों में खर्च करने की बजाय फर्जी बिल बाउचर लगाकर हजम कर लिया जाता है। सीधी जिले के आदिवासी क्षेत्रों में छात्रावास एवं आश्रम संचालित हो रहे हैं। यहां के रहवासी बच्चों को सुविधाओं के लिए हमेंशा मोहताज रहना पड़ता है। गरीब परिवारों के बच्चों का दाखिला यहां होने के कारण वह चाह कर भी कोई विरोध नहीं कर पाते हैं। उनके घर वाले भी इसी वजह से चुप रहने में ही भलाई समझते हैं। सीधी जिले में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास संचालित हो रहे हैं। जिला मुख्यालय में ही संचालित आदिवासी छात्रावासों की हालत सही नहीं है। यहां संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों की जिम्मेदारी संभालने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पूरी तरह से स्वेच्छाचारी हैं। उसका खास कारण यह भी है कि विभाग के बड़े अधिकारी कोई आकस्मिक निरीक्षण नहीं करते हैं। जिसके चलते छात्रावास एवं आश्रमों में बच्चों को साबुन तेल जैसी छोटी सुविधाएं भी मनमानी तौर पर मिलती हैं। कई बच्चे तो अपने घरों से साबुन, तेल की व्यवस्था बनाकर रखते हैं। छात्रावास एवं आश्रम की ओर से यह सुविधाएं मिलेंगी या नहीं निश्चित नहीं रहता।

### बच्चों के उपयोग के कपड़ों की रहती है कमी

छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले बच्चों को कपड़े व बिस्तर उपलब्ध करानें की जिम्मेदारी अधीक्षकों की रहती है। हालात यह है कि इसके लिए बजट हर वर्ष मिलता है। फिर भी अधीक्षक एवं अधीक्षिकाएं फर्जी बिल बाउचर लगाकर बजट हजम कर लेते हैं। बच्चों के अभिभावक ठंड के दिनों में गर्म कपड़ों की व्यवस्था बनाते हैं। छात्रावास एवं आश्रमों में जो बिस्तर मौजूद है वह काफी पुराने नजर आते हैं। मालूम पड़ा है कि बिस्तरों को तब तक नहीं बदला जाता जब तक कि उनके पूरी तरह से परखच्चे नहीं उड़ जाते। शहरी क्षेत्र में छात्रावास एवं आश्रमों के बिस्तरों की स्थिति भले ही कुछ बेहतर है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है। नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है। छात्रावास एवं आश्रमों में प्रवेश का काम भी चल रहा है। फिर भी अधीक्षकों द्वारा छात्रावास एवं आश्रमों की स्थिति को बेहतर बनाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। सबकुछ पिछले वर्ष की तर्ज पर ही संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। कई अधीक्षक एवं अधीक्षिकाएं ऐसी हैं जो कि स्वयं रात में वहां नहीं रुकते। जिला मुख्यालय में संचालित अधिकांश छात्रावासों के अधीक्षक रात में अपना निजी आवास में चले जाते हैं। दिन में भी उनकी उपस्थिति मनमौजी तौर पर बनी रहती है। इसी वजह से रात में कई छात्रावासों में छात्र एवं छात्राओं को कुछ परेशानियां भी उठानी पड़ती हैं। फिर भी इस मामले में अधीक्षक स्वेच्छाचारी बने हुए हैं।

# सीधी में बारिश का रेड अलर्ट, अगले 48 घंटों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी



## जिले में 7 दिन में 35.43 इंच वर्षा दर्ज

जागरण, सीधी

जिले में आज सुबह से बारिश का सक्रिय सिस्टम बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार सीधी जिले में अगले 48 घंटों में मूसलाधार बारिश हो सकती है। 15 जुलाई से 17 जुलाई के बीच अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। साथ ही बिजली गिरने, जल भराव और निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने यलओ से रेड अलर्ट जारी किया है। तेज बारिश के चलते सीधी जिले में मझरेटी, खड्डी खुर्द, बड़गड़ी समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। लिहाजा स्कूली बच्चों और मरीजों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने स्थिति से निपटने के लिए एसडीएम और तहसीलदारों को निगरानी के निर्देश दिए हैं। एसडीआरएफ की टीमें तैयार हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमें बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तैनात की गई हैं। आज सुबह 4 बजे से दोपहर 11 बजे के बीच सीधी जिले के कई इलाकों में 2.36 इंच से अधिक बारिश रिकार्ड की गई। बारिश पर नजर डाली जाए तो रामपुर नैकिन अभी तक 6.01 इंच, कुसमी 5.53 इंच, सीधी 5.28 इंच, मझौली 5.07 इंच, सिहावल 4.94 इंच, चुरहट 4.62 इंच एवं बहरी में 4.32 इंच बारिश हो चुकी है। आसमान में उमड़ रहे घने बादलों के चलते बारिश की संभावना बनी हुई है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## गौसेवकों के भरोसे चल रहा बेजुबानों का सहारा: विवेक





**जागरण, सीधी।** नगर के कांजी हाउस की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यहां रखे गए एक्सीडेंटल और असहाय गौवंशों की हालत बेहद दयनीय है। साफ-सफाई के अभाव में पूरा परिसर दलदल में तब्दील हो गया है। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने निरीक्षण के दौरान इस जर्जर हालत पर नाराजगी जताई और नगर पालिका की घोर लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। पाण्डेय ने बताया कि कांजी हाउस अब नर्क का केंद्र बनता जा रहा है, जहां बिना किसी सरकारी मदद के केवल समाजसेवी और गौसेवक ही इन निरीह प्राणियों की सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने विशेष रूप से केशव मिश्रा और उनकी टीम का जिक्र किया, जो पूरी निष्ठा से निरंतर सेवा में लगे हुए हैं। गौसेवक केशव मिश्रा ने बताया कि नगर पालिका कभी महीनों तक सफाई के लिए नहीं आती। मजबूरन खुद और उनकी टीम को ही साफ-सफाई का जिम्मा उठाना पड़ता है। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। पशु शेड की अनुपलब्धता के कारण घायल और असहाय गौवंश भीगते हुए तड़पते रहते हैं। उन्होंने बताया कि एक छोटा सा शेड उन्होंने अपने निजी खर्चे से बनवाया है, लेकिन अब संसाधनों की कमी से वे भी असहाय महसूस कर रहे हैं। इस संबंध में केशव मिश्रा द्वारा हर जनप्रतिनिधि विभागीय अधिकारी से बात रखी लेकिन कोई बेवस्था नही दी गई। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए विवेक पाण्डेय ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल प्रभाव से कांजी हाउस की सफाई, उचित देखरेख और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं आगामी दिन में मांग रखी जाएगी वा आंदोलन का रुख अपनाना पड़े तो करेगें।

## नशा मुक्त समाज हेतु सभी का सहयोग आवश्यक: रामकुमार



**जागरण, रामपुर नैकिन।** कल मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रामपुर नैकिन में नशे से दूरी है जरूरी संदेश के साथ नशामुक्ति जनजागरूकता पद यात्रा रैली निकाली गई। इस मौके पर नगर परिषद रामपुर नैकिन के अध्यक्ष राम कुमार साहू ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सभी का सहयोग एवं संकल्प अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ये नशा अभियान महत्वपूर्ण दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर नगर परिषद रामपुर नैकिन की उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता गुप्ता, उपनिरीक्षक थाना रामपुर नैकिन देवराज सिंह परिहार, प्राचार्य केडी तिवारी, केके श्रीवास्तव भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनीष गौतम, एएसआई संदीप वर्मा, पत्रकार आशुतोष सिंह, आरक्षक विवेक सिंह चंदेल, पुलिस बल एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## जिले में औसत वर्षा 588.1 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक सिहावल में

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 15 जुलाई को सीधी जिले में 24.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 17.5 मि.मी., चुरहट में 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 70.4 मि.मी., सिहावल में 7.0 मि.मी., बहरी में 5.0 मि.मी., मझौली में 43.0 मि.मी. और कुसमी में 20.3 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 588.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 15 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 698.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 471.5, चुरहट में 500.0, गोपद बनास में 567.2, बहरी में 637.5 मझौली में 685.0 मि.मी. और कुसमी में 557.3 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 202.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 385.2 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।






# चूल्ही से बढौरा शिव मंदिर पहुंच मार्ग के उड़े परखच्चे

## पीडब्ल्यूडी विभाग ने पूर्व में डामरीकरण सड़क का कराया था निर्माण



जागरण, सेमरिया

सेमरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चूल्ही में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पूर्व में डामरीकरण सड़क का निर्माण कराया था, लेकिन अब यह सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गया है, जहां इस समय श्रवण मांस चल रहा है जहां सेमरिया क्षेत्र के सैकड़ो गांव के शिव भक्त इसी चूल्ही से बढ़ौरा शिव मंदिर पहुंच रहे हैं चूल्ही बढौरा पहुंच मार्ग की सड़क की हालत बहुत खराब है। ग्रामीण सिमली जानकारी के मुताबिक पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस सड़क का निर्माण कराया था, लेकिन सड़क निर्माण के कुछ माह बाद ही सड़क की गुणवत्ता में लापरवाही के कारण सड़क जगह-जगह से टूट गई। बरसात के बाद पीडब्ल्यूडी की यह सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। चूल्ही और बढौरा शिव मंदिर मार्ग की सड़क की हालत दयनीय होती जा रही है। स्थानीय निवासियों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाए।

> बढौरा शिवालय पहुंच मार्ग ग्राम पंचायत चूल्ही गड्ढों में तब्दील है, जो कि इस समय श्रावण मास होने के कारण हजारों की तादात में शिव भक्त बढौरा पहुंचते हैं, लेकिन सड़क गड्ढों में तब्दील है। आने-जाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।
>
> **शैलेश तिवारी, युवा समाजसेवी**

> ग्राम पंचायत चूल्ही से पहुंच मार्ग बढौरा शिव मंदिर तक सड़क गड्ढों में तब्दील है, विभागीय अधिकारी से अपील कि इस सड़क को बनवाया जाए, ताकि आमजन मानस को आने जाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।
>
> **कृष्ण कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मंडल सेमरिया**

> श्रावण मास को लेकर यहीं से सेमरिया क्षेत्र के करीब सैकड़ो गांव के लोग आते जाते हैं और यह सड़क गड्ढों में तब्दील है। इस बात की जानकारी विभागीय अधिकारी को देखकर बनवाने का प्रयास करूंगी।
>
> **सरस्वती बहेलिया, जिपं सदस्य**

## चुरहट में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**जागरण, सीधी।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट ने जानकारी देकर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन में विधानसभा स्तरीय बी.एल.ओ. एवं बी.एल.ओ. सुपरवाईजरों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट अन्तर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट में दिनांक 14 जुलाई 2025 से 16 जुलाई 2025 तक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में निर्वाचक नामावली के त्रुटि-रहित बनाने, भारत निर्वाचन आयोग के संवैधानिक प्रावधान, बीएलओ के दायित्वों, बीएजी की नियुक्ति एवं बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय स्थापित कर त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

# सीईओ जिपं ने सुनी 161 आवेदकों की समस्याएं



**जागरण, सीधी।** जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 161 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित हितग्राही को सूचित करे। अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एस पी मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## निर्वाचन नामावली हेतु बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**जागरण, सीधी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 077 सीधी के आदेश अनुसार निर्वाचन नामावली त्रुटि रहित बनाने के लिए बूथ लेबल अधिकारी बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 जुलाई एवं 16 जुलाई को किया जाना प्रस्तावित है। 15 जुलाई को प्रथम बैच का प्रशिक्षण संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के नवीन भवन में जिसमें सीधी विधानसभा सभा क्षेत्र 077 सीधी के मतदान केन्द्र 1 से 150 तक बीएलओ को विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर्स डॉ राजेश साहू, सहायक अध्यापक डॉ. मुकेश कुमार यादव, सहायक अध्यापक डॉ. विनोद कुमार साकेत, सहायक अध्यापक डॉ. राकेश कुमार प्रजापति, सहायक अध्यापक डॉ. उमेश कुमार सोनी सहायक अध्यापक एवं अरुण कुमार मिश्रा, वरिष्ठ व्याख्याता के द्वारा संपादित किया गया।

# सांसद ने भाजपा कार्यालय के लिए जिला अध्यक्ष को भेंट किए कंप्यूटर सेट




**जागरण, सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने पार्टी के संगठनात्मक विस्तार हेतु पार्टी कार्यालय के लिए कंप्यूटर सेट, कंप्यूटर प्रिंटर व अन्य सामग्री भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान को भेंट की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा का अभिनंदन किया और कहा कि कंप्यूटर सामग्री मिलने से संगठनात्मक विस्तार को लिपिबद्ध करने में और मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सरस्वती बहेलिया, जिला महामंत्री अशोक पटेल, जिला मंत्री सुनीता रानी वर्मा, अमित प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, सूबेदास यादव, राजेश द्विवेदी, योगेंद्र सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, पुनीत नारायण शुक्ला, बाबूलाल कुशवाहा, मुनिराज विश्वकर्मा, रमेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा, निशा सिंह चौहान, अन्नू पाण्डेय, डॉ. मनोज सिंह परिहार, कौशलेंद्र सिंह, चंदन सिंह, विक्रमादित्य तिवारी, आकाश मिश्रा सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीधी पुलिस ने भव्य जन जागरुकता रैली का किया आयोजन

## जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में भी चला समांतर जागरूकता कार्यक्रम




जागरण, सीधी

जिले में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में नशे से दूरी है जरूरी विशेष अभियान का शुभारंभ 15 जुलाई को भव्य जनजागरूकता रैली के साथ हुआ। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले भर में निरंतर रूप से संचालित किया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति शपथ के साथ हुई जिसमे सभी ने मिलकर एक स्वर में न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा-मुक्त कराऊंगा क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने जिले सीधी मध्य प्रदेश को नशा-मुक्त कराने का दृढ निश्चय करें। मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि अपने जिले सीधी मध्य प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर सम्भव प्रयास करूँगा/करूँगी। का सपथ लिये। नशा मुक्ति प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। अभियान के अंतर्गत एक विशेष नशा मुक्ति प्रचार वाहन को विधायक सीधी श्रीमती रीति पाठक कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन जिले भर में भ्रमण कर हिंदी एवं बघेली भाषा में ऑडियो संदेशों, पोस्टर-बैनरों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों एवं निवारण के उपायों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा। रैली के समानांतर जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा रैलियों, शपथ ग्रहण, बैनर-होर्डिंग्स एवं जनसंपर्क के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया।

### अपने घर से करें नशामुक्ति की शुरुआत: रीती

विधायक श्रीमती रीति पाठक ने कहा नशामुक्ति की शुरुआत हमें अपने घर से करनी चाहिए। हर परिवार का सदस्य यदि यह संकल्प ले कि वह नशे से दूर रहेगा, तो समाज स्वत: ही सुरक्षित व समृद्ध बन सकता है।

### यह सरकारी योजना नहीं सामाजिक आंदोलन है: स्वरोचिष

जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा यह केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन है। जब तक समाज इसमें भागीदार नहीं बनेगा, तब तक पूर्ण सफलता असंभव है। हमें मिलकर इसे जनांदोलन बनाना होगा।

### नशे से बढ़ते हैं घरेलू हिंसा: रवीन्द्र

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने कहा नशा न केवल स्वास्थ्य और आर्थिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि यह अपराध, घरेलू हिंसा, मानसिक तनाव और सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याओं को भी जन्म देता है। युवा वर्ग को जागरूक होना होगा और दूसरों को भी प्रेरित करना होगा।

### कलेक्ट्रेट से लेकर लालता चौक तक निकली रैली

नशा मुक्ति की दिशा में आम नागरिकों को प्रेरित करना, विशेषकर युवाओं को जागरूक बनाना और उन्हें इस सामाजिक बुराई से दूर रखना। जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर अस्पताल चौक, गांधी चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड तक निकाली गई। जिसमें लगभग 500 प्रतिभागियों, सीधी पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट-गाइड, शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक सीधी श्रीमती रीति पाठक, जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र सीधी वीरेंद्र कुमरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, प्रभारी थाना जमोड़ी उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में हुई 17 आवेदनों पर कार्यवाही

**पन्ना ।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 17 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई। इसके अलावा ग्राम पंचायत, विकासखण्ड और तहसील मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई हुई और आवश्यक कार्यवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।


**In The Court of I Civil Judge, Class-I, District Court, Rewa**
Presiding Officer : **श्रीमती शिवानी शर्मा**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक ( MJC SUC/0000028/2025 )**
**प्रमोदनाथ मुखर्जी.....आवेदक**
**बनाम**
**आइ.डी.बी.आइ.बैंक.....अनावेदक**
**Process Id-/2025**
**पेशी दिनांक:-04/08/2025**

**प्रेषिती–**
1. हर आम खास पता–जिला रीवा म.प्र.
2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमोदनाथ मुखर्जी पता ने मृतक श्री महेन्द्रनाथ मुखर्जी तनय स्व. श्री शैलेन्द्रनाथ मुखर्जी निवासी पी.के. स्कूल के पीछे रीवा म.प्र. राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 04 अगस्त 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 04 अगस्त 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 14 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुहर

**( शिवानी शर्मा )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड रीवा ( म.प्र. )**

**कृपया ध्यान दें:-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
R-82707



## नोटिस रजिसटर्ड ए.डी.

नोटिस अजतरफ विशाखा इंटरप्राइजेज पता बदरांव शासकीय हायर सेकेंण्डरी के सामने तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा प्रोपराईटर प्रदुम्म सिंह परिहार पिता श्रीराम प्रताप सिंह अरुण नगर एच.पी.गैस गोदाम के पास रीवा जिला रीवा (म.प्र.) **.....नोटिसदाता**

**बनाम**

रोहन मिश्रा तनय ओम प्रकाश मिश्रा पता ग्राम उडकी पोस्ट उडकी थाना गोविन्दगढ तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश ..... नोटिस ग्रहीता

**नोटिस अंतर्गत धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम**
**नोटिस म्यादि 15 दिवस**

**प्रिय महानुभाव,**

जो कि मेरे पक्षकार/नोटिस दाता ने मुझे समस्त दस्तावेजों से अवगत कराते एवं दस्तावेजों को दिखाते हुए आप नोटिस ग्रहिता को यह विधिक नोटिस देने के लिए अधिकृत है अत: मेरे द्वारा एक विधिक नोटिस आप नोटिस ग्रहिता को संप्रेषित की जा रही है:- **1.** यह कि मेरे पक्षकार/नोटिसदाता विशाखा इंटरप्राईजेज के नाम से अल्ट्राटेक सीमेंट की डीलरशिप है मेरे पक्षकार का प्रतिष्ठान बदराँव में स्थित है। आप नोटिस ग्रहिता रोहन मिश्रा तनय ओम प्रकाश मिश्रा पता ग्राम उडकी पोस्ट उडकी थाना गोविन्दगढ तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश संचालित है। आप नोटिस ग्रहिता सीमेंट लोहे वगैरह के फुटकर व्यवसायी हैं आप नोटिस ग्रहिता मेरे पक्षकार के प्रतिष्ठान से सीमेंट वगैरह ले जाते हैं तथा अपने प्रतिष्ठान में विक्रय करते हैं। **2.** यह कि आप नोटिस ग्रहिता मेरे पक्षकार के प्रतिष्ठान में सीमेंट क्रय कर ले गये जिस सीमेंट की राशि की भुगतान के लिए आप नोटिस ग्रहिता ने मेरे पक्षकार के प्रतिष्ठान विशाखा इंटरप्राइजेज के नाम से अपने खाता बैंक भारतीय स्टेट बैंक शाखा ओल्ड खन्ना टाकीज कलेक्ट्रेट रोड रीवा जिला रीवा मध्यप्रदेश के खाता क्रमांक 20308570734 चेक क्रमांक 936702 राशि 2,75,000/- दो लाख पचहत्तर हजार रुपये दिनांक 19/04/2025 को स्वयं का हस्ताक्षरित करके मेरे पक्षकार को दिया एवं आपने कहा की मेरा पक्षकार उक्त चेक को बैंक में प्रस्तुत करके राशि अहरित कर लेवे। **3.** यह कि आपके आश्वासन के मुताबिक मेरे पक्षकार द्वारा दिये गये चेक की राशि के आहरण हेतु अपने बैंक खाता बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंण्डिया शाखा समान के खाता क्रमांक 425001010429356 में दिनांक 26/05/2025 को प्रस्तुत किया तो उक्त चेक दिनांक 26/05/2025 को ही खाते में रकम की व्यवस्था नहीं है की टीप के साथ अनादरित हो गया एवं मेरे पक्षकार को चेक में वर्णित राशि प्राप्त नहीं हो सकी चेक अनादरण होने की सूचना मेरे पक्षकार ने आपको नोटिस के माध्यम से आपके पते पर भेजी गई थी आप नोटिस ग्रहिता नोटिस लेने से इंकार कर दिया। अत: जरिये विधिक नोटिस आप नोटिस ग्रहिता को जरिये प्रकाशन भी सूचना दी जा रही है कि आप नोटिस प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आप चेक में वर्णित राशि मेरे पक्षकार को अदा करके पावती प्राप्त कर लेवे अन्यथा नोटिस प्रकाश की अवधि समाप्त हो जाने के बाद मेरा पक्षकार आप नोटिस ग्रहिता के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत करेगा जिसके समस्त हर्जे खर्चे के जिम्मेदार आप नोटिस ग्रहिता होंगे।

**दिनांक-15/07/2025**

**भवदीय**
**अभिषेक सिंह तिवारी**
**एडवोकेट**
R-82705



## नोटिस रजिसटर्ड ए.डी.

नोटिस अजतरफ विशाखा इंटरप्राइजेज पता बदरांव शासकीय हायर सेकेंण्डरी के सामने तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा प्रोपराईटर प्रदुम्म सिंह परिहार पिता श्रीराम प्रताप सिंह अरुण नगर एच.पी. गैस गोदाम के पास रीवा जिला रीवा (म.प्र.) **.....नोटिसदाता**

**बनाम**

रामलाल कुशवाहा तनय ददोली कुशवाहा निवासी वार्ड नंबर 01 सरस्वती विद्यालय के पास पडक्का, तह. अमरपाटन जिला मैहर मध्यप्रदेश **.....नोटिस ग्रहीता**

**नोटिस अंतर्गत धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम**
**नोटिस म्यादि 15 दिवस**

**प्रिय महानुभाव,**

जो कि मेरे पक्षकार/नोटिस दाता ने मुझे समस्त दस्तावेजों से अवगत कराते एवं दस्तावेजों को दिखाते हुए आप नोटिस ग्रहिता को यह विधिक नोटिस देने के लिए अधिकृत है अत: मेरे द्वारा यह विधिक नोटिस आप नोटिस ग्रहिता को संप्रेषित की जा रही है:- **1.** यह कि मेरे पक्षकार/नोटिसदाता विशाखा इंटरप्राईजेज के नाम से अल्ट्राटेक सीमेंट की डीलरशिप है मेरे पक्षकार का प्रतिष्ठान बदराँव में स्थित है। आप नोटिस ग्रहिता रामलाल कुशवाहा तनय ददोली कुशवाहा निवासी वार्ड नंबर 01 सरस्वती विद्यालय के पास पडक्का, तह. अमरपाटन जिला मैहर मध्यप्रदेश संचालित है आप नोटिस ग्रहिता सीमेंट लोहे वगैरह के फुटकर व्यवसायी हैं आप नोटिस ग्रहिता मेरे पक्षकार के प्रतिष्ठान में सीमेंट वगैरह ले जाते हैं तथा अपने प्रतिष्ठान में विक्रय करते हैं। **2.** यह कि आप नोटिस ग्रहिता मेरे पक्षकार के प्रतिष्ठान से सीमेंट क्रय कर ले गये जिस सीमेंट की राशि की भुगतान के लिए आप नोटिस ग्रहिता ने मेरे पक्षकार के प्रतिष्ठान विशाखा इंटरप्राइजेज के नाम से अपने खाता बैंक इंण्डस लैण्ड बैंक लिमिटेड शाखा ग्राउंण्ड फ्लोर सूर्यलोक प्लाट नंबर 325/17 समान तिराहा रीवा मध्यप्रदेश के खाता क्रमांक 100165778599 चेक क्रमांक 448167 राशि 88,000/- अठासी हजार रुपये दिनांक 19/04/2025 को स्वयं का हस्ताक्षरित करके मेरे पक्षकार को दिया एवं आपने कहा की मेरा पक्षकार उक्त चेक को बैंक में प्रस्तुत करके राशि अहरित कर लेवे। **3.** यह कि आपके आश्वासन के मुताबिक मेरे पक्षकार द्वारा दिये गये चेक को राशि के आहरण हेतु अपने बैंक खाता बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंण्डिया शाखा समान के खाता क्रमांक 425001010429356 में दिनांक 28/05/2025 को प्रस्तुत किया तो उक्त चेक दिनांक 29/05/2025 को ही खाते में रकम की व्यवस्था नहीं है की टीप के साथ अनादरित हो गया एवं मेरे पक्षकार को चेक में वर्णित राशि प्राप्त नहीं हो सकी चेक अनादरण होने की सूचना मेरे पक्षकार ने आपको नोटिस के माध्यम से आपके पते पर भेजी गई थी आप नोटिस ग्रहिता नोटिस लेने से इंकार कर दिया। अत: जरिये विधिक नोटिस आप नोटिस ग्रहिता को जरिये प्रकाशन भी सूचना दी जा रही है कि आप नोटिस प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आप चेक में वर्णित राशि मेरे पक्षकार को अदा करके पावती प्राप्त कर लेवे अन्यथा नोटिस प्रकाशन की अवधि समाप्त हो जाने के बाद मेरा पक्षकार आप नोटिस ग्रहिता के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत करेगा जिसके समस्त हर्जे खर्चे के जिम्मेदार आप नोटिस ग्रहिता होंगे।

**दिनांक-15/07/2025**

**भवदीय**
**अभिषेक सिंह तिवारी**
**एडवोकेट**
R-82704


## बुंदेली आल्हा गायन के माध्यम से सर्पदंश से बचाव हेतु जन-जागरुकता

**पन्ना ।** दक्षिण वन विभाग द्वारा सर्पदंश (सांप के काटने) से होने वाली जनहानि को रोकने तथा ग्रामीण क्षेत्र में इसके प्रति सतर्कता एवं वैज्ञानिक उपचार की समझ बढ़ाने हेतु एक अभिनव पहल की गई है। इस प्रयास के तहत, बुंदेलखंड की परंपरागत वीरगाथा शैली %आल्हा% के माध्यम से एक सजगता–परक लोकगीत की रचना और प्रस्तुति करवाई गई है। इस गीत को रचनाकार डॉ. सुरेश श्रीवास्तव %सौरभ% एवं उनकी टीम द्वारा तैयार किया गया है, जिसमें आमजन को सर्पदंश के जोखिमों, सावधानियों और सही उपचार के बारे में सरल बुंदेली भाषा में जानकारी दी गई है। इस विशेष आल्हा गायन का ऑडियो ग्राम वन समितियों और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित किया जाएगा। यह गीत क्षेत्रीय लोकसंस्कृति को माध्यम बनाकर ग्रामीणों के लिए सार्थक, सुलभ और प्रभावी संदेशवाहक बनेगा। दक्षिण पन्ना वनमण्डल का यह प्रयास परंपरा और आधुनिक जागरूकता के समन्वय का एक प्रेरणादायी उदाहरण है।

# सोन नदी के पुल में की गई कमियां को कोलतार से छिपाते हुए


**NDVSU-College of Vety. Sci. & A.H., Rewa, (M.P.)**
No.2653/Pur./Store/Vety/ Rewa /2025 Date-15.07.25

**TENDER NOTICE**

E-tenders are invited from the reputed firms for the catering services at the college for financial year 2025-26. The detailed information is available on website https://mptenders.gov.in Purchase of tenders from 17.07.25 to 06.08.2025. The last date of submission of tender bid upto 06.08.25. Corrigendum, if any, will only be posted in the above website. No press notice will be issued separately.

**DEAN**




**देवलौद।** बाणसागर देवलौद में सोन नदी पुल दिनांक 10 जुलाई 2025 के दिन सुबह लगभग पांच फिट लम्बा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे पुल पर आवागमन तुरंत अवरोध कर दिया गया था , दिनांक 12जून 2025 को सभी वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। आज दिनांक 14 जून 2025 को यह देखने में आया कि सभी सुधार किए गए कार्य गुणवत्ता हीन अनुभव हीन लोगों से बढ़े ही लापरवाही पूर्वक कार्य किया जाने से सभी जगहों में दरार आ गई है साथ ही सुधार किये गये कार्य उखड़ गए हैं। जिसे छुपाने के लिए कोलतार एवं गिट्टी से छुपा कर कमियों में पर्दा डाल रहे हैं। स्थानीय निवासियों द्वारा शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इनके किये कार्य का मूल्यांकन किया जाय एवं गुणवत्ता हीन किये गये कार्य एवं एक माह आवागमन पर परेशान होने के बाद भी गैर जिम्मेदाराना कार्य किया जाने वाले सभी जिम्मेदार सहयोगी स्टाफ के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाय।


## नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना

**मैं शालू सिंह पिता श्री उमेश कुमार सिंह निवासी ग्राम पो. खैरा कनकेशर तहसील एवं जिला मऊगंज मध्यप्रदेश की निवासी हूं तथा मेरा आधार नं. 3866 89832084 है। शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे नाम भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमा पॉलिसी संचालित है जिसका पॉलिसी नं. 336622331 है। उक्त पॉलिसी में मेरा नाम शैलू पटेल एवं मेरी जन्मतिथि 13.11.2002 अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक खाता में नाम शालू सिंह एवं मेरी जन्मतिथि 13.11.2003 है। शालू सिंह एवं शैलू पटेल दोनो एक ही व्यक्ति है। अत: मेरे उक्त पॉलिसी में मेरा नाम शालू सिंह एवं जन्मतिथि 13.11.2003 अंकित किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।**

RN- 82703 **शालू सिंह**



## नाम सुधार सूचना

**मैं, सुलोचना देवी, पत्नी रामभद्र लोध, ग्राम पोस्ट- कंचनपुर, जिला रीवा (म.प्र.), पिन कोड 486447, शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि मेरा आधार कार्ड नंबर 678533453025 तथा पैन कार्ड नंबर GRFPD7265A है। मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरे पति का सेना क्रमांक 14446506F, पद हवलदार, नाम रामभद्र लोध है। सेना के अभिलेखों (रिकॉर्ड्स) में मेरे पति के नाम के साथ मेरा नाम सुलोचना दर्ज है, किंतु अब मैंने अपना नाम सुलोचना देवी में परिवर्तित करवा लिया है। अत: मेरे पति की सेना सेवा अभिलेखों में मेरा नाम सुलोचना के स्थान पर सुलोचना देवी दर्ज किया जाए।**

RN- 82706 **सुलोचना देवी**



## CHANGE OF NAME & DOB

I CHAND KALI Spouse of LateDEV RAJEx HavArmy No6460301MResident of Village Umari Post LohiTehsil –Huzur,Distt – Rewa(M.P) Have change my name from CHAND KALItoCHANDRA KALI PANDEY and Date of Birth47 Years to 01/01/1954 (Firstjanuary Nineteen Fifty Four) Vide affidavit Dated 15/07/2025 before Court Rewa.

RN- 82571 CHAND KALI



## नाम एवं जन्मतिथि सुधार

**मैं भूत पूर्व सिपाही रवि सिंह गौतम आर्मी नम्बर 10391096P** Village Babupur & Post Tyonther, Tehsil - Tyonther, District- Rewa (M.P.) **का निवासी हूँ। सेना के दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम** Raghvendr Singh Gautam **एवं जन्मतिथि 01.01.1963 लिखा है, जो कि गलत है। मेरे पिता का सही नाम** Raghvendr Singh **एवं जन्मतिथि 01.01.1958** (First January Nineteen Fifty Eight) **है। अब इन्हें इसी नाम व जन्मतिथि से लिखा पढ़ा व जाना जाय।**

RN- 82572 **रवि सिंह गौतम**



**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**
(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
8, Arera Hills, Bhopal - 462004
Web. : mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail: mpjalnigam@mp.gov.in
CIN - U41000MP2012SGC028798
Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

**NIT No. 07-13/Proc./MPJNM/2025-26** **Bhopal, Dated : 15.07.2025**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam (MPJN) invited online bids of tender for selection of Zone-wise Agency for Supervision and Quality Control (SQC) for Operation & Maintenance (O&M) Phase of Multi Village Rural Drinking Water Supply Schemes in Madhya Pradesh on man-month basis through Quality and Cost Based Selection (QCBS) method.

| NIT No. | Zone | Total Villages | PAC (Rs. Cr.) | Duration (Months) | EMD (Rs. Lakh) | Document Fee (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | Bhopal | 2,206 | 16.46 | 24 | 10.00 | 30,000 |
| 8 | Sagar | 1,932 | 15.23 | 24 | 10.00 | 30,000 |
| 9 | Jabalpur | 1,079 | 9.38 | 24 | 9.38 | 20,000 |
| 10 | Ujjain | 773 | 6.92 | 24 | 6.92 | 20,000 |
| 11 | Indore | 427 | 6.88 | 24 | 6.88 | 20,000 |
| 12 | Gwalior | 639 | 6.63 | 24 | 6.63 | 20,000 |
| 13 | Rewa | 623 | 5.26 | 24 | 5.26 | 20,000 |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from 18.07.2025, 17:30 Hrs. Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.

**M.P. Government E-Procurement Portal - https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/121117/2025 **MANAGING DIRECTOR**



## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी.-एन-2025-123

**कार्य का नाम:** प्रोवीज़न ऑफ़ बेलास्ट साइडिंग एट अनंतपेठ यार्ड।

**अनुमानित लागत: ₹ 26847068.42, अमानत राशि: ₹ 284200.00, निविदा बन्द होने की तिथि: 06.08.2025 at 15.00 hrs., स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/ अवधि की तिथि:** 06 माह। निविदा दिनांक **06.08.2025** को **15.00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1219/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## कार्यालय नगर परिषद मनगवॉं जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/293 /ई–निविदा/न.प./2025 मनगवॉं दिनांक 12.06.2025

**प्रथम निविदा (सेक्सन–1) ई निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद मनगवॉं जिला रीवा मध्यप्रदेश द्वारा निम्नानुसार निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्तियो द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर **Urban Administration Development Department** से एवं कार्यालय नगर परिषद मनगवॉं से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र | टेण्डर क्रमॉक | विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | नि. फार्म का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_430941_1 | वार्ड क्र 05 में राजेश गुप्ता के घर से गुलफाम के घर तक पीसीसी रोड निर्माण का कार्य | 226305.00 | 2263.00 | 2000.00 | 01 माह |
| 2 | 2025_UAD_430941_2 | पीआईसी कक्ष में पीपीएस सीट, खिडकी, टाईल्स, पुट्टी लगाये जाने का कार्य | 559170.00 | 5592.00 | 2000.00 | 01 माह |
| 3 | 2025_UAD_430941_3 | वार्ड क्र 04 में विभिन्न स्थानों में आरसीसी नाली का निर्माण कार्य | 457942.00 | 4579.00 | 2000.00 | 01 माह |
| 4 | 2025_UAD_430941_4 | वार्ड क्र 10 में राजमणि पटेल के घर से छत्रपाल के घर तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य | 2204519.00 | 16534.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 5 | 2025_UAD_430941_5 | वार्ड क्र 15 में पुरानी पोस्ट ऑफिस गली में पीसीसी रोड एवं आरसीसी नाली का निर्माण कार्य | 1580162.00 | 11851.00 | 2000.00 | 03 माह |
| 6 | 2025_UAD_430941_6 | वार्ड क्र 01 में सुरेश कोल के घर से लक्ष्मण यादव के घर तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य | 402892.00 | 4029.00 | 2000.00 | 01 माह |
| 7 | 2025_UAD_430941_7 | वार्ड क्र 01 में रामनरेश शुक्ला के घर से हाकिम सेन के घर तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य | 402892.00 | 4029.00 | 2000.00 | 01 माह |
| 8 | 2025_UAD_430941_8 | वार्ड क्र 09 में आरसीसी नाली एवं आरसीसी कव्हर बनाये जाने का कार्य | 1791982.00 | 13440.00 | 2000.00 | 03 माह |
| 9 | 2025_UAD_430941_9 | वार्ड क्र. 05 में महावीर गुप्ता से गुलफाम के घर के सामने तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 214241.00 | 2142.00 | 2000.00 | 01 माह |
| 10 | 2025_UAD_430941_10 | वार्ड क्र 15 में पटेल कॉलोनी में पुरानी एनएच 7 से लोटन विश्वकर्मा के घर तक पीसीसी रोड वआरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 1580162.00 | 11851.00 | 2000.00 | 03 माह |
| 11 | 2025_UAD_430941_11 | वार्ड क्र 03 तिवनी मोड से बंसल बस्ती तक सड़क चौडीकरण एवं डिवाईडर निर्माण कार्य | 3308689.00 | 24815.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 12 | 2025_UAD_430941_12 | वार्ड क्र 06 में रामाधार साकेत से श्मशान घाट तक आरसीसी नाला का निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | 3550264.00 | 26627.00 | 5000.00 | 06 माह |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार दिये गये दिनॉक **10.07.2025 (10:30AM)** से दिनॉक **09.08.2025 (05:30PM)** तक वेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेगें।

अध्यक्ष
नगर परिषद मनगवॉं
जिला रीवा (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मनगवॉं
जिला रीवा (म.प्र.)


**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम हुआ आयोजित: लवकुशनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था मेरा युवा भारत केन्द्र छतरपुर के तत्वाधान में युवा भारत केन्द्र के पूर्व स्वयं सेवक आनंद गुप्ता द्वारा शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहित सघन बृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो0नि0वि0 वि0/यां0 संभाग रीवा

क्रमांक/ ५७५२ /कार्य/निविदा/2025–26 रीवा, दिनांक 09/07/2025
नविदा क्र0 D– 21/2025–26 रीवा, दिनांक 09/07/2025

**निविदा आमंत्रण – सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन–लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण।

| क्र. | टेंडर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_436624_1 | जिला रीवा के अन्तर्गत चोरहटा खैरा पहुंच मार्ग मे 11 के.व्ही. लाईन एवं एल.टी. लाईन का स्थानान्तरण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 06 माह सुपरवीजन आदेश के उपरान्त | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 10024026.00 | 12500.00 | 100240.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_436625_1 | जिला रीवा के अन्तर्गत चोरहटा खैरा पहुंच मार्ग मे हाई मास्ट लाईट एवं स्ट्रीट लाईट की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 06 माह सुपरवीजन आदेश के उपरान्त | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 9779076.00 | 10000.00 | 97791.00 |

निविदा फार्म online भुगतान कर 23/07/2025 को शाम 5:30 तक क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संसोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा केवल वेबसाइड पर अपलोड किया जायेगा।

निविदा दिनांक– 25/07/2025 को खोली जावेगी।

**G-15674/25**

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि0/यां0)
संभाग रीवा (म0प्र0)


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


**निरीक्षण 18 जुलाई को : पन्ना ।** लेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में शुक्रवार, 18 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।


## शासकीय महिला पालीटेक्निक महाविद्यालय
### शिवाजी नगर, भोपाल (मध्य प्रदेश)
**Government Women's Polytechnic College, Shivaji Nagar, Bhopal (Madhya Pradesh)**

Approved by AICTE/COA Affiliated to R.G.P.V. Bhopal

**Admissions Open : Professional Diploma Courses For Girls**

**10वीं के आधार पर डिप्लोमा प्रथम वर्ष में लड़कियों हेतु कॉलेज लेवल (CLC) से ऑन-द-स्पॉट एडमिशन (ALL INDIA STUDENTS ELIGIBLE)**

- ट्यूशन फीस रु. 7500/-
- AICTE की विभिन्न छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध
- On-Campus Hostel facility with all amenities
- Wi-fi campus with State-of-the-Art Amenities
- Situated at the heart of Bhopal City (Near RKMP Railway Station)



On-the-Spot ADMISSIONS (Every Monday, Wednesday, Friday)

आज ही सम्पर्क करें।

**डिप्लोमा करने के बाद –**
- B.Tech (द्वितीय वर्ष)/B.Arch मे प्रवेश
- Campus Placement से रोजगार
- स्वरोजगार के अवसर

**उपलब्ध कोर्सेस एवं सम्पर्क सूत्र:**
- आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिज़ाइन (ArID) (NBA Accredited) 9826649225, 9752333909
- इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ETE) (IOT Based Project) 9826460982, 9617564231
- मॉडर्न आफिस मैनेजमेन्ट (MOM) 9826265705, 9827260600

अपने पसंद के कोर्स में एडमिशन के लिए ऊपर दिये नंबरों पर आज ही संपर्क करें या वेबसाइट https://gwpbpl.ac.in विजिट करें।

**G-15631/25**



## कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ.मा.वि. सिविल लाइन्स, रीवा (म.प.)
**(माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित)**
E-mail address- mhssrewa@gmail.com Pho.- (07662) 314157

क्र./आ.वि./स्था/263/2025 रीवा, दिनांक–12.07.2025

**अंशकालीन शिक्षकों की आवश्यकता**

शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए पूर्णतः अंशकालीन अनुबंध आधार पर अध्यापन कार्य हेतु इच्छुक पात्र आवेदकों का पैनल तैयार करने के लिए आवेदन पत्र बंद लिफाफे में दिनांक 21.07.2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

| स.क्र. | विषय एवं पदो की संख्या | अनिवार्य योग्यता | |
|---|---|---|---|
| | **हायर सेकेण्डरी कक्षाओं हेतु** | | |
| 1 | गणित–01, भौतिक शास्त्र – 01, रयायन शास्त्र – 01, कृषि – 01, अंग्रेजी – 04, हिन्दी – 02, अर्थशास्त्र – 01 | सम्बन्धित विषय के साथ स्नातकोत्तर उपाधि में न्यूनतम 55 प्रतिशत प्राप्तांक , बी.एड अनिवार्य है। अर्थशास्त्र हेतु एम.ए/एम.काम. न्यूनतम 55 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण तथा एक विषय अर्थशास्त्र के रूप में होना अनिवार्य है। | रू 250 प्रति कालखण्ड |
| | **हाई स्कूल कक्षाओं हेतु** | | |
| 2 | हिन्दी – 01, गणित – 02, विज्ञान अंग्रेजी माध्यम – 01, सामाजिक विज्ञान अंग्रेजी माध्यम – 01, संस्कृत – 02, अंग्रेजी – 01 | सम्बन्धित विषय के साथ स्नातक उपाधि में न्यूनतम 55 प्रतिशत प्राप्तांक, बी.एड. अनिवार्य है। | रू 225 प्रति कालखण्ड |

1. प्रति कार्य दिवस अधिकतम पांच कालखण्ड का मानदेय दिया जायेगा तथा यह व्यवस्था रिक्त पदों की पूर्ति होने तक के लिए पूर्णतः अस्थाई होकर विद्यालय की स्थापना के अन्तर्गत नहीं मानी जावेगी ।
2. उच्चतर माध्यमिक/हाई स्कूल रीवा/में चयन के लिए अंको का विभाजन निम्नानुसार होगा– अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक का 25% + बी.एड. का 25% + साक्षात्कार (10 अंक) , शैक्षणिक दक्षता (10 अंक) , कार्य अनुभव (01 अंक प्रतिवर्ष एवं अधिकतम 15 अंक) ,वार्षिक प्रगति रिपोर्ट (15 अंक) इस प्रकार कुल 100 अंक ।
3. अध्यापन कार्य अनुभव एवं वार्षिक प्रगति रिपोर्ट शासकीय/अशासकीय/केन्द्रीय विद्यालय/माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित आदर्श विद्यालयों का मान्य होगा।
4. अशासकीय विद्यालय द्वारा जारी तथा पोर्टल से डाउनलोड किए गए अध्यापन कार्य एवं वार्षिक प्रगति रिपोर्ट अनुभव प्रमाण–पत्र पर संकुल प्राचार्य तथा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर अनिवार्य है।
5. आवेदन –पत्र के साथ समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न की जाना अनिवार्य है।
6. चयनित अभ्यर्थियों को अनुबंध/शपथ –पत्र सम्पादित करना अनिवार्य होगा तथा कोई भी अंशकालीन शिक्षक नियमित/स्थायी चयन हेतु अथवा अन्य किसी भी प्रकार का कोई भी न्यायालय में दावा प्रस्तुत नहीं कर सकेगा। नियमित शिक्षक की पूर्ति होने पर अंशकालीन पद स्वमेव ही समाप्त हो जावेगा।
7. चयनित अभ्यर्थियों को आवेदन–पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों/चरित्र प्रमाण –पत्र की मूल प्रतियां सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगी।
8. उच्चतर माध्यमिक/हाई स्कूल/ अन्य शिक्षक में से आपके द्वारा जिस विभाग एवं विषय के लिए आवेदन किया जा रहा है, उसका स्पष्ट उल्लेख करें।
9. पदों की संख्या, विषय एवं कालखण्ड तय करने तथा विज्ञप्ति निरस्त करने का पूर्ण अधिकार संस्था के प्राचार्य को होगा।
10. एक अभ्यर्थी केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकता है।
11. आवश्यकता होने पर पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है।
12. यह भर्ती प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल के आदेश क्रमांक /प्रशा./स्था/ए–3887/2020 भोपाल दिनांक 17.09.2020 के अधीन होगी।

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र)

# नैनपुर से पेंचवेली एक्सप्रेस की हुई शुरुआत

## सांसद और मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना रेल सेवाओं के विस्तार से यात्रियों को मिलेगी सुविधाएं



**जागरण, मंडला।** छिंदवाड़ा से इंदौर तक जाने वाली गाड़ी संख्या 19344 पेंचवेली एक्सप्रेस के विस्तार के बाद सोमवार को पहली बार ट्रेन मंडला जिले के नैनपुर स्टेशन से इंदौर के लिए रवाना की गई। इस ट्रेन को मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, मंडला सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, बालाघाट-सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नैनपुर के प्लेटफॉर्म पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नैनपुर श्रीमती कृष्णा पंजवानी, दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे मंडल नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता के साथ रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मंत्री श्रीमती उइके ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास ने नए आयाम स्थापित कर रहा है। उनके 11 साल के कार्यकाल में देश में 813 नई ट्रेनें स्वीकृत हुई है। आज नैनपुर से इंदौर तक चलने वाली इस ट्रेन से क्षेत्र की जनता को यात्रा करने में आसानी होगी, उनका समय बचेगा और सफ़र आसान हो जाएगा। क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए महानगर में जाना पड़ता था अब उन्हें इस समस्या से निजात मिलेगी। अमृत भारतीय स्टेशन योजना के अंतर्गत मंडला फ़ोर्ट स्टेशन पर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। शीघ्र ही इस रेल का परिचालन मंडला फ़ोर्ट से किया जाएगा, इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री से भी चर्चा की गई है। रीवा-इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन इसी का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि नैनपुर रेल समपार ओवरब्रिज बनाए जाने का प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को प्रेषित किया जा चुका है।

सांसद श्री कुलस्ते ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेलवे के कर्मचारियों और क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा कि बहुप्रतीक्षित माँग आज पूरी हुई है। मंडला फोर्ट स्टेशन के विकसित होने का काम अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। इस कड़ी में बालाघाट, सिवनी, नैनपुर, मंडला, गोटेगाँव आदि स्टेशन को अमृत स्टेशन से जोड़ा गया है और इनमें द्रुतगति से कार्य किया जा रहा है। यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार प्रयासरत है। इसके अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए भी मूलभूत सुविधाएँ प्रदान की जा रही है। क्षेत्र में ट्रेनों के परिचालन होने से बड़े शहरों और राज्यों की राजधानी तक जुड़ाव आसानी से हो जाएगा। इसके अलावा पर्यटन की दृष्टि से हम देखें तो कान्हा नेशनल पार्क, पेंच नेशनल पार्क और बांधवगढ़ नेशनल पार्क भी आपस में जुड़ जायेंगे। उन्होंने आने वाले समय मंर नैनपुर-मण्डला रेलवे स्टेशनों में सुविधाओं के विस्तार के साथ अन्य यात्री गाड़ियों के विस्तार में रीवा से पुणे और जबलपुर से रायपुर ट्रेन के शुरू होने की बात भी बताई।

सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि रेल लोगों को आपस में जोड़ने का काम करती है। अपने सफ़र में यह कई ज़िलों से होकर अपने गंतव्य तक जाती है जिसमें कई लोग आपस में मेलजोल करते हैं। उन्होंने बताया कि पहले लम्बे समय तक नैरो-गेज का सफ़र किया है, इसके बाद ब्रॉड-गेज की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय हुई थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को महानगरों से जोड़ने की आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र सरकार ने लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है। इस क्षेत्र में रेलवे के विस्तार के प्रति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय रेल मंत्री का आभार जताया। पेंचवेली एक्सप्रेस में सांसद द्वय श्री फग्गन सिंह कुलस्ते और श्रीमती भारती पारधी ने नैनपुर से सिवनी तक का सफर भी किया।

# डाकघरों में आईटी 2.0 एप्लीकेशन का रोलआउट

**छतरपुर ।** छतरपुर डाक संभाग अधीक्षक परमानंद सिंगौर ने सभी डाक ग्राहकों को सूचित करते हुए बताया कि डाक विभाग को अगली पीढ़ी के एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी (एपीटी) एप्लीकेशन की शुरुआत होने पर गर्व हो रहा है। जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ी छलांग है। इस परिवर्तनकारी पहल के हिस्से के रूप में, उन्नत प्रणाली एवं नए सॉफ्टवेयर को छतरपुर संभाग में सभी डाकघरों में 22 जुलाई 2025 को लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित बदलाव को लागू करने के लिए 21 जुलाई 2025 को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस कारण 21 जुलाई 2025 को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली सुचारू रूप से लागू हो सके। एपीटी एप्लीकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव तीव्र सेवा वितरण और अधिक ग्राहक अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके लिए छतरपुर डाकघर अधीक्षक ने अपने मूल्यवान ग्राहकों को सूचित करते हुए बताया कि डाकघर संबंधी कार्य 21 जुलाई 2025 से पूर्व करा लें और इस संक्षिप्त व्यवधान के दौरान % हमारे साथ धैर्य रखें। ग्राहकों को किसी भी असुविधा के लिए गहरा खेद है।

# नशे से दूरी, है जरुरी पखवाड़ा अंतर्गत निकाली गई जन जागरुकता रैली



**जागरण, मंडला ।** मध्यप्रदेश पुलिस विभाग की ओर से 'नशे से दूरी, है जरूरी' पखवाड़ा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नशे के विषय में लोगों को जागरूक करने तथा नशे से दूरी के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मंगलवार को इस पखवाड़े के अन्तर्गत ड्रग अवेयरनेस रन का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट ने आज मंडला में ड्रग अवेयरनेस रन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल जिले में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से की गई। पुलिस लाइन से शुरू हुई यह रैली जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गों से गुजरी और स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न हुई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने सभी उपस्थित लोगों को ''मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि मैं न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त कराऊंगा क्योंकि बदलाव की शुरूआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने जिले को नशा मुक्त कराने का दृढ़ निश्चय करें। मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि अपने जिले को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर सम्भव प्रयास करूंगा/करूँगी।'' की शपथ दिलाई। इस रैली में बड़ी संख्या में नागरिकों, छात्रों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# केबिले हो रही फाल्ट, ट्रासफार्मर नहीं उठा पा रहे लोड

**लवकुशनगर ।** नगर के बार्ड नंबर01 बिधायक कालौनी में आधी बस्ती में 24 घण्टे से विद्युत सप्लाई ठप्प रही जिसके कारण लोग खासे परेशान रहे । कालौनी में पुलिस लाईन के पास रखे दो ट्रासफार्मर में एक ट्रासफर्मर सोमवार को सुबह करीब 8 बजे खराब हो गया था जिसके बाद मंगलवार को देर शाम तक ट्रासफार्मर बन पाया जैसे ट्रासफार्मर बना और केबिल फाल्ट हो गई, केबिल काफी पुरानी होने के कारण विद्युत वायर लगातार फाल्ट हो रहे है जिससे मंगलवार को भी करीब दिन में 5 घण्टे विद्युत सप्लाई बंद रही । लाईन मैनो से इस संबंध में पूछा गया तो उनका कहना है कि ट्रासफार्मर में अधिक लोड पड़ रहा है साथ पुरानी केबिले है जिसके कारण लोड पड़ते ही फाल्ट होने की समस्या हो रही है।

# युवा संगम मेले में 18 का प्रारंभिक और 4 का अप्रेंटिसशिप चयन



**जागरण, मंडला ।** मंगलवार को जिला प्रशासन मण्डला के निर्देशानुसार, जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार युवा संगम मेले का आयोजन नगरपालिका टाउन हॉल मण्डला में आयोजित किया गया। मेले में स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की चार प्रतिष्ठित कम्पनियों ने भाग लिया एवं मेले में कुल 41 युवाओं ने पंजीयन कराया। रोजगार युवा संगम मेले में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, श्री नरेश सिंधिया, पार्षद एवं अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव द्वारा माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं मेले के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कम्पनियों द्वारा 18 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन एवं 4 का अप्रेंटिसशिप के लिये चयन किया गया तथा 4 हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रबंधक शेफाली अग्रवाल द्वारा मंच का संचालन किया गया। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला के महाप्रबंधक श्री एनके वास्कले, प्रबंधक श्री प्रदीप जायसवाल, आईटीआई प्लेसमेंट ऑफिसर श्री आनंद मरावी, श्री डी.के. शाहू, जिला रोजगार कार्यालय मण्डला एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

# कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों की दी जानकारी



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के विकास को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों, जनसुनवाई से प्राप्त समस्याओं के निराकरण एवं प्रशासनिक कार्यों की आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी गई।

साथ ही साथ जल गंगा संवर्धन, फॉरेस्ट अतिक्रमण, बाढ आपदा, जनमन योजना, आधार कार्ड, छात्रावास में एडमीशन, लोक सेवा केन्द्र का संबंधित एसडीएम द्वारा नियमित निरीक्षण, सार्थक ऐप, छात्रावास में निवासरत बालक-बालिकाओं की सुदृढ व्यवस्थाओं पर चर्चा, सीसी टीव्ही कैमरे, छात्रावास में संचालित पेयजल व्यवस्था पर चर्चा की गईकलेक्टर श्रीमती मारव्या ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत प्रयासरत है। हाल ही में आयोजित जनसुनवाई, पेंशन फोरम बैठक, स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, छात्रावासों के निरीक्षण और मानसून को देखते हुए आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ग्रामीण अंचलों में चल रही योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। समयबद्ध जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समाधान,पेंशनरों के लंबित मामलों की समीक्षा एवं निराकरण, वर्षा और आपदा प्रबंधन की जिला स्तर पर तैयारी, छात्रावासों, विद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, बिजली एवं सड़क से जुड़े मुद्दों पर कार्यवाही की जानकारी दी। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने अंत में मीडिया से अपील की कि वे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शासन की योजनाओं और जनहितकारी सूचनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं।

# कुरकुरे के बंडलों के नीचे 39 पेटी अंग्रेजी शराब सहित पिकअप जब्त, 02 आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, मंडला ।** थाना निवास पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन जप्त किया है। दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।दिनांक 12 जुलाई 2025 की रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन (स्क्क2क्क707) जबलपुर से निवास होते हुए डिण्डौरी की ओर जा रहा है, जिसमें कुरकुरे के बंडलों के नीचे बड़ी मात्रा में शराब छुपाकर परिवहन की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।पुलिस टीम द्वारा ग्राम खड़देवरी, भीखमपुर तिराहा (निवास-जबलपुर मार्ग) पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोककर वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें कुल 39 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसमें 15 पेटी एम.डी. रम थीं, जिनमें कुल 129.6 लीटर शराब पाई गई। वहीं 24 पेटी जिनियस ट्रिपल एक्स रम से 216 लीटर शराब मिली। कुल बरामद शराब की मात्रा 345.6 लीटर रही, जिसकी अनुमानित कीमत ?2,77,200/- है।परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन की अनुमानित कीमत लगभग ?10 लाख है। वाहन में सवार दोनों आरोपियों क्क गगन बनवासी पिता समारू बनवासी, उम्र 34 वर्ष, तथा सुकाली बनवासी पिता जवाहर बनवासी, उम्र 25 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम देवरा, थाना डिण्डौरी क्क को मौके पर गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना निवास में अपराध क्रमांक 147/2025, धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। जब्तशुदा शराब के स्रोतों के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही हैं।इस कार्यवाई अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मंडला के नेतृत्व में थाना प्रभारी वर्षा पटेल, सउनि धनपाल बिसेन, आरक्षक अभिनव दुबे, रवि मरावी, उमेश पटेल, सिद्धार्थ आरसे की भूमिका रही।मंडला पुलिस द्वारा अवैध शराब के परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि थाना निवास पुलिस द्वारा लगभग 15 दिन पूर्व भी इसी प्रकार की कार्रवाई में 90 लीटर अंग्रेजी शराब व वाहन जब्त किया गया था।

# एसडीओपी ने कहा नशा नाश की जड़, आज ही छोड़े नशा



**जागरण, लवकुशनगर ।** शासन द्वारा 15 से 30 जुलाई के बीच नशा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा ह ै जिसमें रैली, नुक्कड़ सभाओ सहित अन्य माध्यमो से ब्यक्ति को नशा से दूर रहने के लिये जागरुक करने का अभियान चलाया जा रहा है। नगर में स्कूली बच्चे और पुलिस अधिकारियो ने पूरे नगर में पैदल रैली निकाल कर लोगो को जागरुक किया । शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्कूली छात्र छात्राये सहित एसडीएओपी नवीन दुबे, टीआई अजय अम्बे पुलिस स्टॉफ के द्वारा थाना परिसर से रैली प्रारंभ हुई जो महोबा रोड, चंदला रोड, पुराने बस स्टेण्ड होते हुये छतरपुर रोड, नवीन बस स्टेण्ड से लेकर रेस्ट हाउस के पास से पैदल रैली निकाली गई जिसमें बच्चे हाथो में नशा मुक्त करने के स्लोगन लेकिन निकलने । एसडीओपी नवीन दुबे लोगो से मिले और नशा से दूर रहने की समझाइस दी। बताया कि नशा नाश की जड़ है इसको आज ही छोड़ने की शपथ भी दिलाई । पुलिस अधिकारियो ने चौराहो और लोगो ने मिलकर कहॉ नशा छोड़े नशे से बीमारियो फैलती है इसके अलावा आर्थिक स्थिति भी खराब होती है । इस दौरान एसडीओपी नवीन दुबे, टीआई अजय अम्बे सहित पुलिस स्टॉफ और स्कूली बच्चे और युवा वर्ग शामिल रहे ।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 78 आवेदनों की समस्या



**मंडला ।** जिला योजना भवन में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। जनसुनवाई में 78 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मण्डला श्रीमति सोनल सिडाम सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत जल आपूर्ति योजना के संचालन और रख-रखाव पर दिल्ली में आयोजित हुई राष्ट्रीय कार्यशाला




**मंडला ।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में मध्यप्रदेश में जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रमुख सचिव श्री पी. नरहरी एवं प्रबंध संचालक श्री वीएस चौधरी द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसमें जीआईएस तकनीक का उपयोग कर जल योजनाओं की मॉनिटरिंग और संचालन की कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण साझा किया गया। नई दिल्ली में आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में जिला पंचायत मंडला सीईओ श्री श्रेयांश कूमट ने सहभागिता की। इस कार्यशाला में ऑनलाईन जल गुणवत्ता प्रबंधन, जल आपूर्ति और संरचनाएं, जीओ जी टैग, पारदर्शी लेखा प्रणाली, नल कनेक्शनों की आवधिक कार्य क्षमता का मूल्यांकन, जल जीवन मिशन डैशबोर्ड से संबंधित डेटा सार्वजनिक डोमेन में उपलब्धता, जल आपूर्ति प्रणालियों की निगरानी के लिए सेंसर आधारित लॉट डिवाईस आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

# अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बिजली बहाल करें : कमिश्नर

## कमिश्नर ने वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए



**जागरण, छतरपुर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ विद्युत की आपूर्ति बहाल करने के निर्देश उर्जा विभाग के अधिकारियों को दिए। कमिश्नर श्री सुचारी ने निर्देश दिए है कि सागर संभाग के छतरपुर और टीकमगढ़ जिले के कुछ क्षेत्रों में अतिवृष्टि होने के कारण बिजली के खंभे गिरने और ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। उन्होंने उर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे छतरपुर और टीकमगढ़ जिले के प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रभावित गांवों में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी जिलों में लोगों को समुचित बिजली की आपूर्ति होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए है कि सागर संभाग के सभी जिलों में बिगड़े हुए ट्रांसफार्मरों को सुधारने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर सागर संभाग श्री सुचारी ने उक्त निर्देश सोमवार को विकास और निर्माण कार्यो की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में वर्षा काल में सड़कों की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत की जाए तथा मुख्य सड़कों से पानी की निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने कहा कि सडकों में पानी के जमाव के कारण सड़कें खराब होती है। जिससे सागर संभाग की प्रमुख सड़कों में पानी का भराव नहीं हो इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में केन-बेतवा लिंक नहर परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावितों को मुआवजे का वितरण तेजी से किया जाए। साथ ही प्रभावित लोगों के पुर्नवास की व्यवस्था भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अधीक्षण यंत्री जल संसाधन ने बताया कि केन-बेतवा नहर लिंक परियोजना के भू-अर्जन का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि छतरपुर और पन्ना जिले के 22 गांवो में भू-अर्जन की कार्यवाही की जा चुकी है तथा मुआवजा राशि का वितरण किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सागर संभाग के प्रमुखों बांधों में जल स्तर की समीक्षा करते हुए कहा कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी सागर संभाग के प्रमुख बांधो के जल स्तर की जानकारी उन्हें प्रतिदिन मुहैया कराएं तथा संभाग के प्रमुख बांधों और तालाबों में जल भराव की स्थिति की सतत निगरानी करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि बांधों और तालाबों में पानी के अधिक भराव होने की स्थिति में बांधो और तालाबों से आवश्यक होने पर पानी की निकासी भी करें। बैठक में कमिश्नर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किए जाए।

### ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**छतरपुर।** छतरपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया।

Uttar Pradesh University of Medical Sciences
Saifai, Etawah – 206130
Email: jdmm-upums@upums.ac.in
Ref.No.252/UPUMS/MM-Deptt/2025-26 Dated: 14-07-2025
NOTICE
UPUMS intent to invite Expression of Interest (EOI) from possible bidders for procurement of medical Equipments for Financial Year-2025-26. Interested bidder are requested to look on the University website www.upums.ac.in.

कार्यालय शासकीय महाविद्यालय लवकुशनगर जिला छतरपुर (म.प्र.)
क्रमांक/947/2025 लवकुशनगर, दिनांक 14/07/2025
प्रथम निविदा
आमंत्रण सूचना
शासकीय महाविद्यालय लवकुशनगर द्वारा समस्त सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग से प्रचलित SOR दर 2025 एवं संशोधित नियम शर्त अनुसार (कम/अधिक) प्रतिशत दरों पर आफलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा एवं अन्य जानकारी कार्यालय प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय लवकुशनगर जिला छतरपुर से प्राप्त की जा सकती है।

| टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा आमंत्रण सूचना |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1/2025 | महाविद्यालय प्रांगण की पुलिया, लेबिल, फिलिंग, वाल बनाये जाने | 5.42 लाख | 10835 | 2000 | 1 माह | केन्द्रीय कृत पंजीयन के एकीकृत "स" श्रेणी अधिक | प्रथम निविदा आमंत्रण |

नोट :-
1. निविदा प्रपत्र निविदा प्रकाशन से 14 दिवस तक कार्यालयीन समय में ऑफलाइन भुगतान कर प्राप्त कर सकते है।
2. निविदाकार, निविदा प्रपत्र, आफलाइन दरें समस्त दस्तावेज 21 दिवस में कार्यालयीन समय में अनिवार्य रुप से जमा करायें।
3. कार्य संबंधित जानकारी एवं अन्य शर्त कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।
4. कार्य के देयकों से शासन के नियमानुसार निर्धारित कटौत्रा किये जावेगें।
5. लोक निर्माण विभाग से प्रचलित SOR दर 2025 एवं संशोधित नियम पालनीय होगें।
6. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय लवकुशनगर के पास सुरक्षित रहेगा।

(डॉ. एच.सी. अहिरवार)
प्राचार्य/सचिव
शासकीय महाविद्यालय लवकुश नगर
जिला छतरपुर मध्यप्रदेश

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# सरकारी छंटनी बनी बदले की कार्रवाई

अमेरिका के सरकारी विभाग इस समय अपने दौर की सबसे बड़ी छंटनी से गुजर रहे हैं। एक ही दिन में ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने स्टेट डिपार्टमेंट के 1300 से ज्यादा कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। यहां से अभी तक 3000 से अधिक कर्मियों को बर्खास्त किया जा चुका है। इसी तरह जस्टिस डिपार्टमेंट में लगातार छंटनी चल रही है। बीते दिनों करीब 20 लोगों को निकाला गया। इनमें वकील, सुरक्षा अधिकारी और सपोर्ट स्टाफ के लोग थे।

2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार न करने वाले डॉनल्ड ट्रंप के समर्थकों ने जनवरी 2021 में यूएस कैपिटल हिल पर हमला किया था। इस हिंसा से पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई थी, लेकिन ट्रंप इसे राजनीतिक विरोध कहते रहे। सत्ता में लौटते ही उन्होंने उस हिंसा में शामिल 1500 से ज्यादा लोगों को माफी दे दी। इसके उलट, उन अधिकारियों को सजा दी जा रही है जिन्होंने इस मामले की जांच या पैरवी की थी। ट्रंप के निशाने पर वे सभी हैं, जिन्होंने उनके खिलाफ किसी भी फेडरल मुकदमे में कोई भूमिका निभाई थी।

डॉनल्ड ट्रंप असहमति की गुंजाइश को खत्म कर रहे हैं, चाहे वह राजनीतिक हो या संस्थागत। यही वजह है कि डेमोक्रेटिक शासित राज्यों से उनका टकराव भी गहराता जा रहा है।

हाल ही में जस्टिस डिपार्टमेंट ने मिनेसोटा की भर्ती प्रक्रिया पर जांच बैठाई है। इस राज्य पर ट्रंप प्रशासन की यह तीसरी कार्रवाई है।

यह महज संयोग नहीं है कि मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज पिछले साल डेमोक्रेट्स की तरफ से उप-राष्ट्रपति पद के टिकट के दावेदार थे और ट्रंप के आलोचक रहे हैं।

> ट्रंप प्रशासन सिस्टम में सुधार करना चाहता है, लेकिन स्टेट और जस्टिस डिपार्टमेंट में जिस तरह लोगों को टारगेट किया जा रहा है, वह सीधे-सीधे इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बना देता है।

हार्वर्ड जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी पर लगाई गई बंदिशें हों या खुद का खड़ा किया 'डोज' ट्रंप हर जगह पूर्ण नियंत्रण चाह रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं।

इससे खुद अमेरिका की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। मानवाधिकार, शरणार्थी नीति और विदेश मामलों से जुड़े विभागों में लगातार कटौती हो रही है। इससे अमेरिका की विदेश नीति को लेकर असमंजस की स्थिति है।

ट्रंप की कार्रवाई सिस्टम में सुधार लाने वाले नहीं, उसमें डर भरने वाली है। वह सत्ता का केंद्रीकरण कर रहे हैं। उनके कदम इस भरोसे को तोड़ रहे हैं कि प्रशासन निष्पक्षता के साथ और बिना डरे अपना काम कर सकता है।

यह कदम ट्रम्प प्रशासन की नाटकीय पुनर्गठन योजना के अनुरूप उठाया गया है। आलोचकों का कहना है कि इससे अमेरिका के वैश्विक नेतृत्व और विदेशों में खतरों का मुकाबला करने के प्रयासों को नुकसान पहुंचेगा। हालांकि डोनाल्ड ट्रम्प, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उनके रिपब्लिकन सहयोगियों ने विभाग को अधिक चुस्त, अधिक चुस्त और अधिक कुशल बनाने के लिए इस कदम की सराहना की है।

# भारत के बिना अधूरी है सार्क का पुनर्जनन करने की चर्चा

अंतरराष्ट्रीय संगठन

**डॉ पवन चौरसिया**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद इतना तो साफ़ हो चुका है कि भारत के खिलाफ़ खड़े रहने में पाकिस्तान के साथ चीन हर मोर्चे पर एक दूसरे का सहयोग करने के लिए तत्पर है। हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट से पता चला है कि पाकिस्तान और चीन अब एक ऐसे प्रस्ताव पर एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य एक नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। गौरतलब है कि ये नया संगठन 1985 में स्थापित दक्षिण एशियाई देशों के संगठन 'सार्क' को समाप्त करके खुद उसकी जगह ले सकता है। हाल ही में चीन के कुनमिंग नगर में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक हुई थी। ऐसा माना जा रहा है कि ये बैठक इसी संगठन को एक ढांचागत व्यवस्था प्रदान करने के लिए रखी गई थी। ऐसे में सवाल उठता है क्या सार्क के विकल्प में चीन और पाकिस्तान द्वारा कोई नया क्षेत्रीय संगठन खड़ा किया जा सकता है ? यदि ऐसा होता है तो कौन से देश इस नई संगठन से जुड़ सकते हैं या जुड़ेंगे? उसमे भारत की क्या भूमिका या चुनौतियां होंगी? द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से क्षेत्रीय संगठनों की सफलता का रिकॉर्ड मिश्रित रहा है। जहां एक ओर यूरोपीय संघ (ईयू) को क्षेत्रीय संगठनों के लिए एक मानक के रूप में देखा जाता है, वहीं दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन यानी सार्क अपनी स्थापना के कई वर्षों बाद भी प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर सका है। सार्क की स्थापना दक्षिण एशियाई देशों के बीच सद्भावना के आधार पर की गई थी, ताकि विश्व के सबसे घनी आबादी वाले, लेकिन सबसे कम एकीकृत क्षेत्रों में से एक में शांति, आर्थिक विकास और समृद्धि सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, सार्क का यह उत्साह कभी कार्यरूप में परिणत नहीं हो सका, मुख्यतः क्योंकि इस संगठन का एक सदस्य देश पाकिस्तान कभी भी ऐसा होने नहीं देना चाहता है।

अतीत में भारत ने सार्क को एक ऐसे संगठन के रूप में विकसित करने के लिए ठोस प्रयास किए हैं जो व्यापार, विकास और सभी सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे सके, लेकिन भारत का यह प्रयास ज्यादा दूर तक नहीं जा सका। 2014 में मोदी सरकार ने सार्क उपग्रह का प्रस्ताव रखा, जिसे 2017 में दक्षिण एशिया उपग्रह के रूप में लॉन्च किया गया,



> भारत के खिलाफ़ खड़े रहने में पाकिस्तान के साथ चीन हर मोर्चे पर एक दूसरे का सहयोग करने के लिए तत्पर है। क्या सार्क के विकल्प में चीन और पाकिस्तान द्वारा कोई नया क्षेत्रीय संगठन खड़ा किया जा सकता है ? यदि ऐसा होता है तो कौन से देश इस नई संगठन से जुड़ सकते हैं या जुड़ेंगे? उसमे भारत की क्या भूमिका या चुनौतियां होंगी?

जो सार्क देशों (पाकिस्तान को छोड़कर, जिसने इसमें हिस्सा नहीं लिया) को संचार और मौसम संबंधी सेवाएं प्रदान करता है। 2021 में भारत ने बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और मालदीव जैसे सार्क देशों को अनुदान और वाणिज्यिक सौदों के माध्यम से कोविड-19 टीके प्रदान किए। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि भारत सार्क को एक मजबूत क्षेत्रीय संगठन बनाने की कोशिश करता रहा है, जो सदस्य देशों के लिए लाभकारी हो।

**पाकिस्तान और चीन की चाल :** लंबे समय से, सार्क के विकल्प के रूप में एक संगठन विकसित करने की कोशिशें की जा रही हैं। हाल ही में चीन और पाकिस्तान ने सार्क के विकल्प की चर्चा को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। ऐसे में यदि कोई नया क्षेत्रीय संगठन अस्तित्व में आ भी जाता है तो इस नए संगठन के योजनाकारों को ही यह तय करना होगा कि वे किन देशों को इसमें शामिल करना चाहते हैं। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि भारत के पड़ोसी देश जैसे श्रीलंका, भूटान और नेपाल, भारत को पूरी तरह से नाराज़ नहीं करना चाहेंगे। वे उस क्षेत्रीय संगठन में शामिल नहीं होना चाहेंगे जिसमें भारत मौजूद नहीं हो या होना नहीं चाहता। भले ही कुछ देशों के भारत के साथ मुद्दे हो सकते हैं, लेकिन वे दिल्ली द्वारा स्पष्ट रूप से भारत-विरोधी के रूप में देखे जाने से बचना चाहेंगे।

एक बात तो स्पष्ट है कि दक्षिण एशिया के बारे में कोई भी चर्चा, चाहे वह सार्क को पुनर्जनन करने की हो या एक नया संगठन बनाने की, भारत के बिना अधूरी रहेगी। इसके कई ठोस कारण भी हैं। भारत न केवल विश्व की चौथी सबसे बड़ी, बल्कि इस क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। क्षेत्रफल के लिहाज़ से भी यह क्षेत्र का सबसे बड़ा देश है जो एक मजबूत लोकतंत्र होने के साथ-साथ, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी स्थायी सेना और हिंद महासागर में मजबूत उपस्थिति वाली नीली जल नौसेना रखता है। यह भी एक तथ्य है कि सार्क के अधिकांश देश एक-दूसरे के साथ सीमाएं साझा नहीं करते, केवल भारत ही लगभग सभी देशों (पाक-अधिकृत कश्मीर के माध्यम से अफगानिस्तान सहित) के साथ भूमि सीमाएं साझा करता है। इसके अलावा भारत सार्क के संयुक्त जीडीपी का लगभग 80 फीसदी हिस्सा रखता है। भारत सार्क के व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र में केंद्रीय है, इसमें बांग्लादेश का लगभग 90 फीसदी क्षेत्रीय व्यापार, नेपाल का 80 फीसदी और श्रीलंका व भूटान का महत्वपूर्ण हिस्सा भारत के साथ होता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि सार्क के भीतर व्यापार केवल 5 फीसदी है, जो अन्य क्षेत्रीय संगठन, जैसे आसियान के 25 फीसदी की तुलना में बहुत कम है। भारत की आबादी सार्क की कुल 1.9 अरब आबादी में से लगभग 1.4 अरब है, जो करीब 75 फीसदी है। नेपाल और भूटान जैसे भू-आबद्ध देशों के लिए भारत अत्यंत आवश्यक है, जो वैश्विक व्यापार के लिए भारतीय बंदरगाहों (जैसे कोलकाता, विशाखापत्तनम) पर निर्भर हैं। जी-20 और क्वाड जैसे मंचों में भारत का वैश्विक प्रभाव इतना बड़ा है कि सार्क के सदस्य इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते।

**भारत के बिना दक्षिण एशिया अकल्पनीय :** भारत ने अपने व्यापक मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) रणनीति के माध्यम से पड़ोसी देशों में आपदाओं के लिए प्राथमिक उत्तरदाता के रूप में खुद को स्थापित किया है। 2015 के नेपाल भूकंप के दौरान भारत ने ऑपरेशन मैत्री शुरू किया। इसमें भारतीय वायु सेना और सेना कुछ ही घंटों में राहत, चिकित्सा सहायता और बचाव कार्यों के लिए जुट गई। भारत ने 2014 के जल संकट के दौरान मालदीव को तुरंत पानी की आपूर्ति करके और 2017 की बाढ़ के दौरान श्रीलंका को नौसैनिक जहाजों के माध्यम से आपूर्ति भेजकर वक्त पर सहायता प्रदान की। ये तथ्य इस बात को सिद्ध करते हैं कि भारत के बिना दक्षिण एशिया, दक्षिण एशिया ही नहीं है!

चीन और पाकिस्तान द्वारा प्रस्तावित नए क्षेत्रीय संगठन की अवधारणा केवल एक भू-राजनीतिक कदम है, जिसके माध्यम से चीन न केवल भारत पर दबाव डालना चाहता है, बल्कि भारत के निकट अपनी उपस्थिति को संस्थागत करना चाहता है और उस क्षेत्र में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को नकारना चाहता है जिसे भारत का पिछवाड़ा माना जाता है। यह वही मंशा है जो चीन अपनी स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति के माध्यम से पूरी करने की कोशिश कर रहा है। मालदीव इसका एक उदाहरण है। राष्ट्रपति मुइज्जु इंडिया आउट अभियान के साथ सत्ता में आए थ। ऐसी अटकलें थीं कि दोनों देशों के बीच संबंधों को अपूरणीय क्षति होगी। लेकिन न केवल मुइज्जु ने भारत का दौरा किया, बल्कि उन्होंने भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने की आवश्यकता को भी स्वीकार किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी में बदलने पर सहमति व्यक्त की। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत के पड़ोसी देश इस तथाकथित नए संगठन में शामिल होने के निमंत्रण का उपयोग भारत के खिलाफ उससे सौदेबाजी के रूप में एक हथियार के रूप में कर सकते हैं, ताकि वे भारत के साथ बेहतर सौदा कर सकें। इसके बाद भी वे भारत की संवेदनशीलता को काफी हद तक ध्यान में रखेंगे।

# सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों में ज्ञान परंपरा की झलक

विधि व्यवस्था

**डॉ रश्मि सिंह राणा**

सर्वोच्च न्यायालय भारतीयों के लिए न्याय का प्रथम तथा अंतिम सहारा है। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक निर्णयों से ना सिर्फ लोकतंत्र की सच्ची नींव रखी अपितु एक संस्था के रूप में अपनी साख को भी संजोये रखा। सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीयों के मूलभूत अधिकारों को और संविधान के आधारभूत ढांचे को सुरक्षित बनाये रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न अवसरों पर अपने निर्णयों की दक्षता के माध्यम से भारतीय नागरिकों की अपेक्षाओं और इच्छाओं को सिद्ध किया। कई बार ऐसा भी हुआ कि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों पर सवाल उठे, जैसे कि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अत्यधिक लंबे, भाषा की दृष्टि से जटिल और क्लिष्ट होते हैं तथा भारतीय सर्वोच्च न्यायालय अपने निर्णयों में विदेशी न्यायिक दृष्टांतों (नजीरों) पर अत्यधिक निर्भर रहते हैं, किंतु यह सत्य नहीं। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के संदर्भ में बनस्थली विद्यापीठ में किए गए एक शोध में इस मिथक के विरुद्ध निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए।

**85 फीसद से भी अधिक निर्णय संक्षिप्त :** इस शोध में दी गई तालिका से यह स्पष्ट होता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सन 2016 से 2020 के बीच लगभग 5502 निर्णय दिये जिसमें मात्र 1245 विदेशी नजीरों जबकि 24160 भारतीय नजीरों को उद्धृत किया गया। न्यायालय के 85% से भी अधिक निर्णय 30 पृष्ठों से भी कम हैं जो इस मिथक के विपरीत है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अत्यधिक लंबे, जटिल और क्लिष्ट होते हैं। इस अध्ययन में यह भी पाया गया था कि भारतीय जनता कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, तीनों संस्थाओं में से सबसे अधिक आस्था न्यायपालिका में रखती है। इसका मुख्य कारण यह है कि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों में भारतीय पारंपरिक ज्ञान परंपरा की झलक मिलती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंकज मित्तल ने यह कहा है कि विधि विश्वविद्यालय में वेदों, महाभारत, रामायण तथा पुराण में निहित विधि-दर्शन को पाठ्यक्रम में लागू किया जाए है।



> कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, तीनों संस्थाओं में से भारतीय जनता सबसे अधिक आस्था न्यायपालिका में रखती है। इसका मुख्य कारण यह है कि सर्वोच्च न्यायपालिका के निर्णय निष्पक्ष होते हैं। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों में भारतीय पारंपरिक ज्ञान परंपरा की झलक मिलती है।

**सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले :** भारतीय सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय जैसे 'बच्चन सिंह विरुद्ध राज्य' जिसे विरले से विरलेतम (रेयर ऑफ द रेयरेस्ट) मामला कहा जाता है, में यह सिद्धांत प्रतिपादित किया था कि मृत्युदंड सिर्फ विरले से विरलेतम मामले में ही दी जा सकती है। इस निर्णय का प्रमुख आधार राजेंद्र प्रसाद बनाम उत्तर प्रदेश राज्य की नजीर थी, जिसमें न्यायमूर्ति वीआर कृष्ण अय्यर ने कहा भारत, गौतम बुद्ध, महावीर और गांधी की भूमि है, भारतीय संस्कृति में जीवन सृष्टि द्वारा दत्त और प्रदत्त माना जाता है, इसका हरण विरलतम परिस्थितियों में ही संभव है। इसी प्रकार मेनका गांधी बनाम भारत संघ का मामला है जिसे हम व्यक्ति की गरिमा का मामला भी कहते हैं। इस मामले यह भी स्थापित किया गया कि 'विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के मूल अधिकार में विदेश भ्रमण का अधिकार भी शामिल है ।सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में उद्धृत करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीनकाल से ही विचारों के आदान-प्रदान हेतु विदेश भ्रमण तथा विदेशियों के आगमन की एक लंबी परंपरा है। हितोपदेश और नीति शास्त्र को उद्धृत करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा भारतीय संस्कृति कूपमंडूक बने रहने की प्रथा का समर्थन नहीं करती है। यह मानव के प्रगतिशील होने की दिशा में बाधक है। इसी प्रकार 'निजता के अधिकार' को लेकर अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय केएस पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ में न्यायाधीशों ने निजता के अधिकार को परिभाषित करते हुए रामायण, महाभारत, गृहसूत्र तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र को उद्धृत करते हुए इसे मूलाधिकार के रूप में स्वीकृत किया। कलिंदी दामोदर गार्डे बनाम मनोहर लक्ष्मण कुलकर्णी एवं अन्य के मामले मे जब एक दिलचस्प प्रश्न सर्वोच्च न्यायालय आया कि क्या किसी व्यक्ति को गोद लिये जाने से पूर्व जन्मे उसके पुत्र को उसकी सम्पत्ति में उत्तराधिकारी होने का अधिकार है या नहीं? या दत्तक लिये जाने के पश्चात जन्मे बच्चे को ही सम्पत्ति उसकी सम्पत्ति में उत्तराधिकारी होने का अधिकार होगा? इस प्रश्न को सुलझाने के लिये भी सर्वोच्च न्यायालय ने हिन्दू शास्त्रों से इस तर्क को उद्धृत किया, किसी भी प्रकार से पिता को पिता होने से निरुद्ध नहीं किया जा सकता हैं।' और स्थापित किया दत्तक से पूर्व तथा पश्चात जन्मे हर बच्चे समान रूप उत्तराधिकारी होने का अधिकार है। अतः यह कहना अनुचित न होगा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गये इन ही तर्कों एवं मूल्यों से ही जनमानस के हृदय में अपना स्थान बनाया है। भारतीय पारंपरिक ज्ञान के सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक है। अतः भारतीय विधिक दर्शन का विधिक शिक्षा में शामिल किया जाना सुसंगत है।

प्रसंगवश


# सहेजने योग्य हैं अंतरिक्ष मिशन के अनुभव

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर शुभांशु शुक्ला की उपस्थिति और उसकी चर्चा सुखद है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पूरी टीम सहित (14 जुलाई) को धरती के लिए चल पड़े। भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के लिए यह एक कभी न भुलाई जाने वाली उपलब्धि है। हालांकि, एक्सिओम-4 मिशन महज 14 दिनों के लिए प्रस्तावित था, लेकिन तकनीकी वजहों से इसे दो-तीन दिन लंबा खिंचना पड़ा है। मगर ऐसी देरी अंतरिक्ष केंद्र के यात्रियों के लिए नई नहीं है। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स तो इसका ताजा उदाहरण हैं, जो करीब नौ महीने के बाद धरती पर लौट सकीं, जबकि उनकी यात्रा सिर्फ एक हफ्ते के लिए तय की गई थी। एक्सिओम-4 मिशन अपने प्रयोगों के लिए खास तौर से जाना जाएगा। पूरे अभियान के दौरान जैव चिकित्सा विज्ञान, एडवांस मेटिरियल, तंत्रिका विज्ञान, कृषि और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़े 60 से अधिक प्रयोग किए गए हैं। यही वजह है कि प्रयोगों की संख्या के लिहाज से इसका नाम उन निजी अभियानों में शीर्ष पर पहुंच गया है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए अब तक चलाए गए हैं। इन प्रयोगों से अंतरिक्ष अन्वेषण को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, पृथ्वी पर इंसानी जीवन को भी फायदा मिलेगा, क्योंकि मधुमेह प्रबंधन, कैंसर के नए उपचार और मानव स्वास्थ्य की निगरानी जैसे क्षेत्रों में नई राह खुलने के कयास लगाए जा रहे हैं। इनमें भी जिन प्रयोगों को शुभांशु ने अंजाम दिए हैं, उनको खास माना जा रहा है। जैसे, 5 जुलाई को उन्होंने अपने सहयोगी यात्रियों के साथ सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण की स्थिति में हड्डियों की प्रतिक्रिया का अध्ययन किया है। यह एक ऐसा प्रयोग है, जिससे पृथ्वी पर ऑस्टियोपोरोसिस के बेहतर इलाज की संभावना बन सकती है। ध्यान रहे, ऑस्टियोपोरोसिस ऐसी बीमारी है, जिसमें इंसानों की हड्डियां इस हद तक कमजोर हो जाती हैं कि उनके आसानी से टूट जाने का खतरा बढ़ जाता है। माना जाता है कि दुनिया भर में तकरीबन 20 करोड़ लोग इस गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, जिनमें भारतीयों की संख्या छह करोड़ से अधिक है। इसी तरह, अपनी उड़ान के 10वें दिन शुभांशु ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर विकिरण से होने वाले खतरों से संबंधित एक प्रयोग में हिस्सा लिया। यह लंबी अवधि के अंतरिक्ष अभियानों में अंतरिक्ष यात्रियों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने सूक्ष्म शैवाल को लेकर भी अध्ययन किए हैं। इससे पृथ्वी की कक्षा से बाहर 'डीप स्पेस' मिशनों के लिए भोजन, ऑक्सीजन और जैव ईंधन प्रदान करने में मदद मिल सकती है। मुश्किल परिस्थितियों में भी उबरने की इन शैवालों की क्षमता उनको पृथ्वी से परे जीवन को बनाए रखने के लिए एक आशाजनक संसाधन बनाती है। अंतरिक्ष में दीर्घकालिक कृषि को संभव बनाने के साथ ही, ऐसे प्रयोगों से पौधों की आनुवंशिक संरचनाओं को भी समझने में मदद मिलेगी। जाहिर है, अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया इन प्रयोगों के आधार पर आगे बढ़ना चाहेगी और इस मिशन के अनुभवों को सहेजना चाहेगी। भारत के लिहाज से भी यह मानव अंतरिक्ष अभियान की एक ठोस शुरुआत है। लिहाजा, उम्मीद यही है कि इसरो 2027 के शुरुआती महीनों में अपने गगनयान अभियान को पूरा कर लेगा। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह से इस संस्थान ने अपने खाते में उपलब्धियां बटोरी हैं, उसे देखते हुए यह उम्मीद गलत नहीं है।

> अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर शुभांशु शुक्ला की उपस्थिति और वहां किए गए उनके अनुसंधानों की चर्चा सुखद है। भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के लिए यह एक ऐसी उपलब्धि है, जिसकी अनुगूंज कभी खत्म नहीं होगी।



## ।।गीता।।



**श्लोक**

निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव।
न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे॥

**भावार्थ**

हे केशव! मैं लक्षणों को भी विपरीत ही देख रहा हूँ तथा युद्ध में स्वजन-समुदाय को मारकर कल्याण भी नहीं देखता।

जीवन दर्शन

# महादेव की सीखों को अपनाएं, खुशियों से भरा रहेगा जीवन

धार्मिक मान्यता के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति सच्चे मन से भगवान महादेव की पूजा और व्रत करता है, तो उसे जीवन में सफलता की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्म में महादेव को देवों के देवता माना जाता है। यह विश्वास है कि सभी देवी-देवताओं में सबसे सरल भक्तों की भक्ति महादेव के प्रति होती है। महादेव उन देवताओं में सबसे पहले हैं जो वरदान देने में अग्रणी हैं, क्योंकि भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए केवल सच्चे मन की आवश्यकता होती है। वे एक लोटे जल से भी संतुष्ट हो जाते हैं। यदि आप अपने जीवन में अपार खुशियों की कामना करते हैं, तो भगवान शिव की कुछ महत्वपूर्ण बातों को अवश्य अपनाएं।

**महिलाओं का सम्मान :** शास्त्रों में यह उल्लेखित है कि भगवान शिव ने कभी भी नर और नारी में भेदभाव नहीं किया। शंकर भगवान के अर्धनारीश्वर अवतार में हम देखते हैं कि महादेव का आधा शरीर स्त्री का और आधा शरीर पुरुष का है। यह अवतार महिला और पुरुष दोनों की समानता का संदेश देता है। समाज, परिवार तथा मानस जीवन में जितना महत्व पुरुष का है उतना ही महत्व स्त्री का भी है। एक-दूसरे के बिना इनका जीवन अधूरा है, यह दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।



**मदद का भाव :** शास्त्रों के अनुसार, भोलेनाथ हमेशा सेवा भाव और जन कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं। इसका एक प्रसिद्ध उदाहरण है जब भगवान शिव ने समुद्र मंथन के दौरान सभी देवी-देवताओं को बचाने के लिए स्वयं विष का पान किया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि जितना हम दूसरों की मदद करेंगे, उतना ही हमें सम्मान और प्रेम प्राप्त होगा।

**समानता की भावना :** महादेव ने कभी भी अपने भक्तों और अन्य देवी-देवताओं के बीच भेदभाव नहीं किया। भगवान के इस दृष्टिकोण से हमें भी सभी लोगों के प्रति समान भाव रखने की प्रेरणा लेनी चाहिए और सभी को एक समान दृष्टि से देखना चाहिए।

**शांति से कार्य करें :** भगवान शिव की छवि में चंद्रमा उनके मस्तक पर विराजमान है, जो शांति और शीतलता का प्रतीक है। इस दृष्टिकोण से, हमें यह सीख मिलती है कि जीवन की किसी भी परिस्थिति में हमें शांति बनाए रखनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. शशिकला को एमसीयू रजिस्ट्रार का प्रभार मिला



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्राकरिता एंव संचार विवि (एमसीयू) ने डॉ. अविनाश वाजपेयी से कुलसचिव का प्रभार लेकर नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की एचओडी डॉ. शशिकला को दिया है। वे अपने विभाग के साथ कुलसचिव के दायित्व को निभाएंगी। सोमवार को डॉ शशिकला पीएचडी वायवा ले रही थीं। इसी दौरान उन्हें सूचित किया गया कि उन्हें कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार लेना है। उन्हें वायवा छोड़कर कुलसचिव का प्रभार ग्रहण करना पड़ा। डॉ वाजपेयी को मीडिया प्रबंधन के एचओडी के साथ छात्र कल्याण डीन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं मनीष महेश्वरी कम्प्यूटर अनुप्रयोग विभाग के एचओडी के साथ अकादमिक विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### सब इंस्पेक्टर, आरक्षक को आउट ऑफ टर्म प्रमोशन

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने रतलाम में प्रतिबंध आतंकी संगठन अलसुफा के फरार आतंकी फिरोज उर्फ सब्जी को पकड़ने वाले सब इंस्पेक्टर सत्येन्द्र रघुवंशी और कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राहुल जाट को आउट ऑफ टर्म प्रमोशन देने का फैसला लिया है। इन दोनों ने जयपुर में ब्लास्ट की साजिश रचने वाले फरार आतंकी फिरोज को पकड़ने में कामयाबी हासिल की थी। फिरोज पर एनआईए ने पांच लाख का इनाम भी रखा था। फिरोज को रतलाम में उसके रिश्तेदारों के घर से ही गहरी छानबीन के बाद रघुवंशी और जाट ने मिलकर पकड़ा था, जहां वह छिपकर रह रहा था। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने रतलाम जिले में पदस्थ दोनों पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए सोमवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि दोनों पुलिसकर्मियों ने अद्वितीय साहस दिखाते हुए आतंकी को गिरफ्तार किया है इसलिए उन्हें आउट ऑफ टर्म प्रमोशन दिया जा रहा है।

### जल संरक्षण पर संगोष्ठी तथा पौधरोपण संपन्न

**जागरण, भोपाल।** विरासत बचाओ मंच एवं कैनोइंग क्याकिंग एसो. के संयुक्त तत्वावधान में छोटे तालाब में पौधरोपण एवं जल संरक्षण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विरासत बचाओ मंच के पदाधिकारियों ने छोटे तालाब के किनारे पौधे रोपे। इसके बाद जल संरक्षण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न पदाधिकारियों ने विचार रखे। सर्वप्रथम विनोद सोनकिया (एसडीएम) ने संबोधन में जल संरक्षण की उपयोगिता के बारे में बताया कि मीठे पानी के प्राकृतिक संसाधनों की स्थाई व्यवस्था की जानी चाहिए तथा जल संकट का समाधान जल संरक्षण से ही होगा तथा वर्तमान में सरकार एवं केंद्र सरकार विभिन्न माध्यमों से जल संरक्षण के लिए पुरस्कार दे रही है।

### कूनो पार्क से भागे चार चीतों ने गौवंश का किया शिकार

**जागरण, श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से भागे 4 चीते विजयपुर इलाके में घूम रहे हैं।



इस बीच उन्होंने एक गौवंश का शिकार भी किया है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दरअसल, कूनो नेशनल पार्क की चीता ज्वाला तीन चीतों के साथ विजयपुर क्षेत्र के बगवानी और सिमरई गांव के पास दिखाई दिए। इस दौरान चीतों ने एक गौवंश का शिकार किया और धोबनी रोड के पास अपनी भूख मिटाते हुए दिखे। एक कार सवार शख्स ने उन्हें भगाने की भी कोशिश की। लेकिन चीते टस से मस नहीं हुए। बता दें कि पिछले दो दिनों से ये चीते इसी इलाके में भ्रमण कर रहे हैं। इनके गले में कॉलर आईडी भी लगा है। हाल ही में एक यात्री बस के पास बारिश के बीच आनंद लेते इनका वीडियो सामने आया था।

# चैंबर में नहीं बैठें पदाधिकारी: खंडेलवाल

## प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों की पहली बैठक में खंडेलवाल ने साफ की अपनी कार्यप्रणाली

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पदाधिकारियों से कहा है कि पार्टी मुख्यालय में बने चैंबर में ज्यादा समय न गंवाए, बल्कि मैदान में जाकर लोगों को सरकार की नीतियों और पार्टी की विचारधारा के बारे में बताएं। पदाधिकारियों को भाई-भतीजावाद से दूर रहना होगा। वो अपने परिवार में इकलौते हैं, जो राजनीति में हैं, ऐसे में उनके परिवार का हवाला देने वाले व्यक्तियों को बिल्कुल महत्व नहीं दें। खंडेलवाल सोमवार को पहली बार प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिलाध्यक्षों से कहा कि वो हर हाल में जिले की टीम 25 जुलाई तक गठित कर लें और फिर सरकार और संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाए। उन्होंने मोर्चा प्रकोष्ठ सहित दूसरे प्रदेश पदाधिकारियों से कहा कि पार्टी दफ्तर में बनाए गए उनके चेम्बर कार्यकर्ताओं से संवाद के केन्द्र है। इसके लिए वहां कार्यालय मंत्री बैठे और दूसरे पदाधिकारी अपने-अपने तय कार्यक्रमों को लेकर जनता के बीच जाएं और उन्हें बताए कि सरकार किस तरह से उनके विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे पदाधिकारियों को मैं देखता हूं जो सातों दिन दफ्तर में ही रहते हैंञ इसलिए लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराएं और उन्हें पार्टी से जोड़ा जाए। हम सब एक विचार के लिए कार्य करते हैं। हमारे लिए संगठन सर्वोपरि है। हमें संवाद, समन्वय व संपर्क से पार्टी को उंचाईयों पर ले जाना है।



### दस हजार स्क्वायर फीट में बनाएं कार्यालय

खंडेलवाल ने जिलाध्यक्षों से कहा कि जहां पर पार्टी के दफ्तर नहीं हैं, वहां जल्द कार्यालय बनाने की दिशा में पहल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों द्वारा एक से दो एकड़ जमीन कार्यालय बनाने के लिए मांगी जा रही है,जबकि इतनी जरुरत नहीं है। हमें ज्यादा से ज्यादा दस हजार स्क्वायर फीट पर भवन बनाना है। हमें संगठन द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को समय सीमा में सुनिश्चित करना है। जिला कोर कमेटी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र संयोजकों की अलग-अलग बैठकें महीने में एक बार अवश्य हो यह सुनिश्चित करें।

### जिला अध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा भाजपा संगठन में जिला अध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ हर समय अलर्ट रहें और समन्वय बनाकर संगठन के कार्यों को सुनिश्चित करें। हम सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की पंच निष्ठा, वैचारिक अधिष्ठानों के आधार पर कार्य करते हुए समाज को पार्टी से जोड़ने के लिए कार्य करना है। प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत के कारण पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी को बड़ी सफलता हासिल हुई। हमारा यह सिलसिला आने वाले सालों में रुकना नहीं चाहिए।

# विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बेचे टिकट: लक्ष्मण सिंह

## कांग्रेस के बराबर की पार्टी बनाने के दिए संकेत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस से निष्कासित पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि आज की कांग्रेस में न प्रदेश स्तर और न ही राष्ट्रीय स्तर पर कोई नेतृत्व दिख रहा है। ऐसे में वह खत्म हो चुकी कांग्रेस की बराबरी में एक की नई कांग्रेस खड़ी करूंगा। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट बेचे गए थे, जिसके प्रमाण जल्द ही उनके द्वारा दिए जाएंगे।

सिंह ने राजगढ़ में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस में बाहर से आने वाले पर्यवेक्षक बिना जमीनी समझ के निर्णय थोप देते हैं। पार्टी में टिकिट बिक्री, नेतृत्व विहीनता की स्थिति है। उन्होंने साफ किया कि वे जल्द ही कांग्रेस की विचारधारा पर आधारित लेकिन एक नई पार्टी की नींव रखेंगे, जो मौजूदा कांग्रेस के समानांतर खड़ी होगी। मैं ऐसी कांग्रेस बनाऊंगा, जिसमें एक-एक कार्यकर्ता को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में बाहर से आने वाले पर्यवेक्षक बिना जमीनी समझ के निर्णय थोप देते हैं, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है। सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए दावा किया कि हालिया विधानसभा चुनाव में पार्टी ने कई सीटें बेच दीं। राजगढ़ सहित कई क्षेत्रों में रुपये लेकर टिकिट दिए गए. ऐसे माहौल में कौन ईमानदारी से काम करेगा। उनके द्वारा जल्द ही इन टिकिट बिक्री के प्रमाण जल्द ही सामने लाएंगे। दिग्विजय सिंह को लेकर सवाल पर कहा कि कौन कहता है राजगढ़ उनका है? न गुना हमारा है, न ग्वालियर सिंधिया का। हर क्षेत्र का पहला अधिकार वहां की जनता का है। हरदा लाठी चार्ज को लेकर सिंह ने प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा, यह लाठीचार्ज अंग्रेजी हुकूमत की संस्कृति है। लोकतंत्र में संवाद पहले आना चाहिए, डंडा बाद में आना चाहिए।

# अब 8 घंटे पहले बनेगा चार्ट एक दिन पहले लगेगा कोटा

## भोपाल मंडल में लागू होगी व्यवस्था

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** भोपाल रेल मंडल में मंगलवार की रात से रिजर्वेशन टिकट के चार्ट बनने की व्यवस्था बदलने जा रही है। अब चार्ट चार घंटे नहीं बल्कि आठ घंटे पहले तैयार किया जाएगा। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार यात्री सुविधा और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में बड़े बदलाव लागू किए गए हैं। भोपाल मंडल में यह नई व्यवस्था 15 व 16 जुलाई की मध्य रात्रि से लागू होगी, जिसके तहत ट्रेनों का प्रथम आरक्षण चार्ट अब उनके प्रस्थान समय से 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा। तदनुसार इमरजेंसी कोटे के आवेदन एक दिन पूर्व स्वीकार किये जायेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि पूर्व में यह चार्टिंग प्रक्रिया ट्रेन प्रस्थान से 4 घंटे पूर्व तैयार की जाती थी जो कि अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा। जिससे प्रतीक्षा सूची और आरएसी यात्रियों को अपनी बर्थ की स्थिति 8 घंटे पहले मालूम चल सकेगी।

### ट्रेनों की चार्टिंग की नई समय-सारणी इस प्रकार

- जिन ट्रेनों का प्रस्थान सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच है, उनका पहला चार्ट पूर्ववर्ती दिन रात 9 बजे तक तैयार किया जाएगा।
- जिन ट्रेनों का प्रस्थान दोपहर 2 से रात 11:59 बजे के बीच या मध्यरात्रि से सुबह 5 बजे के बीच है, उनका पहला चार्ट अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा।
- दूसरे आरक्षण चार्ट तैयार करने के संबंध में मौजूदा प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं होगा।
- यह नई व्यवस्था रिमोट लोकेशन (दूरस्थ स्टेशनों) पर चार्टिंग प्रक्रिया के लिए भी अनिवार्य रूप से लागू होगी।

> इस निर्णय का उद्देश्य यात्रा की योजना में सुधार लाना है ताकि यात्री टिकट कन्फर्मेशन की स्थिति समय रहते जान सकें। यह नवाचार यात्रियों की संतुष्टि में वृद्धि करेगा।
>
> ■ **सौरभ कटारिया**, सीनियर डीसीएम भोपाल रेल मंडल

# धार का मित्रा पार्क निवेशकों के लिए तैयार: सीएम

## दुबई में यात्रा के दूसरे दिन कई विशिष्टजनों से मिले मुख्यमंत्री , दिया मध्यप्रदेश में निवेश का न्यौता

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दुबई में प्रमुख कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात की और उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश करने का न्यौता दिया। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश के धार स्थित पीएम मित्रा पार्क अत्याधुनिक क्लस्टर बैश्विक निवेशकों के लिए पूरी तरह से तैयार है। सीएम की निवेशकों से यह चर्चा टेक्सटाइल मर्चेंट्स ग्रुप के मुख्यालय का भ्रमण के बाद हुई। उन्होंने कहा कि धार में पीएम मित्रा पार्क (वस्त्र), तामोट और बिलौआ में प्लास्टिक पार्क, उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क, पीथमपुर में ऑटो, भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक्स, और देवास में फार्मा क्लस्टर यूएई के निवेशकों के लिए तैयार हैं, जहां अधोसंरचना के साथ मध्यप्रदेश सरकार की उद्योग मित्र पॉलिसी उनका स्वागत करने के लिये तैयार है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण और कृषि-तकनीक में यूएई के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई, जिससे भारत और खाड़ी देशों के बीच कृषि आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त किया जा सके।

### विदेश राज्यमंत्री को दिया न्यौता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूएई के विदेश व्यापार राच्य मंत्री डॉ. जेयूदी को सौर ऊर्जा, स्मार्ट ऑटोमेशन, एम्बेडेड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्री 4.0 जैसे क्षेत्रों में यूएई की विशेषज्ञता को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि एमपी में तेजी से विकसित हो रही नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं यूएई के निवेशकों के लिए निवेश का आकर्षक अवसर हैं। डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिये राच्य की नवीन औद्योगिक नीति 2025 में कई अहम बदलाव किए गए हैं। इस मौके पर टेक्सटाइल मर्चेंट्स ग्रुप चेयरमैन नासिर अखून, वाइस चेयरमैन विनोद नागदा, और अन्य भारतीय मूल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने सीईपीए के तहत द्विपक्षीय व्यापार को गति देने पर सहमति जताई।



### साझेदारियों के लिए तैयार मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश 12 यू 2 (इंडिया, इजराइल, यूएई, यूएसए) के फोकस क्षेत्रों-क्लीन टेक, फूड लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक नवाचार में निवेश हेतु तैयार है। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट्स के लिए टेक्समास जैसी संस्थाओं को आमंत्रित किया। राच्य सरकार नई पीढ़ी के टेक्सटाइल उद्यमियों को प्रशिक्षण, लाइसेंसिंग मार्गदर्शन और पूंजीगत समर्थन देने के लिए एक विशेष स्टार्टअप पॉलिसी लागू कर रही है।

### निवेश और सहयोग को लेकर व्यापक चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई प्रवास के दूसरे दिन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधियों के साथ निवेश और सहयोग को लेकर व्यापक चर्चा की। जीआईटीओ प्रतिनिधियों को आगामी निवेश फोरम के आयोजन का आमंत्रण दिया। दुबई स्थित कौशल विकास संस्थान मध्यप्रदेश के ग्लोबल स्किल पार्क के साथ मिलकर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करे, जिससे उद्योगों को कुशल मानव संसाधन मिल सके।

### चेयरमैन से मिले सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई यात्रा के दौरान एमिरेट्स एयरलाइंस और दुबई सिविल एविएशन अथॉरिटी के चेयरमैन शेख अहमद बिन सईद अल मकतूम के साथ बैठक की। बैठक मध्यप्रदेश और यूएई के बीच उड्डयन संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पड़ाव साबित हुई। बैठक में मुख्य रूप से इंदौर और भोपाल शहरों से दुबई के लिए सीधी विमान सेवाएं शुरू करने पर चर्चा हुई। मध्य भारत में एक क्षेत्रीय कार्गो हब स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। प्रदेश में इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा देने और एमिरेट्स एविएशन अकादमी के कैंपस की स्थापना की संभावना पर भी गंभीर चर्चा की हुई।

# समितियों की सिफारिशें कागजों तक न रहें सीमित: तोमर

## सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों ने समितियों को मजबूत बनाने को लेकर किया मंथन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र विधानसभा परिसर के सभागार में सोमवार को सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों ने विधानसभा समितियों की भूमिका, उनके कार्यान्वयन को लेकर मंथन किया। उन्होंने कहा कि समितियों को पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करने के लिए अब केवल बातें ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि अब उन पर अमल होना चाहिए। इस अहम बैठक की अध्यक्षता करते हुए मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विधानसभा समितियां लोकतंत्र की रीढ़ होती हैं। इन समितियों की सिफारिशें केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनके ठोस क्रियान्वयन के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने विधायी प्रणाली में पारदर्शिता, निगरानी और जवाबदेही को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। संसद या विधानसभा के सत्रों में जितनी सूक्ष्म निगरानी की आवश्यकता होती है, वह सत्र में संभव नहीं हो पाती है। समितियों के गठन की प्रणाली को प्रारंभ किया गया है। लोकसभा में भी विभिन्न समितियां गठित होती हैं, जिनमें बजट पर भी विचार-विमर्श होता है। बजट का अध्ययन करके उस पर सुझाव देती हैं। ठीक इसी प्रकार से विधानसभाओं में भी समितियों की प्रणाली है और वे ठीक प्रकार से कार्य भी कर रही हैं। मध्यप्रदेश में 4 वित्तीय समितियां हैं, जिनका निर्वाचन होता है। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए भी दो समितियां हैं, जिनका निर्वाचन संपन्न होता है। शेष लगभग 16 समितियां ऐसी हैं, जिनमें पक्ष-विपक्ष की सहमति से अध्यक्ष द्वारा नाम निर्देशित किए जाते हैं।



### विधायिका के कार्यपालिका पर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं समितियां

तोमर ने कहा कि समितियां विधायी, वित्तीय और प्रशासकीय क्षेत्र में विधायिका के कार्यपालिका पर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रयोग एवं विकसित भारत की दिशा में अग्रसर हमारे कदमों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि समितियों की भूमिका का विस्तार, उनकी दक्षता एवं उपयोगिता बढाने पर विचार हो। उन्होंने बताया कि विगत दिवस जब हिमाचल प्रदेश में विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारियों की बैठक हुई थी, तो वहां पर समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए यह समिति गठित हुई थी। उन्होंने समितियों को और अधिक स्वायत्तता देने एवं उनके द्वारा की गई अनुशंसाओं की समय पर अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए भी सदस्यों से विचार करने एवं सुझाव देने का आग्रह किया। बैठक में शामिल विधानसभा अध्यक्षों ने सुझाव रखें। इस मौके पर संबंधित राज्यों की विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रमुख सचिव ए.पी. सिंह ने समिति की बैठक की रूपरेखा रखी और सचिव अरविन्द शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों के साथ सहभोज में शामिल हुए।

**22 से शुरू हो रहा दस्तक अभियान**

# कुपोषित व एनीमिया से जूझ रहे बच्चों की होगी खोज

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** शहर सहित पूरे मप्र में अब स्वास्थ्यकर्मी घर घर जाकर कुपोषित और एनीमिया से जूझ रहे बच्चों की खोजबीन करेंगे। इसके लिए 22 जुलाई से दस्तक अभियान की शुरूआत होने जा रही है। इससे पहले सोमवार को दस्तक अभियान, डिस्ट्रिक्ट टीबी फोरम, मीजल्स रुबेला की टास्क फोर्स की बैठक जिला पंचायत भोपाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ रितेश रावत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, सब डिविजनल मेडिकल ऑफिसर, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन 22 जुलाई से किया जा रहा है। जिनमें निमोनिया व गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान व रेफरल एवं प्रबंधन, डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर द्वारा एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, दस्त रोग की पहचान एवं ओआरएस एवं जिंक के उपयोग के संबंध में जागरूकता, विटामिन ए की खुराक का सेवन जैसी सेवाएं प्रमुख हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इला तिवारी ने निर्देश दिए कि दस्तक अभियान में पाए गए गंभीर कुपोषित बच्चों को उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केदों में भर्ती करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।




### बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम पर होगा फोकस

दस्तक अभियान की जानकारी देते हुए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ रितेश रावत ने बताया कि बाल एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम, 5 वर्ष तक के बच्चों को स्वस्थ और पोषण की सेवाएं देने के उद्देश्य से साल 2018 से दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा 5 साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

### भोपाल में 3 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

सीएमएचओ भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत भोपाल में लगभग तीन लाख बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं से लाभान्वित किया जाएगा। बच्चों में दस्त के प्रकरणों को कम करने एवं इसके प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस कॉर्नर की स्थापना की गई है, जिसमें परिजनों को ओआरएस का घोल बनाने की विधि एवं उसके सेवन के तरीके बताए जाएंगे।

**सुविधा** | ▸ प्रदेश की 80 प्रतिशत आभा आईडी एम्स में बनीं ▸ मरीजों का डिजिटल डाटा हो रहा इकट्ठा

# एम्स ने बनाया ऐप, 3 लाख मरीजों ने उठाया फायदा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल ने डिजिटल क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। संस्थान ने अपना स्वास्थ्य ऐप बनाकर मरीजों की कई मुश्किलों को आसान कर दिया है। पिछले 3 साल में इस ऐप के जरिए 3.3 लाख मरीजों ने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक किए हैं। वहीं, केवल पिछले साल ही 10.5 लाख मरीजों ने ओपीडी में इलाज के लिए एम्स भोपाल का रुख किया था। ऐसे में इस ऐप के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सोमवार को संस्थान ने इसकी 3 सालों की रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट से यह स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य ऐप अब एक जरूरी उपकरण बनता जा रहा है। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार एम्स भोपाल द्वारा विकसित स्वास्थ्य ऐप के जरिए न सिर्फ मरीजों को अपने स्मार्टफोन पर इलाज से जुड़ी सारी जानकारी मिल रही है, बल्कि हजारों मरीज बिना लाइन में लगे इलाज की सुविधा भी प्राप्त कर रहे हैं।




### डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड से सुविधा

अब तक 8,61,782 डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड इस ऐप से लिंक किए जा चुके हैं। इससे मरीजों को अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट, डॉक्टर की पर्ची और ट्रीटमेंट हिस्ट्री ऐप में ही मिल जाती है। कहीं भी और कभी भी रिकॉर्ड देखे जा सकते हैं।

### 1.7 लाख लोगों की बनाई आभा आईडी

प्रबंधन ने दावा किया है कि एम्स भोपाल में अब तक 1,70,944 लोगों की आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) बनाई जा चुकी है। जो मध्यप्रदेश की कुल आईडी का 80 प्रतिशत से भी ज्यादा है। यही नहीं, 5,45,858 आईडी को सेंट्रल हेल्थ रजिस्ट्री से जोड़ा गया है। लोग अब डिजिटल हेल्थ आइडेंटिटी को तेजी से अपना रहे हैं। अस्पताल में पंजीकरण के लिए 15,42,657 बार स्कैन एंड शेयर सुविधा का इस्तेमाल किया गया है। इसका नतीजा ये रहा कि दोबारा आने वाले मरीजों की लाइनें काफी हद तक कम हो गईं। क्यूआर कोड स्कैन कर कुछ ही सेकेंड में मरीज की जानकारी सामने आ जाती है, जिससे समय की बचत होती है।

### स्वास्थ्य ऐप पर उपलब्ध सुविधाएं

- बिना लाइन में लगे अपॉइंटमेंट बुकिंग
- लैब रिपोर्ट मोबाइल पर डॉक्टर की उपलब्धता, ओपीडी शेड्यूल, कक्ष संख्या व फीस की जानकारी
- डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन और भुगतान हिस्ट्री
- अस्पताल परिसर में क्यूआर कोड से तत्काल पंजीकरण
- आभा आईडी निर्माण और लिंक की सुविधा

> हम केवल तकनीक नहीं अपना रहे, बल्कि स्वास्थ्य सेवा की पूरी प्रणाली को नई दिशा दे रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर मरीज को पारदर्शी, सुलभ और जवाबदेह सेवा मिले।
>
> ● **डॉ. अजय सिंह,** निदेशक एम्स भोपाल

### एएसआई की बेटी से दहेज में मांगे 5 लाख और कार

**जागरण, भोपाल।** राजधानी भोपाल में एएसआई की 26 वर्षीय बेटी को दहेज में 5 लाख रुपए नकद और कार की मांग को लेकर प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। महिला थाना प्रभारी अंजना दुबे ने बताया कि पीड़िता अनुराधा बकोरिया पत्नी प्रशांत बकोरिया की शादी वर्ष 2022 में प्रशांत बकोरिया से हुई थी, जो कि एक मेडिकल स्टोर संचालक है। विवाह के कुछ ही समय बाद से प्रशांत, उसकी मां रेखा और पिता कैलाशचंद्र बकोरिया द्वारा दहेज में 5 लाख रुपए और एक कार की मांग की जाने लगी। जब मायके पक्ष से यह डिमांड पूरी नहीं की गई, तो पीड़िता के साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना शुरू हो गई।

### गर्भवती प्रेमिका से गैंगरेप कर घाटी से नीचे फेंका

**जागरण, दमोह।** प्रदेश के दमोह जिले से इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। एक शादीशुदा प्रेमी ने अपनी 7 माह की गर्भवती प्रेमिका से रेप किया और बाद में उसका अपने ममेरे भाई से भी रेप कराया। वारदात के बाद आरोपियों ने गर्भवती युवती को जबेरा के जंगल में घाटी से नीचे फेंक दिया। मामला जबेरा थाना क्षेत्र के सिंग्रामपुर चौकी के तेलन मार्ग का है। यहां पर लड़की घायल हालत में मिली। कटनी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी बांदकपुर से लौट रहे पौंडी सरपंच मनोज राय ने दी। दरअसल सरपंच को लड़की ने रास्ते में मदद के लिए रोका था। इसके बाद मनोज ने अपने परिचित सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन को सूचना दी। इसी दौरान बांदकपुर से निजी वाहन से लौट रहे स्थानीय निवासी साहब पटेल ने अपनी गाड़ी से लड़की को जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पीड़िता ने बयान में बताया कि वह कटनी की रहने वाली है। दो लोग उसे एक सुनसान घर में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात की। इसके बाद आरोपियों ने मारपीट कर तेलन मार्ग की घाटी से नीचे फेंक दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी के सामने पेश हुए रावर्ट वाड्रा, पूछताछ हुई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और फेमस बिजनेस मैन रॉबर्ट वाड्रा की सोमवार को ईडी के सामने पेश हुए। यह पेशी संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में हुई, जहां अधिकारियों ने उनसे विस्तृत पूछताछ की। ये घोटाला एक पेट्रो-केमिकल प्रोजेक्ट से जुड़ा है। ये प्रोजेक्ट साल 2008 में एक स्पेशल इकोनॉमिक जोन में बनना था। इस प्रोजेक्ट का एक हिस्सा बनाने का काम एक सरकारी कंपनी ने सैमसंग इंजीनियरिंग को सौंपा। सैमसंग ने इसके लिए संजय भंडारी की दुबई बेस्ड कंपनी सैंटेक इंटरनेशनल एफजेडसी को हायर किया। दिसंबर 2008 में सैमसंग को कॉन्ट्रैक्ट मिला। जून 2009 में सैमसंग ने संजय भंडारी की कंपनी को 49,90,000 अमेरिकी डॉलर दिए। उसी महीने संजय भंडारी ने लंदन के ब्रायनस्टन स्क्वायर में एक महंगी प्रॉपर्टी खरीदी। इस प्रॉपर्टी को वोर्टेक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर रजिस्टर्ड किया गया, जिसके अकाउंट में सैंटेक ने करीब 1.9 मिलियन पाउंड स्टर्लिंग ट्रांसफर किए।

### छांगुर बाबा, सहयोगियों से 8.85 लाख की होगी वसूली

**बलरामपुर।** धर्मांतरण का गिरोह चलाने और विदेशी फंडिंग से बेशुमार संपत्ति बनाने के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों पर प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। जिले के उतरौला कस्बे से सटे मध्यपुर गांव में जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर बनवाए गए भवन की ध्वस्तीकरण के दौरान 8 लाख 85 हजार रुपए भी खर्च आया है। यह पैसा जलालुद्दीन एवं उसके सहयोगियों से वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन ने छांगुर बाबा को कोठी पर 8 लाख 85 हजार रुपए वसूली की नोटिस जारी किया है। बता दें कि छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों ने मध्यपुर गांव स्थित गाटा संख्या 370 एवं 337 में अवैध कब्जा कर भवन का निर्माण किया गया था, जिसको हटाने के लिए प्रशासन द्वारा नोटिस जारी कर एक सप्ताह में अवैध कब्जा मुक्त करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया।

### पाक क्रिकेट बोर्ड में करोड़ों का भ्रष्टाचार उजागर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट में एक ऑडिट रिपोर्ट के बाद भूचाल आ गया है। ऑडिटर जनरल ऑफ पाकिस्तान की नई ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में बड़ा फाइनेंशियल मिसमैनेजमेंट हुआ है। 2023 के दौरान करोड़ों रुपयों की हेराफेरी बोर्ड के भीतर हुई है। अनियमितताओं में अनधिकृत नियुक्तियां और जरूरत से ज्यादा भुगतान शामिल हैं। पुलिस के भोजन, कोच और मैच अधिकारियों को अनुचित धनराशि मिली है। टिकट अनुबंधों में उचित बोली नहीं लगाई गई। इस ऑडिट रिपोर्ट के बाद पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी जांच के घेरे में हैं। 2023 में पीसीबी के चेयरमैन जका अशरफ भी थे। ऐसे में दोनों पर शक की सुई है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो मुख्य तौर पर अंतरराष्ट्रीय मैचों की सुरक्षा ड्यूटी के दौरान भोजन उपलब्ध कराने के लिए पुलिस को दिए गए 63.39 मिलियन पाकिस्तानी रुपए का गबन शामिल है। रिपोर्ट में कराची हाई परफॉर्मेंस सेंटर में तीन अंडर-16 कोचों की अनधिकृत नियुक्ति का भी उल्लेख है। इसमें 5.4 मिलियन रुपए का वेतन भुगतान किया गया है।

### मुख्तार गैंग का शार्पशूटर शाहरुख एनकाउंटर में ढेर

**मुजफ्फरनगर।** उप्र एसटीएफ ने जिस शाहरुख पठान का एनकांउटर किया है, वह मुख्तार गैंग से जुड़ा था। मुख्तार अंसारी के दो बड़े सहयोगी थे। पूर्वांचल का काम मुन्ना बजरंगी देखता था, जबकि पश्चिमी यूपी का काम संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा का था। मुख्तार की जेल में मौत हो गई, जबकि जीवा लखनऊ कोर्ट में मारा गया और बजरंगी बागपत जेल में मारा गया। जीवा का ही करीबी शाहरुख पठान सोमवार को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मुख्तार-जीवा गैंग का शार्प शूटर शाहरुख बिजनौर का रहने वाला था। मुठभेड़ सोमवार सुबह छपार थाना क्षेत्र के रोहाना मार्ग पर हुई। मौके से एक कार, पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं।

# गुफा में मिली रूसी महिला 'मोही' बनी पुलिस के लिए अबूझ पहेली

## कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले की रामतीर्थ पहाड़ियों की गोकर्ण गुफा में रह रही रशियन महिला की दो बच्चियां, पुलिस जांच में जुटी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** उत्तर कन्नड़ जिले के कुमता तालुक में रामतीर्थ पहाड़ियों की गोकर्ण गुफा में मिली रूसी महिला नीना कुटिना उर्फ मोही की खबर ने पूरे देश को हैरान कर दिया है। पुलिस अब कई सवालों के जवाब तलाशने में जुटी है। 40 वर्षीय नीना महिला बिजनेस वीजा पर 2016 में भारत आई थी। 2017 में उसका वीजा खत्म हो गया, लेकिन वह लौटकर अपने देश नहीं गई। एग्जिट परमिट मिलने पर कुछ समय के लिए नेपाल जरूर गई, लेकिन हिंदू धर्म और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से प्रभावित होने की वजह से गोवा होते हुए गोकर्ण तक पहुंच गई। नीना और उसकी दो बेटियों को रूस भेजने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। नीना भारत नहीं छोड़ना चाहती। कर्नाटक पुलिस के कई अनसुलझे सवाल हैं। मसलन उसने अपना लॉकडाउन कहां काटा? उसकी दो बच्चियां कहां पैदा हुईं? उनका पिता कौन है? अगर बच्चियों का जन्म भारत में हुआ है, तो फिर कौन से हॉस्पिटल में हुआ है? पुलिस का कहना है कि मोही किसी हॉस्पिटल में भर्ती नहीं हुई। क्या उसने कोविड की वैक्सीन ली है? ये कुछ ऐसे सवाल है, जिनका जवाब मोही ने अभी तक नहीं दिया है। पुलिस का कहना है कि कुटिना अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है, उसकी काउंसलिंग की जा रही है। एक और हैरान करने वाली बात यह है कि गुफा के अंदर खाने-पीने के सामान का भंडार पुलिस को मिला है। कुटिना लकड़ियों से खाना बनाती थी। सुबह की शुरुआत योग से करती थी। मंत्रों का उच्चारण, ड्राइंग, गीत-भजन दिनचर्या का हिस्सा थे।





सर्चिंग के दौरान गुफा से रुसी महिला को बच्चों सहित बाहर निकालते पुलिस जवान, इनसेट में मां के साथ बच्चियां।

### ..तो दोनों बेटियों को नहीं मिलेगी भारत की नागरिकता

कुटिना के बच्चे भारत में ही जन्मे हैं, लेकिन उन्हें भारत की नागरिकता नहीं मिलेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि कानून ने मुताबिक, 4 दिसंबर 2024 के बाद से भारत में जन्मे किसी भी बच्चे को नागरिकता मिलेगी, लेकिन कुटिना का मामला थोड़ा अलग है। उसका वीजा 2017 में ही खत्म हो गया था, जब उसकी बेटियों का यहां जन्म हुआ, तो वह अवैध रूप से भारत में रह रही थी, इसलिए उन्हें यहां की नागरिकता नहीं मिलेगी।

### जंगल के बीचोंबीच हैं गुफा

गुफा जंगल के बीचों-बीच बनी है। नीना कुटिना दो हफ्ते पहले यहां रहने आई थी। हाल ही में इसी इलाके में लैंडस्लाइड की घटना हुई थी। पुलिस रूटीन पेट्रोलिंग कर रही थी, तभी गुफा के बाहर कपड़े लटके नजर आए। जब पुलिस वहां पहुंची, तो अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गई। रशियन महिला अपने बच्चों के साथ रह रही थी। पुलिस ने किसी तरह से कुटिना को मनाया, जंगल के जीव-जंतुओं, सांपों का डर दिखाया। इस पर नीना ने कहा कि वह सांप से नहीं डरती। सांप उसे परेशान नहीं करते। वह झरने के नीचे नहाने जाती है, लकड़ियों से खाना बनाती है। सांप वहीं पर बिना कोई क्षति पहुंचाए घूमते रहते हैं।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी ने नेताओं में अनुशासन लाने दी अनोखी सलाह

# ऐसे लोग चाहिए, जो सरकार के खिलाफ याचिकाएं लगाएं

**नागपुर, जेएनएन।** केंद्रीय मंत्री गडकरी ने लोक प्रशासन में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सरकार के खिलाफ अदालती मामले दायर करने की आवश्यकता पर बल दिया है। नागपुर में स्व. प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार समारोह में गडकरी ने कहा, अदालती आदेश से ऐसे काम हो सकते हैं जो सरकार भी नहीं कर सकती।

समाज में कुछ ऐसे लोग होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ अदालत में याचिका दायर करें। इससे राजनेताओं में अनुशासन आता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सरकार के मंत्री भी वह काम नहीं कर सकते जो अदालती आदेश से



हो सकता है। लोकप्रिय राजनीति राजनेताओं और मंत्रियों के आड़े आती है। गडकरी ने बताया कि कार्यक्रम में 'कुशल संगठक' के रूप में सम्मानित किए गए लोगों ने सरकार के खिलाफ ऐसी कई कानूनी लड़ाइयां लड़ीं। उन्होंने कहा, कुशल संगठकों ने शिक्षा क्षेत्र में गलत सरकारी फैसलों के खिलाफ कई अदालती मामले दायर किए और कई मौकों पर सरकार को अपने फैसले वापस लेने के लिए मजबूर भी किया। इससे पहले गडकरी ने रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान युद्धों का हवाला देते हुए कहा कि महाशक्तियों की तानाशाही और निरंकुशता के कारण समन्वय, आपसी सद्भाव और प्रेम खत्म हो रहा है और दुनियाभर में संघर्ष का माहौल है। गडकरी ने कहा, ये संघर्ष ऐसी स्थिति पैदा कर रहे हैं, जहां विश्व युद्ध 'कभी भी' छिड़ सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि युद्ध से संबंधित तकनीकी प्रगति भी मानवता की रक्षा करना कठिन बना रही है।

# राज के खिलाफ डीजीपी से शिकायत

### हाईकोर्ट के तीन वकीलों ने की एनएसए लगाने की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) चीफ राज ठाकरे ने मराठी भाषा विवाद के बीच समर्थकों से कहा था कि गैर मराठियों को पीटते वक्त वीडियो ना बनाएं। अब इस बयान पर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। बॉम्बे हाई कोर्ट के तीन वरिष्ठ वकीलों ने डीजीपी को पत्र लिखकर मनसे चीफ के खिलाफ शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वकीलों ने कहा, उनके भड़काऊ भाषणों, विवादित बयानों की उच्च स्तरीय जांच हो, उन पर एनएसए लगाएं। मराठी राज्य की भाषा है, इसलिए सभी भारतीयों का यह कर्तव्य बनता है कि उस भाषा का सम्मान करें, लेकिन बीते कुछ दिनों में मनसे के कार्यकर्ताओं ने मराठी न बोलने वालों से मारपीट और अपमानजनक व्यवहार किए हैं।



#### संविधान का हो रहा उल्लंघन

शिकायत में कहा गया है कि 5 जुलाई को मुंबई के वर्ली में आयोजित कार्यक्रम में राज ठाकरे ने रहा था कि जो भी हमसे गलत भाषा में बात करेगा,उसे एक मिनट में चुप करा देंगे। वकीलों का कहना है कि राज ठाकरे के ये बयान राज्य में कानून-व्यवस्था के लिए खतरनाक है और यह संविधान के कई अनुच्छेदों का उल्लंघन है।

### अब आईफोन बताएगा राधिका की हत्या का राज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गुरुग्राम में टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या की गुत्थी अभी तक सुलझ नहीं पायी है। पिता दीपक यादव बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार है। दीपक के मुताबिक बेटी की हत्या उसने ही की। पिता के मुताबिक टेनिस एकेडमी बंद न करने पर उसने राधिका को मार डाला, लेकिन राधिका के दोस्तों के बयान इस मामले में बड़े ट्विस्ट का इशारा कर रहे हैं। हत्या का राज अब राधिका का आईफोन ही खोल सकता है। गुरुग्राम पुलिस ने राधिका के फोन को डिपार्टमेंट ऑफ इन्फर्मेशन टेक्नॉलजी ऐंड कम्युनिकेशन हरियाणा को भेज दिया है। फोन अनलॉक करके उसका डेटा रिट्रीव किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, राधिका आइफोन का इस्तेमाल करती थी और उसका पासवर्ड घरवालों को भी नहीं पता है।

# देश के दूसरे सबसे लंबे केबल ब्रिज का उद्घाटन

**शिवमोगा (कर्नाटक)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कर्नाटक में सिंगदूर ब्रिज का उद्घाटन किया है। यह देश का दूसरा सबसे लंबा केबल आधारित ब्रिज है। सिंगदूर ब्रिज के इस उद्घाटन समारोह में कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने हिस्सा लिया। हालांकि, कर्नाटक कैबिनेट का कोई भी मंत्री कार्यक्रम में नहीं पहुंचा। सागर तालुक में शरवती बैकवाटर पर बना सिंगदूर ब्रिज अंबारागोडलु और कलासावल्ली को आपस में जोड़ता है। यह पुल राज्य का सबसे लंबा और देश का दूसरा सबसे



लंबा पुल है, जिसकी लंबाई 2.44 किमी है। यह 472 करोड़ से तैयार हुआ है। सिंगदूर चौदेश्वरी मंदिर के लिए मशहूर है। ऐसे में सिंगदूर ब्रिज बनने के बाद आसपास के गांवों से सागर जाना आसान हो गया है। अब श्रद्धालु आसानी से इस मंदिर के दर्शन कर सकेंगे।

**कर्नाटक सीएम ने बोला हमला:** कार्यक्रम में सीएम सिद्दरमैया समेत मंत्रिमंडल का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। हाल ही में कर्नाटक के सीएम सिद्दरमैया ने नितिन गडकरी से उद्घाटन समारोह की तारीख आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। वहीं, अब सिद्दरमैया ने दावा किया है कि इस समारोह में उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था। हालांकि, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने साफ किया है कि 11 जुलाई को ही कर्नाटक के सीएम को ब्रिज उद्घाटन समारोह में आने का निमंत्रण भेजा गया था। मार्च 2019 में इस परियोजना को मंजूरी दी थी।

# मैंगो डिप्लोमेसी: बांग्लादेश ने पीएम मोदी को भेजे 1000 किलो आम

### यूनुस ने बरकरार रखी 2021 में शुरू की गई पहल, ममता को भी हरिभंगा गिफ्ट किए

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रो. मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1,000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके गुरुवार शाम करीब 5ः15 बजे अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए।



#### बांग्लादेश का प्रीमियम आम है हरिभंगा

बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं। बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है। पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं। इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं।

### यमन में केरल की नर्स की फांसी टलने की आखिरी उम्मीद खत्म?

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यमन की जेल में फांसी की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया के बचने की उम्मीद मंद पड़ती दिख रही है। निमिषा को 16 जुलाई को फांसी दी जानी है और इधर भारत में केरल से दिल्ली तक उनके लिए आखिरी कोशिश चल रही है। बुधवार को इस मामले में उम्मीद की किरण धुंधली पड़ गई। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि निमिषा प्रिया की फांसी को रोकने के लिए सरकार और कुछ नहीं कर सकती। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है... लेकिन हम क्या कर सकते हैं, इसकी एक सीमा है। सरकार ने कहा, निमिषा को बचाने का एकमात्र तरीका यह है कि परिवार (यमनी व्यक्ति जिसकी मौत हुई) 'ब्लड मनी' यानी वित्तीय मुआवजा को स्वीकार करने के लिए सहमत हो। अटॉर्नी जनरल ने कोर्ट से कहा, यह बहुत जटिल मुद्दा है और ब्लड मनी का मामला निजी मामला है। भारत सरकार बहुत कुछ नहीं कर सकती। हमने जो भी संभव था, वह कोशिश की। मामले के बारे में ज्यादा सार्वजनिक हुए बिना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन सरकार क्या कर सकती है, इसकी एक सीमा होती है। जज ने पूछा, सरकार परिवार द्वारा जमा किए गए ब्लड मनी पर यमन से बातचीत करने का प्रयास कर सकती है, इस पर केंद्र ने जवाब दिया है कि यह उनके हाथ में ज्यादा कुछ नहीं है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, रियाद का दूतावास इस मामले को संभालता है। हम बस चाहते हैं कि सरकार से कोई जाए और ब्लड मनी स्वीकार करने के लिए परिवार से बात करे। हम अधिक राशि भी देने को तैयार हैं।





### बैरिकेड्स तोड़कर कब्रिस्तान पहुंचे सीएम अब्दुला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और अन्य नेताओं ने श्रीनगर के पुराने शहर में स्थित नक्शबंद साहिब कब्रिस्तान में १३ जुलाई के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। घरों में बंद रहने के एक दिन बाद सीएम उमर और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अन्य नेता सोमवार को सुरक्षा बैरिकेड्स को तोड़कर कब्रिस्तान में श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

### मॉडल सैन रेचल ने की आत्महत्या

**चेन्नई।** लोकप्रिय मॉडल और सोशल मीडिया हस्ती सैन रेचल ने पुडुचेरी में आत्महत्या कर ली। 26 वर्षीय मॉडल ने हाल ही में शादी की थी और मनोरंजन उद्योग में रंगभेद के खिलाफ साहसिक रुख के लिए जानी जाती थीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सैन रेचल ने कथित तौर पर पिता के घर जाने के दौरान बड़ी संख्या में गोलियां खा लीं। हालांकि, उन्हें पहले सरकारी अस्पताल ले जाया गया और बाद में निजी अस्पताल। अंततः उन्हें जिपमर में भर्ती कराया गया, जहां मृत्यु हो गई।



### इंडस्ट्री असफलता का जश्न मनाती है : फराह खान

**मुंबई।** फराह खान अपने कुक दिलीप के साथ जैकी भगनानी और उनकी पत्नी रकुल प्रीत सिंह के शानदार घर में गईं। बातचीत के दौरान फराह ने 2010 की फिल्म 'तीस मार खान' के निराशाजनक प्रदर्शन और फिल्म इंडस्ट्री के रिएक्शन पर बात की। इस बीच जैकी ने पिता वाशु भगनानी की साधारण शुरुआत के बारे में बात की। फराह को जैकी के कुक टीम से मिलवाया गया, तो उन्होंने साथ में सिंधी मटन बनाना शुरू कर दिया, रकुल ने किचन देखा और कहा, मुझे किचन में खड़े रहना पसंद नहीं, लेकिन मैंने सोचा, कुछ बनाना भी पड़े तो ये अच्छा है। फराह ने पूछा, बताओ, ये सब कैसे हुआ, प्रोडक्शन से पापा की जमीन-जायदाद से या तुम्हारी एक्टिंग से? जैकी ने अक्षय कुमार अभिनीत और कोविड में रिलीज हुई फिल्म 'बेलबॉटम' के खराब प्रदर्शन के कारण इंडस्ट्री से मिली कठोर आलोचना पर खुलकर बात की।

# सहारा जमीन घोटाले में हाईकोर्ट ने ईओडब्ल्यू से मांगी कंप्लायंस रिपोर्ट

### 28 जुलाई को शपथ पत्र के साथ दाखिल करने के आदेश, जांच में देरी पर लगी याचिका

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के कटनी, जबलपुर और भोपाल में सहारा रियल एस्टेट की करोड़ों की जमीनें कौड़ियों के दाम में बीजेपी विधायक संजय पाठक के परिजनों की कंपनी को बेचे जाने के मामले में हाईकोर्ट ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) से कंप्लायंस रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने विगत 11 जुलाई को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए ईओडब्ल्यू को आदेश दिया है कि मामले की अगली सुनवाई पर शपथ पत्र के साथ अपनी कंप्लायंस रिपोर्ट अदालत के सामने पेश करे। इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। कटनी निवासी आशुतोष मनु दीक्षित ने अपनी याचिका में करोड़ों के इस जमीन घोटाले की जांच ईओडब्ल्यू द्वारा समय पर न किए जाने का आरोप लगाते हुए इस मामले में अदालत से दिशा-निर्देश जारी करने की गुहार लगाई थी। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट का हवाला देते हुए कोर्ट से अनुरोध किया है कि प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्ति से जुड़े इस मामले की समयबद्ध जांच कराई जाए।



#### इन जमीनों के सौदे को लेकर की थी शिकायत

**भोपाल में 110 एकड़ भूमि :** इसका 2014 में ही बाजार मूल्य 125 करोड़ था और 2022 में 400 करोड़ था। इसे 2022 में केवल 48 करोड़ में खरीदा गया और यह राशि सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा नहीं की गई।

**जबलपुर में 100 एकड़ भूमि :** इसका बाजार मूल्य 2022 में 200 करोड़ था। इसे 2023 में केवल 20 करोड़ में खरीदा गया।

**कटनी में 100 एकड़ भूमि :** इसका भी बाजार भाव 2022 में 200 करोड़ था, इसे 2023 में मात्र 22 करोड़ में खरीदा गया। इस मामले में, कटनी कलेक्टर ने आज तक इस भूमि का दाखिल खारिज (म्यूटेशन) ही नहीं किया है, क्योंकि इस जमीन के बेचने पर पहले से प्रतिबंध लगे हुए थे।


#### जनवरी से अब तक दर्ज नहीं हुई एफआईआर

याचिकाकर्ता आशुतोष मनु दीक्षित ने 20 जनवरी को ईओडब्ल्यू को मय दस्तावेजों के एक शिकायत दी थी। इसमें राजनीतिक, वित्तीय और बाहुबल के जरिए बड़े पैमाने पर जमीन और वित्तीय घोटाले के प्रमाण भी सौंपे गए थे। शिकायत में कहा गया था कि संजय पाठक के परिजनों की दो कंपनियों सिनाप और न्यासा देवबिल्ड ने सहारा समूह की जबलपुर, भोपाल और कटनी में स्थित लगभग 310 एकड़ भूमि को बाजार भाव से काफी कम में खरीदा था। मार्केट रेट के हिसाब से इस संपत्ति की कीमत लगभग 800 करोड़ थी, जिसे केवल 90 करोड़ में पाठक के परिजनों की कंपनियों ने खरीद लिया। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया था कि इसका पैसा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सहारा-सेबी के संयुक्त खाते में जमा नहीं कराया गया। इस शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने इस घोटाले में प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज की थी, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

**पेशकश** | 11 किलोमीटर के सफर के लिए 2.15 घंटे, जाम में फंसे माईट्रिप के सह-संस्थापक ने किया वादा

# बेंगलूरु में ट्रैफिक जाम सुलझाने वाले को एक करोड़ इनाम

**बेंगलूरु, जेएनएन।** बेंगलुरु के ट्रैफिक में सिर्फ 11 किलोमीटर की दूरी तय करने में २.१५ घंटे से ज्यादा समय लगाने से निराश एक आईआईटीयन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए शहर में ट्रैफिक 'चोक-पॉइंट्स' की पहचान करने के लिए 1 करोड़ रुपए के ईनाम का प्रस्ताव रखा है। ईजमाईट्रिप के सह-संस्थापक प्रशांत पिट्टी ने दावा किया कि वह शहर के एक चोक-पॉइंट पर फंस गए थे और ट्रैफिक लाइटों की कमी या पुलिस की मौजूदगी को समझने में उन्होंने 100 मिनट बिताए। उन्होंने लिंक्डइन पर अपनी पोस्ट में लिखा, मैं गूगल मैप्स और एआई के जरिए बेंगलुरु के चोक-पॉइंट्स खोजने के लिए 1




करोड़ रुपए खर्च कर रहा हूं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शहर के व्यस्ततम ट्रैफिक के बारे में बड़बड़ाने या मीम्स बनाने के बजाय वह एक व्यावहारिक, तकनीक-आधारित समाधान ढूंढना चाहते हैं। उन्होंने कहा, शनिवार देर रात बेंगलूरु के ट्रैफिक में 11 किमी 2.15 घंटे! मैं ओआरआर पर एक जाम वाली जगह पर फंस गया था, जहां मुझे यह समझने में 100 मिनट लग गए कि यहां कोई ट्रैफ़िक लाइट या पुलिस क्यों नहीं है! बेंगलुरु के ट्रैफ़िक को कैसे ठीक करने की उनकी योजना है? पिट्टी ने रोड मैनेजमेंट इनसाइट टूल के बारे में भी बताया, जिसे इस तकनीकी दिग्गज ने अप्रैल में लॉन्च किया था। उनका मानना है कि यह टूल ट्रैफ़िक विभाग को उन जगहों पर हस्तक्षेप करने और काम करने के लिए जाम वाली जगहों और सटीक समय का पता लगाने में मदद कर सकता है। इसके लिए वह एक या दो एआई और मशीन लर्निंग इंजीनियरों को मदद देने की योजना बना

#### लोगों ने दी ऑनलाइन प्रतिक्रिया

पिट्टी ने जनता से भी अपने विचार का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से यातायात अधिकारियों को टैग करने, इस बारे में लोगों को बताने और एआई विशेषज्ञों को इस परियोजना में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, बेंगलूरु भारत का तकनीकी भविष्य है और कहा कि शहर में कड़ी मेहनत करने वाले लोग बेहतर सड़कों और यातायात प्रबंधन के हकदार हैं। ऑनलाइन लोगों ने बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। कई लोगों ने कहा कि वे मदद करने और इस परियोजना में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

# नशे से दूरी है जरूरी : अभियान के अंतर्गत पन्ना पुलिस द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन






**पन्ना ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक समूचे मध्यप्रदेश में नशे से दूरी है जरूरी विषय पर सघन जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर रखना, समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाना तथा मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना है। पन्ना जिले में इस अभियान की भव्य शुरुआत पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हुई, जहां विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह पपूर्व मंत्री, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में पुलिस बल को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। यह केवल एक व्यक्ति नहीं, उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। आज आवश्यकता है कि हम सब मिलकर नशा विरोधी अभियान को जनांदोलन का रूप दें। अभिभावक, शिक्षक, प्रशासन एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी भूमिका निभानी होगी। यह रैली केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि परिवर्तन की दिशा में पहला कदम है। साथ ही पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा कहा गया कि नशे के विरुद्ध यह लड़ाई केवल कानून की नहीं, बल्कि समाज की है। हमें मिलकर एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिसमें युवा जागरूक, स्वावलंबी और नशा मुक्त जीवन की ओर अग्रसर हों। अभियान के तहत आज दिनांक 15 जुलाई को पन्ना पुलिस द्वारा एक बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर शामिल हुए। रैली का उद्देश्य नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना तथा समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करना था। यह बाइक रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन तिराहा, बीटीआई तिराहा, कोतवाली तिराहा, कटरा बाजार, गणेश मार्केट, गोविंद जी चौराहा, बड़ा बाजार, अजयगढ़ चौराहा, गांधी चौक और अस्पताल चौराहा होते हुए पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर संपन्न हुई। रैली में कोतवाली थाना, यातायात थाना, पुलिस रक्षित केंद्र सहित अन्य इकाइयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। प्रदेश में नशीले पदार्थों का सेवन एक गम्भीर सामाजिक समस्या बन चुका है, जो युवाओं के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। इसके उन्मूलन हेतु सभी वर्गों— परिवार, विद्यालय, सामाजिक संस्थाएं एवं प्रशासन—को एकजुट होकर कार्य करना होगा। यह अभियान न केवल नशे के खिलाफ चेतना जागृत करता है, बल्कि समाज को यह संदेश देता है कि नशा एक व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। पन्ना पुलिस ने यह संकल्प लिया है कि इस जागरूकता अभियान को सड़क से समाज तक पहुँचाकर अधिक से अधिक नागरिकों को नशा उन्मूलन हेतु प्रेरित किया जाएगा।

# मुख्य सड़क मार्ग बना तालाब, ग्रामीण बेहाल

## पड़रिया में अधूरी नाली बनी जलभराव की वजह, जिम्मेदारों में शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप



**पवई ।** पवई से महज 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पड़रिया कला के पवई-नागौद मुख्य मार्ग पर बरसात के चलते जलभराव की स्थिति दिन-ब-दिन गंम्भीर होती जा रही है। सड़क पर पानी इस कदर भर गया है कि पूरा मार्ग मानो तालाब में तब्दील हो गया है। इससे ग्रामीणों को मोटरसाइकिल, साइकिल और पैदल आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार राहगीरों के फिसलने की घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन अब तक मूकदर्शक बना हुआ है।

### अधूरी नाली बनी मुसीबत

ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्ष लाखों रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन वह अधूरा छोड़ दिया गया। अधूरी नाली के कारण बारिश का पानी निकास नहीं हो पा रहा है, जिससे सड़क पर जलजमाव की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार की आशंका भी जताई है।

### जिम्मेदार एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी

जलभराव की विकराल समस्या को लेकर संबंधित विभागों में जवाबदेही तय करने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। जनपद पंचायत पवई के उपयंत्री आनंदीलाल प्रजापति ने कहा, सड़क निर्माण पीडब्ल्यूडी ने कराया था, नाली बनाना भी उनकी ही जिम्मेदारी है। इसमें जनपद की कोई भूमिका नहीं है। वहीं पीडब्ल्यूडी के उपयंत्री संजय खरे ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा, सड़क निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, रीवा द्वारा कराया गया है। इसमें पीडब्ल्यूडी की कोई भूमिका नहीं है।

### राशि भी लौटाई जा चुकी है

पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक ने जानकारी दी कि वर्ष 2020 में नाली निर्माण स्वीकृत हुआ था। आधे से अधिक नाली का निर्माण भी हो गया था, लेकिन सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य रुकवा देने से शेष कार्य अधूरा रह गया और स्वीकृत राशि शासन को वापस करनी पड़ी।

### ग्रामीणों की मांग हो स्थायी समाधान

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

# स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए 16 से 31 जुलाई तक अतिरिक्त सीएलसी चरण

**पन्ना ।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालयवार रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जाएगा। विद्यार्थी रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी 16 जुलाई से प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे तक पंजीयन व विकल्प चयन कर सकेंगे। हेल्प सेंटर द्वारा सायं 4 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा और सायं 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट जारी होने के 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किए जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न करने की दशा में, पुनः रीचॉइस करनी होगी। अतिरिक्त सीएलसी चरण की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक ही होगी।

**एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी :** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनसीटीई पाठ्यक्रम (बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएड-एमएड (एकीकृत तीन वर्षीय) एवं बीएलएड तथा बीएड (अंशकालीन तीन वर्षीय) संचालित करने वाले शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है।

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाएं

## बचाव के दिशा-निर्देशों का करें पालन

**पन्ना।** आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रैक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं, ए.एन.एम./ सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहुउद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

# पवई तहसीलदार प्रीति पंथी को दी गई भावभीनी विदाई





## कर्तव्यनिष्ठा और सौम्य व्यवहार के लिए रहेंगी यादगार

**पवई।** पवई तहसील में लंबे समय तक सेवा देने के बाद तहसीलदार प्रीति पंथी का स्थानांतरण हो गया है। उनके सम्मान में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) समीक्षा जैन के नेतृत्व में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें तहसील के समस्त कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

अपने कार्यकाल के दौरान प्रीति पंथी ने स्वच्छ प्रशासनिक छवि, पारदर्शी कार्यप्रणाली और कर्तव्यनिष्ठा से न केवल अधिकारियों बल्कि आम जनता के बीच भी एक विशेष स्थान बनाया। उनके नेतृत्व में राजस्व मामलों का समयबद्ध और न्यायसंगत निराकरण सुनिश्चित किया गया।

विदाई के समय प्रीति पंथी भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि पवई की धरती और यहां के लोगों से उन्हें हमेशा आत्मीय लगाव रहा है। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थान हमेशा उनके दिल में रहेगा।

एसडीएम समीक्षा जैन ने प्रीति पंथी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रशासनिक अनुभव और कर्मठता आने वाले अधिकारियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत रहेगा। इस दौरान नवागत तहसीलदार त्रिलोक सिंह के अलावा जगदेव चौरसिया शिवानी गुप्ता सचिन उरमलिया पिंकी साहू चारु मिश्रा बाबू अवस्थी निरपत बाबू गुड्डू त्रिपाठी तहसील कार्यालय के कर्मचारी, पटवारी, राजस्व निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कोर्ट ने लगाई सरकारी मनमानी पर लगाम, कलेक्टर के आदेश को माना अवैध



**पन्ना ।** जिले के टिकुरिया मोहल्ला निवासी श्रीकांत दीक्षित और उनकी पत्नी आशा दीक्षित ने जिला प्रशासन की मनमानी के खिलाफ बड़ी कानूनी जीत हासिल की है। न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्रीमती रितिका मिश्रा (पाठक) ने कलेक्टर द्वारा श्रीकांत दीक्षित और उनकी पत्नी आशा दीक्षित की जमीन से उन्हें ही अवैधानिक रूप से वेदखल करने का प्रयास करने को गैरकानूनी ठहराते हुए प्रशासन को कड़ा झटका दिया है। मामला खसरा नंबर 2109/2/1 (0.5730 हेक्टेयर) और 2109/2/3 (0.250 हेक्टेयर) की जमीन से जुड़ा है, जहां प्रशासन ने बिना वैध आदेश के विवादित बोर्ड लगाकर कब्जा करने की कोशिश की थी। दीक्षित दंपति ने कोर्ट में वाद दायर कर इस कार्रवाई को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी भूमि को शासकीय घोषित करने या उस पर कब्जा करने के लिए विधिक प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है। कोर्ट ने पाया कि दीक्षित दंपति ने परमिशन के साथ जमीन खरीदी थी और पूर्व में विक्रय संव्यवहार को पूर्व कलेक्टर द्वारा वैध पाया जाने से शिकायती नस्तीबद्ध की गई है। इसके बावजूद कलेक्टर द्वारा दोबारा उन्हीं बिन्दुओं पर की जा रही कार्रवाई को वैध नहीं माना। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, 卐कोई भी प्रशासनिक अधिकारी बिना विधिक प्रक्रिया के किसी की जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता।卐 कोर्ट ने प्रशासन को श्रीकांत दीक्षित व श्रीमती आशा दीक्षित के कब्जे में हस्तक्षेप करने से रोकने का निर्देश दिया। इस फैसले को आम नागरिकों के हक और न्याय की जीत के रूप में देखा जा रहा है। वादकारियों और स्थानीय लोगों ने इसे प्रशासन की तानाशाही और मनमानी कार्रवाइयों पर करारा प्रहार बताया। विशेषतौर पर किशोरगंज मोहल्ला के लोगो के पास नजूल की एन0ओ0सी0 भवन निर्माण अनुमति एवं विक्रय पत्र थे, उनको भी इसी प्रकार उनका अतिक्रमण होना कहकर नोटिस देकर उनके मकान गिराकर उन्हें बेघर करने का असफल प्रयास कलेक्टर पन्ना द्वारा किया गया था। जिस पर माननीय म0प्र0 उच्च न्यायालय से उन्हें राहत मिली थी, अब इस मामले से उन्हें भी एक उम्मीद की किरण दिखी है।जिला प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, और अन्य पीड़ितों को भी अपने हक के लिए लड़ने की प्रेरणा दी है। यह फैसला न केवल दीक्षित दंपति के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि यह अन्य नागरिकों के लिए भी एक मिसाल बन गया है और इस प्रकार के आदेश से किशोरगंज मोहल्ला के निवासियों को भी प्रशासन द्वारा अपने पदीय शक्तियों का दुरुप्रयोग कर घर गिरा पाने से रोकने की मदद मिलेगी। स्थानीय लोग अब मांग कर रहे हैं कि ऐसी कार्रवाइयों पर रोक लगे और प्रशासन पारदर्शी व विधिसम्मत तरीके से काम करे।

# ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण 16 एवं 17 जुलाई को

**पन्ना ।** कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में ई-ऑफिस पर नस्तियों का संचालन कर रहे कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों को नस्तियों के डिजिटाईजेशन और ई-ऑफिस प्रणाली पर संचालन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पन्ना जिले में ई-ऑफिस प्रणाली में ऑनबोर्ड हो चुके कार्यालयों में केवल नई नस्तियों का संचालन किया जा रहा है। अब पूर्व से संचालित भौतिक नस्तियों का संचालन भी ई-ऑफिस प्रणाली पर किया जाएगा। ई-दक्ष केन्द्र में 16 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिला पंचायत, आयुष, जनजातीय कार्य, उद्योग, आबकारी, पंजीयन, कृषि, पेंशन, कोषालय, खाद्य, उद्यानिकी, श्रम तथा योजना एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों का प्रशिक्षण होगा, जबकि दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनसंपर्क, लोक सेवा प्रबंधन, लोक निर्माण, अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला शिक्षा केन्द्र, जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, सामाजिक न्याय, प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पन्ना, आईटीआई पन्ना, जल निगम और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस क्रम में 17 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कलेक्टर कार्यालय के अधीक्षक, शस्त्र, भू-अर्जन, धर्मार्थ एवं राहत, सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन, स्थापना, वित्त, सामान्य, विधि, शिकायत, सत्कार शाखा के कर्मचारियों का तथा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक नकल, नजारत, नजूल, रीडर, अभिलेख कक्ष, सूचना का अधिकार, स्टेशनरी, स्टेनो, टीएल व जनसुनवाई इत्यादि शाखाओं के कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी के संबंध में प्रशिक्षणार्थी अपने साथ डिजिटल सिग्नेचर एवं कार्यालयीन फाइल व नोटशीट की सॉफ्ट अथवा हार्ड कॉपी लेकर आ सकते हैं। कलेक्टर सुरेश कुमार ने समस्त विभाग प्रमुखों को प्रशिक्षण में स्वयं एवं एक सहयोगी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण उपरांत कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को भी ई-ऑफिस संबंधी प्रशिक्षण के लिए ई-दक्ष केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं।

## एक दिवसीय कार्यशाला 18 जुलाई को

ई-ऑफिस पर ऑनबोर्ड हो चुके विभागों द्वारा अब तक कार्यवाही प्रारंभ न करने पर इन विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करने तथा समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से ई-दक्ष केन्द्र में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में ऊर्जा, नापतौल, वनमंडलाधिकारी उत्तर एवं दक्षिण सहित नेशनल पार्क पन्ना, शासकीय छत्रसाल स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, जिला अभियोजन अधिकारी, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अधिकरण और कार्यपालन यंत्री जल संसाधन शामिल होंगे।

# साप्ताहिक बाज़ार में सब्जी बेंचने वाले ने नाबालिग बालक से किया अप्राकृतिक कृत्य

**पन्ना ।** पन्ना जिले का बृजपुर ग्राम जो हीरे के लिए प्रख्यात मंण्डी जानी जाती है।बृजपुर में सप्ताह में एक दिन साप्ताहिक बाजार लगाया जाता है जिसमें सब्जी से लेकर सभी प्रकार के समान विक्रेताओं के द्वारा बेचे जाते हैं। बृजपुर थाना क्षेत्र में साप्ताहिक बाज़ार के दौरान हुई एक हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। सब्जी बेचने वाले एक युवक ने एक नाबालिग बालक को पंचायत भवन के पीछे ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। बालक के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉस्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक नाबालिग को बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले गया था। जैसे ही बालक के चीखने की आवाज आई, लोग दौड़े और आरोपी को पकड़कर तुरंत पुलिस को सौंप दिया। घटना की सूचना मिलते ही बृजपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। नाबालिग बालक के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी आशिफ खान के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना के बाद से पूरे बृजपुर क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। एसडीओपी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। रामदास अहिरवार (सरपंच प्रत्यक्षदर्शी) राजीव भदौरिया (एसडीओपी) ने बताया कि पुलिस ने पॉस्को एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जॉच कार्यवाही जारी है।

# दक्षिण पन्ना वन विभाग द्वारा 'सर्पदंश से बचाव और उपचार' पर विशेष



**पन्ना ।** दक्षिण वनमंडल पन्ना द्वारा सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने एवं समुदाय में सही जानकारी प्रसारित करने हेतु दो अभिनव साँप-सीढ़ी खेल विकसित किए गए हैं। ये खेल न केवल बच्चों और युवाओं के लिए मनोरंजक हैं, बल्कि सर्पदंश की रोकथाम एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी भी सहज रूप में प्रदान करते हैं। खेलों के माध्यम से ष्ठह्वह्य एवं ष्ठह्ह%ञ्रह्य (क्या करें और क्या न करें) जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को सीढ़ी और साँप के रूप में चित्रात्मक शैली में दर्शाया गया है। खेल में उपयोग किए गए कार्टून प्रतीक कोबरा, करैत और रसेल वाइपर जैसे विषैले सर्पों पर आधारित हैं, जो मध्यप्रदेश में सबसे अधिक मौतों के लिए ज़िम्मेदार हैं। साथ ही, पारंपरिक गोंड कला मोटिफ का समावेश खेल को स्थानीय सांस्कृतिक पहचान से जोड़ता है। वर्ल्ड स्नेक डे (16 जुलाई 2025) के अवसर पर वनमण्डल अंतर्गत चयनित विद्यालयों के हजारों बच्चों को इस विशेष सांप सीढ़ी खेल का वितरण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर बच्चों और किशोरों को सर्पदंश की सही जानकारी देना, अंधविश्वास से बचाना तथा प्राथमिक उपचार के वैज्ञानिक तरीकों को बढ़ावा देना है। यह प्रयास जन-सहभागिता से जनजीवन की सुरक्षा की दिशा में एक रचनात्मक कदम है।

# एनटीपीसी विन्ध्यांचल ने ऐश डाइक पर किया हाई-इम्पैक्ट मॉक ड्रिल का आयोजन





**जागरण, विंध्यनगर**

आपदा प्रबंधन और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुएए एनटीपीसी विन्ध्याचल ने आज को शाहपुर 1 ऐश डाइक पर एक वृहद बहु.एजेंसी मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास संभावित ऐश डाइक टूटने की स्थिति को ध्यान में रखकर किया गया विशेष रूप से मानसून के दौरान जब इस प्रकार की घटनाओं का जोखिम अधिक रहता है। इस अभ्यास का उद्देश्य स्टेशन की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की दक्षता को परखना और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना था। जैसे ही डाइक टूटने का सिम्युलेटेड अलर्ट जारी हुआ सीआईएसएफ , एसडीआरएफ चिकित्सा इकाइयों और अन्य आपातकालीन सेवाओं की टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं। डाइक के पास तैनात 200 से अधिक संविदा कर्मियों ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी जिससे उनकी सतर्कता अनुशासन और तैयारियों का परिचय मिला। सभी एजेंसियों के तालमेल से मॉक स्थिति को रिकॉर्ड समय में नियंत्रित कर लिया गया। यह अभ्यास न केवल आपदा प्रबंधन प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता को सिद्ध करता है बल्कि इसमें शामिल कर्मियों की जागरूकता और प्रशिक्षण के उच्च स्तर को भी उजागर करता है। यह स्टेशन की सुरक्षा त्वरित प्रतिक्रिया और सतत सुधार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण मणिक्यन सुरेश महाप्रबंधक - रखरखाव एवं एडीएम आशीष कुमार अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा चंद्रोदय कुमार अपर महाप्रबंधक - एडीएम सुश्री मृणालिनी अपर महाप्रबंधक - मानव संसाधन के साथ सविता यादव तहसीलदार सिंगरौली और एनटीपीसी विंध्याचल शक्तिनगर एनसीएल सीआईएसएफ व एसडीआरएफ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एजे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने सभी टीमों की त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया की सराहना की और ऐसे अभ्यासों को वास्तविक समय की तैयारियों के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा प्रत्येक मॉक ड्रिल हमारी प्रतिक्रियाओं को तेज बनाती है और विभागों के बीच तालमेल को मजबूत करती है। अन्य बचाव दलों के प्रतिनिधियों ने भी नियमित मॉक ड्रिल की आवश्यकता पर बल दिया।

# पूर्ण प्रयास के बिना आंदोलन में अपराध और गिरफ्तारी उचित नहीं : ज्ञानेन्द्र

## समस्याओं का समाधान नहीं होगा तो आंदोलन होते रहेंगे

**जागरण, बैढ़न।** प्रजातांत्रिक व्यवस्था में आंदोलन अपराध नहीं अधिकार है किसी भी क्षेत्र में समस्याएं पैदा होना और उनके समाधान का प्रशासनिक प्रयास तथा उसका सार्वजनिक प्रकाशन नहीं होना आंदोलन का जन्मदाता और प्रशासनिक नाकामी का प्रतीक है। क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी समाधान का आग्रह और आंदोलन के चेतावनी का नोटिस देने के बाद भी समाधान के प्रति प्रशासनिक उदासीनता आंदोलन के लिए प्रेरणा है जिले में सभी कांग्रेसी आंदोलनकारियो के विरुद्ध पंजीबद्ध अपराध प्रशासन को वापस लेना चाहिए। बीते दिनों सिंगरौली जिले के परसौना तिराहे पर कांग्रेस नेता पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव भास्कर मिश्रा के नेतृत्व में सार्वजनिक हितों एवं जन . जीवन के सुरक्षा को लेकर आयोजित आंदोलन को असफल करने के लिए आंदोलन प्रारंभ होने के पूर्व ही पुलिस प्रशासन द्वारा भास्कर मिश्रा एवं नगर निगम पार्षद रामगोपाल पाल सहित 6 कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार करने की कार्यवाही की है जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह प्रशासनिक प्रक्रिया गैर जिम्मेदाराना एवं नैसर्गिक न्याय के विपरीत है । कांग्रेस नेता द्वारा जिला प्रशासन को समस्याओं के साथ आंदोलन की ज्ञापन सूचना 15 दिवस पूर्व दे दिया गया था तत्संबंध में प्रशासन को समय रहते त्रिपक्षीय बैठक कर समाधान के संबंध में सकारात्मक चर्चा कर आंदोलन रोकने का प्रयास करना चाहिए था किंतु ऐसी पहल नहीं करना आंदोलन को ही प्रोत्साहित है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आवेदन,आग्रह अनुग्रह के बाद भी जब समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रशासनिक प्रयास नहीं दिखता तो आंदोलन अंतिम विकल्प मानकर करना आवश्यक हो जाता है यह किसी संगठन जनप्रतिनिधि एवं व्यक्ति का शौक नहीं लोकतंत्र में आम आदमी का अधिकार है अपराध नहीं है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से अपेक्षा है कि पूर्व सचिव प्रदेश कांग्रेस भास्कर मिश्रा सहित 6 अन्य नेताओं एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण महामंत्री जनपद सदस्य राजेश सिंह राजू जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह पैगाम देवसर तथा अन्य कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन के विरुद्ध पंजीबद्ध सभी अपराधिक प्रकरण जिला प्रशासन द्वारा वापस किया जाना चाहिए यदि जिला प्रशासन इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार कर सकारात्मक निर्णय नहीं करता है तो जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली को आगामी दिनों में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# कलेक्टर ने वृहद पेयजल योजना के प्रगति की समीक्षा

## दिसम्बर तक हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम जल पहुचाने के दिए निर्देश



**जागरण, बैढ़न।** जिले में संचालित वृहद पेयजल योजना के तीनो ईकाइयो के तहत चल रहे कार्यो के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के प्रबंधक सहित उपस्थित संविदाकारो को निर्देश दिए कि दिसम्बर 25 तक हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से जल उपलंब्ध कराये। विदित हो कि वृहद पेयजल योजना की तीनो ईकाइया बैढ़न देवसर,चितरंगी क्षेत्रांतर्गत हर घर में शद्ध पेयजल उपलंब्ध कराने हेतु पाईप लाईन सहित ओवर हेड टैक आदि के कार्य चल रहे है। चल रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा संबंधित परियोजना के अधिकारियो एवं संबंधित निविदाकारो के साथ आयोजित हुई। कलेक्टर ने प्रगति जानकारी लेने के पश्चात संबंधित संविदाकारो को कड़े निर्देश देते हुयें कहा कि दिसम्बर 25 तक सिंगरौली जिले के हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलंब्ध कराये। वही महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि कार्य में प्रगति न देने वाले संविदाकारो के विरूद्ध कार्यवाही करे। कलेक्टर ने कार्य के प्रगति का प्रति माह लक्ष्य निर्धारित करते हुयें निर्देश दिए कि प्रति माह 10 प्रतिशत की भौतिक प्र्रगति तीनो ईकाइयो में लाये। तथा घरेलू जल कनेक्शन में गोड़ देवसर समूह जल प्रदाय में 20 प्रतिशत प्रति माह की प्रगति तथा बैढ़न.1 एवं बैढ़न.2 समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत 25 प्रतिशत प्रति माह कार्य का लक्ष्य निर्धारित करते हुयें महा प्रबंधक को निर्देश दिए कि प्रति माह के प्रगति की जानकारी से टीएल बैठक के दौरान अवगत कराये। वही उपस्थित संविदाकारो को भी निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करे तथा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करे।

# चितरंगी में आज निकलेगी नशा मुक्ति सद्भावना रैली मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपेंगे कार्यकर्ता

**जागरण, बैढ़न।** प्रदेश को नशा मुक्त और समस्यामुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता लाने हेतु नशा मुक्ति जनजागरण सद्भावना रैली का आयोजन आज बुधवार को प्रातः 11.00 बजे चितरंगी तहसील मुख्यालय से किया जाएगा। यह रैली चितरंगी तहसील परिसर से प्रारंभ होकर अस्पताल चौराहा होते हुए यादव मोड़ तक जाएगी और पुनः एसडीएम कार्यालय पहुंचकर संपन्न होगी। रैली के समापन अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चितरंगी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह ज्ञापन चितरंगी क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं बुनियादी सुविधाओं की कमी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति और युवाओं को नशे से बचाने हेतु ठोस कदम उठाने की मांगों को लेकर सौंपा जाएगा। इस रैली में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता बडी़ संख्या में भाग लेंगे। आयोजकों ने बताया कि रैली का उद्देश्य केवल ज्ञापन देना नहीं बल्कि जनजागृति लाना है ताकि शासन.प्रशासन क्षेत्रीय समस्याओं की ओर गंभीरता से ध्यान दे। यह सद्भावना रैली शांति और अनुशासन के साथ निकाली जाएगी तथा जनहित में ठोस कार्रवाई की उम्मीद के साथ ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# कलेक्टर की जन सुनवाई में 130 लोगों ने दिया अपना आवेदन

**जागरण बैढ़न।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 130 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखवाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये। जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पी. के.सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की देवेन्द्र द्विवेदी तहसीलदार सविता यादव जान्हवी शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग कल्याण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य के लिए एनसीएल को मिला प्रतिष्ठित सीएसआर टाइम्स पुरस्कार



**जागरण सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल को सीएसआर के तहत दिव्याङ्ग कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित सीएसआर टाइम्स 25 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कंपनी को यह सम्मान दिल्ली में आयोजित 12वें राष्ट्रीय सीएसआर सम्मेलन के दौरान पीएसयू श्रेणी में स्टिरिंग लाइव्स रीबिल्डिंग होप्स सीएसआर प्रोजेक्ट के लिए दिया गया। इस विशिष्ट उपलब्धि के अवसर पर एनसीएल के अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक सीएमडी बी.साईराम निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण एवं निदेशक तकनीकी सुनील प्रसाद सिंह ने टीम एनसीएल को बधाई दी और कहा कि एनसीएल परिधीय समुदाय के सामाजिक विकास के प्रति कटिबद्ध है। इस दौरान समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अर्जेंटीना गणराज्य के राजदूत मारियानो अगस्टिन काउसिनो एमपी राज्यसभा एवं पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला आयोग श्रीमती रेखा शर्मा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीएल की ओर से उप प्रबंधक सीएसआर साजिद नसीम ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। एनसीएल ने सीएसआर मद से 283.80 लाख रुपए खर्च कर सिंगरौली एवं सोनभद्र क्षेत्र के 574 गांवों में 4979 दिव्याङ्ग जनों को लाभ पहुंचाया है। कंपनी ने ज़िला दिव्याङ्ग पुनर्वास केंद्र सिंगरौली के साथ मिलकर 3000 से अधिक दिव्याङ्गो को कृत्रिम सहायक उपकरण एवं 1800 से अधिक दिव्याङ्गो को चिकित्सकीय सहायता प्रदान की है। इसके अतिरिक्त एनसीएल ने हाल ही में दिव्याङ्ग जनों को आत्मनिर्भर बनाने एवं उन्हें जीविका के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सीएसआर के तहत ई.रिक्शा का भी वितरण किया है। गौरतलब है कि एनसीएल स्थानीय समुदाय के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत विभिन्न क्षेत्रों में समाज कल्याण कार्य किए जाते रहे हैं। एनसीएल को दिव्याङ्ग कल्याण की दिशा में सराहनीय कार्य करने के लिए डॉ.अंबेडकर इंटेरनेशनल सेंटर दिल्ली द्वारा देश के द्वितीय सर्वश्रेष्ठ डीडीआरसी प्रोजेक्ट के रूप में भी सम्मानित किया जा चुका है।

# जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

## रोजगार मेले में 123 आवेदकों का किया गया प्रारंभिक चयन

**जागरण, बैढ़न।** मध्यप्रदेश शासन के मंशानुसार जिले के बेराजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश तथा अपर कलेक्टर पी. के.सेन गुप्ता के मार्गदर्शन में युवा संगम रोजगार स्व.रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन जिला प्रशासन रोजगार कार्यालय सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एव आई.टी.आई. के संयुक्त रूप से रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर बैढन मे आयोजित किया गया। रोजगार मेले में शामिल होने वाली विभिन्न कम्पनियों में अत्यधिक संख्या में आवेदकों महिला एवं पुरूष ने उपस्थित होकर रोजगार हेतु आवेदन किये एवं काउंसिलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया। रोजगार मेले में उपस्थित 9 कंपनियों द्वारा 123 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया जिसमें से 15 महिला आवेदक लाभांवित हुई। साथ ही 42 आवेदकों की कैरियर काउंसिलिंग की गई एवं उन्होंने अपने जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त किये। उक्त कार्यक्रम डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी जिला रोजगार अधिकारी एन. के. पटेल महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र विभाग नवीन कुशवाहा सेडमैप से अशोक त्रिपाठी पुष्पराज सिंह सहा.ग्रेड 2 एवं काउंसलर पैनल से सुदामा कृष्णचंद तथा संजीव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

# नशामुक्ति के लिए छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

## हरी झण्डी दिखाकर रैली को किया गया रवाना



**जागरण, बैढ़न।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में नशामुक्ति जन जागृति अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयो के छात्र छात्राओ के द्वारा रैली निकालकर नशामुक्ति के लिए आम जन मानस को जागरूक किया गया। विदित हो कि राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में नशामुक्ति रैली को देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम जिला एवं सत्र न्यायधीश हितेंद्र सिंह सिसोदिया कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह रैली राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम से तुलसी मार्ग अम्बेडकर चौक से गुजर कर थाना रोड होते हुयें राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में समाप्त हुई। यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से समाज को जागरूक करने एवं युवाओं को सुरक्षित भविष्य की ओर प्रेरित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। नशा मुक्ति जनजागृत अभियान कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को लघु ऑडियो क्लिप के माध्यम से नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया गया साथ ही उपस्थित अतिथियो द्वारा छात्र छात्राओं को अभियान सांकेतिक टी शर्ट एवं कैप का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा मनोरमा तिवारी सीजीएम शिवचरण पटेल न्यायिक मजिस्ट्रेट विशाल रिछारिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन एसडीएम सृजन बर्मा पार्षद सीमा जयसवाल डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह डीपीसी आर.एल शुक्ला अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य एम.यू सिद्दीकी सीएसपी पीएस परस्ते एसडीओपी मोरवा के.के पाण्डेय प्रशिक्षु डीएसपी रोशनी कुर्मी थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी थाना प्रभारी मोरवा यू.पी सिंह थाना प्रभारी बरगवा राकेश शाहू आरआई केशव सिंह चौहान सुबेदार आशीष तिवारी एसआई संदीप नामदेव प्रियंका शर्मा रूपा अग्निहोत्री सुरेन्द्र पाण्डेय सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी विभिन्न विद्यालयो के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।



## बोलैंड की हैट्रिक, स्टार्क ने 15 गेंद में झटके 5 विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने डे नाइट टेस्ट 176 रन से जीता

# वेस्टइंडीज ने बनाया टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे छोटा स्कोर, 27 पर ढेर, ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती सीरीज

**बोलैंड ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले 10वें और 2010 में ब्रिसबेन में इंग्लैंड के खिलाफ पीटर सीडल के बाद हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टेस्ट में अब कुल 12 हैट्रिक हैं, वे केवल इंग्लैंड की 15 हैट्रिक से पीछे हैं।**

जेएनएन, किंग्स्टन (जमैका)

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अपने 100वें टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। इस डे-नाइट टेस्ट के तीसरे दिन उन्होंने महज 9 रन देकर 6 विकेट झटके। वहीं स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली। स्टार्क और बोलैंड की घातक गेंदबाजी की बदौलत 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम मात्र 27 रन पर सिमट गई, जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर है। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने 176 रन से बड़ी जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज पर 3-0 से कब्जा कर लिया। स्टार्क ने पहले ही ओवर में विंडीज के तीन विकेट झटके। उन्होंने जॉन कैम्पबेल (0) को पहली गेंद पर आउट किया, फिर केवलॉन एंडरसन (0) को पगबाधा किया और अगली गेंद पर ब्रैंडन किंग (0) के स्टंप उड़ा दिए। वेस्टइंडीज का स्कोर 0 पर 3 हो गया, जो टेस्ट इतिहास में सिर्फ छठी बार हुआ है। स्टार्क ने अपने दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर मिकाइल लुइस (4) को पवेलियन भेजा और टेस्ट करियर में 400 विकेट पूरे किए। फिर शाई होप (2) को भी पगबाधा कर दिया। उन्होंने महज 15 गेंदों में पांच विकेट लेकर नया रिकॉर्ड बनाया, जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट हैं। इसके बाद बोलैंड ने जस्टिन ग्रेव्स (11), शमार जोसेफ (0) और जोमेल वॉरिकन (0) को लगातार गेंदों पर आउट कर हैट्रिक पूरी की। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए, जिसके जवाब में विंडीज 143 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 121 रन पर सिमट गई थी। अल्जारी जोसेफ ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके और शमार ने 4 विकेट लिए।



**27** रन टेस्ट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है। सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम नाम है, जो ऑकलैंड में 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ 26 रन पर ऑलआउट हो गई थी। यह टेस्ट में वेस्टइंडीज का न्यूनतम स्कोर भी है। विंडीज 2004 में इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ 47 रनों पर ऑलआउट हो गई थी, जो उनका पिछला न्यूनतम स्कोर था। वेस्टइंडीज ने दोनों पारियों में 170 रन बनाए, जो दोनों पारियों में ऑलआउट होने पर वेस्टइंडीज का न्यूनतम स्कोर है। पिछली बार वे 1957 में ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन ही बना पाए थे।

**14.3** ओवर वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बल्लेबाजी की। यह टेस्ट में ऑलआउट होते हुए खेले गए तीसरे सबसे कम ओवर हैं। 1914 में इंग्लैंड के खिलाफ जब दक्षिण अफ्रीका 30 रन पर ऑलआउट हुई थी, तो उन्होंने सबसे कम 12.3 ओवर खेले थे। इसके बाद पिछले नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रीलंका 13.5 ओवर ही खेल पाई थी।

**15** गेंद में स्टार्क को पारी में पांच विकेट मिले। यह पुरुष टेस्ट में सबसे तेज पारी में पांच विकेट हैं। 1947 में ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ एर्नी टोशैक ने, 2015 में नॉटिंघम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड और 2021 में एमसीजी में 2021 स्कॉट बोलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ 19 गेंद में पारी में पांच विकेट पूरे किए थे।

**48** स्टीव स्मिथ द्वारा बनाए गए पहली पारी में 48 रन इस टेस्ट का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। किंगस्टन टेस्ट अब ऐसा 16वां टेस्ट है, जहां पर किसी बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं लगाया। (ऐसे मैच जहां पर कम से कम दो पारी पूरी हुई हों)। ऐसा पिछला टेस्ट 2015 में नागपुर में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुआ था। जबकि 16 में से नौ ऐसे टेस्ट 1900 से पहले हुए थे।

**02** गेंदबाजों ने पुरुष टेस्ट में 2002 से पहले ओवर में तीन विकेट लिए हैं। स्टार्क से पहले ऐसा इरफान पठान ने 2006 कराची टेस्ट में ऐसा किया था, जब उन्होंने पहले ही ओवर में हैट्रिक ली थी। स्टार्क के कारनामे की वजह से वेस्टइंडीज ने अपने स्कोर की शुरुआत 0 पर तीन विकेट के साथ की। यह छठा मौका है, जब टेस्ट पारी में किसी टीम ने बिना कोई रन बनाए तीन विकेट गंवाए हों। स्टार्क ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथी पारी में पहले ही ओवर में दो विकेट 2015 में इसी मैदान पर लिए थे। 2002 से पहले ही ओवर में दो बार एक से अधिक विकेट लेने वाले अकेले गेंदबाज हैं।

**दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के रन**

| | |
|---|---|
| जॉन कैम्पबेल | 0 |
| मिकाइल लुइस | 4 |
| केवलॉन एंडरसन | 0 |
| ब्रैंडन किंग | 0 |
| रॉस्टन चेज | 0 |
| शाई होप | 2 |
| जस्टिन ग्रेव्स | 11 |
| अल्जारी जोसेफ | 4 |
| शमार जोसेफ | 0 |
| जोमेल वॉरिकन | 0 |
| जेडेन सील्स | 0 |

**07** विंडीज बल्लेबाज दूसरी पारी में शून्य पर आउट हुए। यह पहला मौका है, जब टेस्ट में एक पारी में सात बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। ऐसे छह मौके है, जब एक पारी में छह बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। पिछली बार ऐसा इसी महीने एजबेस्टन में हुए था। वहीं वेस्टइंडीज के शीर्ष बल्लेबजों ने 6 रन बनाए। यह किसी भी शीर्ष छह के पुरुष टेस्ट पारी में बनाए सबसे कम रन हैं।

## खेल एक नजर

### हॉकी : दीपिका और विक्टर वेगनेज ने जीता शीर्ष पुरस्कार

**लुसाने, जेएनएन।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के समापन के बाद, दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों ने दीपिका (भारत) और विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को मैजिक स्किल अवॉर्ड्स का विजेता चुना है। इस पुरस्कार में प्रशंसकों ने 4 से 13 जुलाई तक हॉकी के जादू को दर्शाने वाले पलों को चुनने के लिए वोट किया। चुने गए यादगार पलों में छह शानदार प्रदर्शन शामिल थे। इनमें तीन महिला और तीन पुरुष वर्ग के थे, जिन्होंने लीग ऑफ द बेस्ट सीजन के दौरान मैदान की शोभा बढ़ाई। अवॉर्ड दीपिका को उनकी शानदार ड्रैगिंग और फ्लिकिंग क्षमता के लिए मिला, इसमें उन्होंने एक शानदार सोलो गोल किया।



### ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा की जोड़ी 32 मिनट में जापान ओपन से बाहर



**टोक्यो, जेएनएन।** ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। मंगलवार को उन्हें कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से लगातार गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पाई। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

### युवराज पहले आईजीपीएल टूर्नामेंट के सह मालिक और ब्रांड दूत बने

**गुरुग्राम, जेएनएन।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को मंगलवार को इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) का सह मालिक और ब्रांड दूत घोषित किया गया, जिसमें पहले साल खिताब के लिए छह टीम चुनौती पेश करेंगी।



आयोजकों ने बताया कि शहर आधारित फ्रेंचाइजी लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और इसके अनूठे प्रारूप के तहत पुरुष और महिला पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी एक साथ खेलेंगे। यह लीग अगले साल जनवरी-फरवरी में खेली जाएगी और चार सप्ताह तक चलेगी। लीग के आयोजक भारत गोल्फ प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख मानव जैनी ने कहा, यह लीग चार सप्ताह तक चलने वाला एक शानदार गोल्फ टूर्नामेंट होगा, जो फ्रेंचाइजी प्रारूप पर आधारित होगा। पहले साल में हम छह फ्रेंचाइजी के साथ शुरुआत कर रहे। हालांकि युवराज इस कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे, लेकिन उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की। युवराज ने कहा, आईजीपीएल टीम में शामिल होना और इस शानदार खेल को एक नए रूप में प्रचारित करने का अवसर मिलना बेहद उत्साहजनक है। इस लीग में शिव कपूर, गगनजीत भुल्लर, गौरव घई, ज्योति रंधावा, जीव मिल्खा सिंह और एसएसपी चौरसिया जैसे भारतीय दिग्गज गोल्फर शामिल होंगे।

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से वर्ल्ड कप की तैयारी करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

## तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे आज, मैच शाम 5:30 बजे से

जेएनएन, साउथैम्प्टन

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला टीम बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी इसी लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने टी-20 सीरीज में 3-2 से जीत दर्ज करके नया इतिहास रचा था। यह पहला अवसर था, जबकि भारत ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से सीरीज जीती। इस साल के आखिर में भारत में वनडे विश्व कप खेला जाना है और उसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम 50 ओवरों के प्रारूप में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहेगी। सितंबर में वर्ल्ड कप से पहले भारत के पास संयोजन रणनीतियों को आजमाने के लिए केवल छह मुकाबले बचे हैं। भारत ने अपना आखिरी वनडे मैच मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज में जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में जीत हासिल करने से भारतीय टीम का विश्व कप से पहले मनोबल और बढ़ेगा। भारत ने हाल के वर्षों में अपने दृष्टिकोण में बदलाव किया है तथा 300 से अधिक का स्कोर बनाने पर अधिक जोर दिया है। इस बीच इंग्लैंड की टीम को अपनी दो प्रमुख खिलाड़ियों की वापसी से मजबूती मिलेगी। कप्तान नैट साइवर-ब्रंट चोट से उबरने के बाद फिर से टीम की कमान संभालेंगी। विश्व की नंबर एक वनडे गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन भी घुटने की चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं।

**कुल वनडे : 19 इंग्लैंड जीता : 12 : भारत जीता 07**



किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को क्लेरेंस हाउस के बगीचे में भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों से मुलाकात की।

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड:** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैम्ब, लिंसे स्मिथ।

# स्पिनर डॉसन की 8 साल बाद इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी

## भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए चोटिल बशीर की जगह शामिल

जेएनएन, लंदन

बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डासन ने आठ साल के अंतराल के बाद मंगलवार को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी की। उन्हें भारत के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए चोटिल शोएब बशीर की जगह टीम में शामिल किया गया है। तीसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान अपनी ही गेंद पर फील्डिंग करते समय बशीर के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। यह मैच इंग्लैंड ने 22 रन से जीता था। चोट के बावजूद बशीर ने भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज को आउट करके अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाने में मदद की। इंग्लैंड अभी पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा, डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार थे। काउंटी चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और उन्होंने हैम्पशर की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच तेज गेंदबाज सैम कुक और जेमी ओवरटन अपनी काउंटी टीमों से जुड़ गए हैं।



### 2017 में खेला था आखिरी टेस्ट

35 वर्षीय डॉसन ने अपने तीन टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने सात विकेट लिए हैं। उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से छह वनडे और 14 टी-20 भी खेले हैं। वह कई वर्षों से हैम्पशर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था। डॉसन ने अब तक 212 प्रथम श्रेणी मैचों में 371 विकेट लिए हैं। वह निचले मध्यक्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10000 से अधिक रन बनाए हैं, जिनमें 18 शतक भी शामिल हैं।

**इंग्लैंड की टेस्ट टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## महिला विश्व कप: इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा भारत

**दुबई, जेएनएन।** भारत इस साल सितंबर-अक्टूबर में अपनी और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला वनडे विश्व कप से पहले बेंगलुरु में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। पाकिस्तान अपने अभ्यास मैच और विश्व कप मैच दोनों श्रीलंका में खेलेगा। यह बीसीसीआई और पीसीबी ने आपसी सहमति से तय किया है। भारत 25 सितंबर को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान पर पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा और 30 सितंबर को चिन्नास्वामी स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होने से तीन दिन पहले 27 सितंबर को न्यूजीलैंड से उसी स्थान पर खेलेगा। पाकिस्तान 25 और 28 सितंबर को कोलंबो के कोलंबो क्रिकेट क्लब में क्रमशः श्रीलंका और श्रीलंका 'ए' टीम के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। आईसीसी ने कहा, 25 से 28 सितंबर तक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान (दोनों बेंगलुरु), आर प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब (दोनों कोलंबो) में कुल नौ डे नाइट मैच खेले जाएंगे। बेंगलुरु और कोलंबो के चार स्थानों पर होने वाले अभ्यास मैचों में आठ टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया पहले दिन अभ्यास

## टी-20 रैंकिंग : शेफाली टॉप-10 में, मंधाना शीर्ष पर बरकरार



**दुबई, जेएनएन।** भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी-20 सीरीज में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गई है। उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गई। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा को गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे पायदान पर खिसक गई है। राधा यादव तीन पायदान के सुधार के साथ रैंकिंग में 15वें स्थान पर है।

## केएससीए टी-20 नीलामी में देवदत्त सबसे महंगे



**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी-20 से पहले हुई खिलाड़ियों की नीलामी में सर्वाधिक 13.20 लाख रुपए की बोली हासिल की। देवदत्त के लिए 11 से 27 अगस्त तक दर्शकों के बिना आयोजित होने वाली लीग के लिए हुबली टाइगर्स ने सबसे बड़ी बोली लगाई। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले अभिनव मनोहर और पूर्व भारतीय बल्लेबाज मनीष पांडे को दूसरी सबसे ऊंची बोली मिली, दोनों के लिए क्रमशः हुबली टाइगर्स और मैसूर वॉरियर्स ने एक समान 12.20 लाख रुपए खर्च किए। गेंदबाजों में शिवमोग्गा लायंस ने कर्नाटक के तेज गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा के लिए 10.80 लाख रुपए की बड़ी बोली लगाई, जबकि बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने तेज गेंदबाज विद्याधर पाटिल के लिए 8.30 लाख रुपए खर्च किए। शिवमोगा लायंस ने भारत ए के बल्लेबाज अनीश्वर गौतम को 8.20 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा, जबकि मैंगलोर ड्रैगन्स ने अनुभवी श्रेयस गोपाल के लिए 8.60 लाख रुपए की बोली लगाई।

## यूरोपीय दौरे पर भारत की लगातार दूसरी हार, करीबी मुकाबले में इंग्लैंड 3-2 से जीता

**एम्स्टेलवीन, जेएनएन।** भारत-ए पुरुष हॉकी टीम को अपने यूरोपीय दौरे पर नीदरलैंड के एम्स्टेलवीन में इंग्लैंड से 2-3 से करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। यूरोपीय दौरे पर यह भारत की लगातार दूसरी हार है। वैगनर स्टेडियम में भारत-ए के लिए युवा भारतीय फॉरवर्ड मनिंदर सिंह और उत्तम सिंह के गोल करने के बावजूद, टीम एक करीबी मुकाबले के बाद दुनिया की पाँचवीं नंबर की टीम इंग्लैंड से मैच हार गई। मैच के बाद भारत-ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि इस दौरे पर शुरुआत में हमें तीन अच्छी जीत मिलीं और अब दो बेहद करीबी हार। हमें पता था कि जैसे-जैसे दौरा आगे बढ़ेगा, हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और टीमों का सामना करना पड़ेगा। अब हम हर मैच को उसके आने वाले पलों के हिसाब से ले रहे हैं और आगे बढ़ते हुए उससे सीख रहे हैं। हमारे पास अभी भी दो बेहतरीन टीमों के खिलाफ तीन मैच बाकी हैं और अब हम उन मैचों के लिए उत्सुक हैं। भारत-ए पुरुष हॉकी टीम अब गुरुवार को बेल्जियम टीम के खिलाफ खेलने के लिए एंटवर्पेन रवाना होगी। इसके बाद वे 18 जुलाई और 20 जुलाई को नीदरलैंड के खिलाफ अपने अंतिम दो मैचों के लिए आइंडहोवन जाएंगे और उसके बाद भारत वापस लौटेंगे।




## लॉस एंजिल्स ओलंपिक में 12 जुलाई से टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट, पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें खेलेंगी

### सभी मैच फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में होंगे, पदक के मैच 20 और 29 जुलाई को

**लॉस एंजिल्स, जेएनएन।** लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी-20 में भाग लेंगे। ज्यादातर दिनों पर डबल हेडर मुकाबले होंगे, जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। मैच लोकल समयानुसार सुबह 9 बजे और शाम 6.30 बजे शुरू होंगे। पदक मैचों के लिए भी यही समय है। पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने क्रिकेट, बेसबॉल/ सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वाश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने को मंजूरी दी थी। लॉस एंजिलिस की मेयर करेन बास ने कहा, जब दुनिया इन खेलों के लिए यहां आएगी, तो हम सभी के लिए खेलों की मेजबानी करते हुए हर इलाके को उजागर करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि यह एक यादगार विरासत छोड़े। हम उस विरासत को पहले ही पूरा कर रहे हैं, क्योंकि हम घोषणा करते हैं कि PlayLA में दस लाख से ज्यादा नामांकन हो चुके हैं।



■ ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था।

### कलेक्टर ने सुनी 127 आवेदकों की समस्यायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 127 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर प्रभारी अपर कलेक्टर सुधीर बेक एवं डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आज तहसील मझगवां में

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ के कल्याणार्थ जानकारी देने तथा उनकी समस्याये सुनने के लिये 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे तहसील मझगवां में उपस्थित रहेगें। जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# शातिर बाइक चोर गिरफ्तार दो बाइक बरामद





## मैहर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही को दिया अंजाम

**जागरण सतना**

शातिर बाइक चोर के कब्जे से पुलिस ने दो बाइक जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर टीआई अनिमेश द्विवेदी द्वारा की गई है।

### ये है घटना

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति महाकाल ढाबा के पीछे सरला नगर रोड पर चोरी की मोटर साइकल लिये हुये बेचने के फिराक में है। पुलिस ने संदेही को घेराबंदी कर पकड़ लिया। संदेही ने पूछताछ में देवीजी मेला क्षेत्र एवं पटेल पैलेस मैहर से मोटर सायकल चोरी करना देवी जी मैहर से चोरी की गयी प्लैटिना मोटर सायकल को ढाबा के पास छुपाकर रखना एवं पटेल पैलेस मैहर के पास चोरी की गयी अपाचे मोटर सायकल को बिक्री करने हेतु अमरपाटन तरफ ले जाते समय पुलिस व्दारा पकडना बताया गया। आरोपी सुरेंद शर्मा उर्फ ऊदल के विरूद्ध पुलिस ने अपराध दर्ज कर दो बाइक जप्त की है। जिनमें से बाइक क्रमांक एमपी 19 जेड बी 6366 कीमती 30 हजार और अपाची बाइक क्रमांक एमपी 19एनएफ 0214 कीमती 50 हजार सहित कुल 80 हजार रूपये कीमत की बाइक जप्त की गई है।

# संचार संकर्म समित की बैठक से नदारत रहे चार विभागों के अधिकारी



**जागरण सतना।** मंगलवार को जिला पंचायत में सभापति ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई संचार संकर्म समिति की बैठक के दौरान चार विभागो के अधिकारी नदारत रहे। जिनको लेकर सदन में नाराजगी व्यक्त की गई और आगामी बैठक में पूरी जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये है। बताया जाता है कि अनुपस्थित रहने वाले इन विभागो की कोई जानकारी भी प्रस्तुत नही की गई। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत में विगत 6 महीने से नियमित रूप से बैठक आयोजित नही होने के कारण समय-समय पर चर्चा में विलम्ब हो रहा है। विगत दिनो अव्यवस्थाओ को लेकर सत्ता पक्ष के ही 9 सदस्यो ने मोर्चा खोल दिया था। लेकिन कलेक्टर की मध्यस्थता और समन्वय बैठक के जरिये मामला शांत कर दिया गया। हालांकि दो घंटे से अधिक समय तक चली यह बैठक बे नतीजा ही रही।

### ये विभाग रहे अनुपस्थित

बताया जाता है कि संचार संकर्म समिति की बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग , स्वास्थ्य विभाग , जल निगम जिला पंचायत , से न तो कोई जानकारी उपलब्ध कराई गई और न ही कोई अधिकारी ही उपस्थित रहे। जबकि आरईएस , प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक व पीएचई विभाग के अधिकारी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहे। बताया जाता है कि जिला पंचायत में आयोजित हुई संचार संकर्म समिति की बैठक के दौरान सदस्यो के प्रतिनिधियो ने व्यवधान पैदा किया। इस दौरान सदस्य श्रीमती जान्वी यादव एवं श्रीमती सावित्री त्रिपाठी के प्रतिनिधि बैठक में जा पहुचे। सूत्र बताते है कि इनके द्वारा अन्य विषय बार-बार रखे जा रहे थे। बैठक के दौरान सभापति ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू सुभाष बुनकर जयंती तिवारी महेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

### आरईएस विभाग के कर्मचारी ने लिखी कार्यवाही

बताया जाता है कि 3 साल की अवधि के दौरान मंगलवार को पहला अवसर ऐसा आया जब बैठक के दौरान हुई चर्चा की कार्यवाही को रजिस्टर में लिखा गया। इसके लिए स्थायी समिति के सचिव द्वारा अपने विभाग से कार्यवाही लिखने के लिए एक कर्मचारी को बैठाया गया था।

## स्व. शंकर प्रसाद ताम्रकार का आदर्श जीवन समाज के लिए समर्पित रहा-राजेन्द्र शुक्ल



**जागरण सतना।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि समाजसेवी स्व. शंकर प्रसाद ताम्रकार जी का आदर्श जीवन समाज के लिए समर्पित रहा है। ऐसे व्यक्तियों का स्मरण आने वाले पीढी को आदर्श जीवन जीने की शिक्षा भी देता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल मंगलवार को सतना में स्व. शंकर प्रसाद ताम्रकार की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित व्याख्यान माला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेन्द्र कुल श्रेष्ठ ने व्याख्यान माला में अपने भावपूर्ण उद्गार व्यक्त किये। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, नागेन्द्र सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कुलगुरू चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रो. भरत मिश्रा, समाजसेवी श्रीकृष्ण माहेश्वरी, स्टार ग्रुप के चेयर मैन रमेश सिंह, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन सहित गणमान्य नागरिक एवं बडी संख्या में स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संस्कार विहीन शिक्षा वरदान नहीं बल्कि अभिशाप होती है। संस्कार से भरी हुई शिक्षा से किया गया व्यक्ति का निर्माण देश के लिए वरदान साबित होता है। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि परिवार में वरिष्ठजन हमारी सबसे बडी पूंजी होते हैं। और जिन लोगों को परिवार के वरिष्ठजनों का साथ लम्बे समय तक प्राप्त होता है। वह अत्यंत सौभाग्यशाली होता है। उसी परंपरा को स्व. शंकर प्रसाद ताम्रकार के सुपुत्र महापौर योगेश ताम्रकार समाज सेवा को प्रमुखता देकर आगे बढा रहे हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि यही आदर्श और संस्कार भारत भूमि की मूल पूंजी रही है। राज्यमंत्री ने कहा कि आगामी पीढी को आदर्शों की प्रेरणा देने के लिए स्व. शंकर प्रसाद ताम्रकार के नाम पर किसी संस्थान का नामकरण सतना में किया जाना चाहिए। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि उन्हें स्व. शंकर प्रसाद ताम्रकार के सानिध्य में आने का अवसर सन 1990 के दशक में प्राप्त हुआ। उनसे नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन को सीखने और चित्रकूट में नानाजी देशमुख से मिलने का अवसर भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में महापौर और पदमा शंकर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी योगेश ताम्रकार ने स्व. शंकर प्रसाद ताम्रकार के जीवन परिचय तथा ट्रस्ट के समाजसेवी कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### श्रावण महोत्सव में मौसमी गीतों की बौछार

**जागरण सतना।** श्रावण सोमवार के शुभ पावन अवसर पर प्रांतीय जागरूकता संस्थान एवं एक कदम और सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रावण महोत्सव का आयोजन शिव हनुमान मंदिर मास्टर प्लान सतना में दिनांक 14 जुलाई को संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ वरिस्ठ समाजसेवी वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद अमित अवस्थी सन्नू ने भगवान शिव की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया है उक्त श्रावण महोत्सव का संगीतमयी शुभारंभ ख्यातिलब्ध कलाकार पंडित विनोद मिश्रा द्वारा प्रस्तुत शिव वंदना से समूचे परिसर का वातावरण भक्तिमय हो गया रामानंद त्रिपाठी की तबला संगत वादन के साथ विनोद मिश्रा द्वारा एक से एक शास्त्री लहजो पर आधारित दिव्य भजनों की प्रस्तुति की गई जो श्रोताओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही तथा सतना के जानेमाने कलाकार श्रीकांत पांडे द्वारा श्री राम का गुणगान की अत्यंत मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

# रेलवे स्टेशन की अव्यवस्था का किया गया भौतिक सत्यापन



**जागरण सतना।** रेलवे स्टेशन में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर सतना से संबंधित क्षेत्रीय और मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्यों ने स्टेशन अधीक्षक सहित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया और कहा कि रेलवे स्टेशन हमारे शहर का दर्पण है और इसे स्वच्छ और सुविधा जनक रखने के लिये कोई कोताही नहीं बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके एक दिन पहले चेंबर कार्यालय में सदस्यों ने बैठक कर विषयों को चिन्हित भी किया था। बैठक में रेलवे की ओर से बताया गया कि यहां प्रतिदिन 25000 रेल यात्री रेलवे स्टेशन का उपयोग करते हैं और जबलपुर के साथ सतना को समान श्रैणी में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि इस स्टेशन के उन्नयन का काम भी आरंभ हो गया है और इस कार्य की निगरानी स्वयं सांसद गणेश सिंह द्वारा नियमित रूप से की जा रही है।

### ड्राप एण्ड गो से पेड पार्किंग दूर हो

बैठक में रेलवे स्टेशन में पार्किंग का ठेका रद्द होने के बाद नये ठेकेदार की नियुक्ति न होने के कारण हो रही वाहन चोरी की घटना पर चिंता प्रकट की गई। रेलवे की ओर से बताया गया कि 22 जून 2025 से ठेकेदार ने काम छोड़ दिया है और नये अनुबंध की प्रक्रिया जारी है। बैठक में कहा गया कि किसी भी हालत में ड्राप एण्ड गो में पेड पार्किंग को स्थान नहीं दिया जाय ताकि रेल यात्री अपने वाहन से मुख्य द्वार तक आ सके और गेट नंबर 2 में आटो की भीड़ वहां से हटाई जाय। सभी वाहन चिन्हित स्थानों पर ही पार्क होना सुनिश्चित किया जाए। रेलवे स्टेशन में कुली के प्रमुख का मोबाइल नंबर और दरें मुख्य स्थान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये गये। रेलवे स्टेशन और रेलवे परिसर में सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई गई जिस पर रेलवे द्वारा बताया गया कि पूरे 24 घंटे में मात्र 20 सफाई कर्मी की व्यवस्था है और यह व्यवस्था 4.80 लाख रुपये में है। सदस्यों ने इसे अपर्याप्त बताया और उच्च अधिकारियों से सफाई कर्मी संख्या बढ़ाने हेतु कहा गया। कोच गाइडेंस सिस्टम में ग़लत जानकारी देने पर हो रही अव्यवस्था पर निर्देश दिए गए कि गाड़ियों के आगवन के 15 मिनट पूर्व मैनुअल एनाउंसमेंट करके यह जानकारी दी जाये।

### ट्रेन में खिलौने बेचने का अधिकृत ठेका

अवैध वेंडर की धमाचौकड़ी पर एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई कि रेलवे ने अधिकृत रूप से ट्रेन में खिलौने बेचने के लिये कटनी की ओर 15 लाख और मानिकपुर की ओर 30 लाख रुपये में ठेका दिया है जबकि ये लोग खिलौना की बजाय गुटखा आदि बेचते हैं और इनकी संख्या अनियंत्रित है। यह भी बताया गया कि अवैध वेंडर का जुर्माना तो किया जाता है पर वह इतना कम है कि वे पुनः सक्रिय हो जाते हैं। भिखारियों के स्टेशन परिसर में प्रवेश पर भी संबंधित अधिकारी जबाब नहीं दे सके। बैठक में नलों में पानी न आने की शिकायत का भौतिक सत्यापन कराया गया और कहा गया कि पेड वाटर के साथ नलों में भी पर्याप्त पानी की सप्लाई सुनिश्चित करें।

### सीमेंट फैक्ट्री में कैमा की ओर से हो रैक परिचालन

बैठक में रेलवे परिसर में वृहद वृक्षारोपण करने मारुति नगर रेल क्रासिंग में सुरक्षा व्यवस्था करते हुए वहां भविष्य में कैमा से सीमेंट फैक्ट्री तक रैक परिचालन करने पश्चिम प्रवेश द्वार पर गिरे पेड़ को हटवाने और प्लेटफार्म में रिपेयरिंग कराने के निर्देश भी दिये गये। सदस्यों ने कहा कि सभी विषयों को उच्च अधिकारियों को भी भेजा जायेगा और ऐसे निरीक्षण नियमित रूप से होंगे। इस अवसर पर संसदीय सचिव उमेश प्रताप सिंह ,विंध्य चेम्बर आंफ कामर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, पूर्व अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, रवीन्द्र सिंह सेठी, अशोक गुप्ता, कन्हैया लाल पोहानी, सोमचंद ताम्रकार, केशव बंसल सहित स्टेशन अधीक्षक मतीन अहमद, वाणिज्य प्रबंधक अवध गोपाल मिश्रा, आर पी एफ, जी आर पी प्रभारी, मैकेनिकल, इंजीनियरिंग, परिचालन, पार्सल खाद्य,सफाई विभाग के सभी रेल अधिकारी उपस्थित थे।

## धरती आबा अभियान जनजातीय समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास : राज्यमंत्री



**जागरण सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत धरती आबा उन्नत ग्राम जन भागीदारी अभियान जनजातीय समुदाय के व्यक्तियों को मुख्य धारा से जोडने का प्रयास है। केन्द्र और राज्य सरकार जन-मन कार्यक्रम के माध्यम से एक-एक आदिवासी परिवार तक पहुंचकर उनका जीवन बदलने का प्रयास कर रही है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी मंगलवार को धरती आबा उन्नत ग्राम जन भागीदारी अभियान के जनपद पंचायत सभागार मझगवां में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद सतना श्री गणेश सिंह ने कहा कि विकसित भारत तभी बनेगा जब आखिरी पंक्ति में खडा हुए व्यक्ति इस कार्य में बराबर का हिस्सेदार बनेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने का माध्यम है। इस मौके पर विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, सरपंच मझगवां सम्पतिया बाई आरख, रामऔतार दद्दा, प्रबल श्रीवास्तव, निरंजन जायसवाल, जिला संयोजक डॉ. अरूण शुक्ला, एसडीएम एपी द्विवेदी, डीपीओ राजीव सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बुलट बाइक से गांजा तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

**जागरण सतना।** अवैध रूप से गांजा की बिक्री करने वाले एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को अमरपाटन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एसपी मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर उपनिरीक्षक सुशील तिवारी द्वारा की गई है। कार्यवाही में पुलिस ने दो लाख रूपये कीमत की बुलट क्रमांक एमपी 19 जेडएन 7305 एवं 20 हजार रूपये कीमत का गांजा व 10 हजार रूपये के दो नग एनड्राईड फोन जप्त किये है। पुलिस ने आरोपी सौरभ पटेल पिता राजेश पटेल निवासी जरियारी और एक नाबालिक को पकड़ा है।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः– मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com